गुरुवार, 9 जनवरी 2025

**मौसम**

तापमान 24 - 12
आर्द्रता 72%
सूर्योदय: 6:19 सूर्यास्त: 17:09

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : मन से अहंकार निकल जाये तो जीवन जीने का मजा आ जाता है।



इस देश का हर नागरिक एक सैनिक के समान: वायुसेना प्रमुख -पृष्ठ 7

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# बंगाल हर क्षेत्र में अग्रणी, कमजोर करने के प्रयास सफल नहीं होंगे : ममता

## कहा : 'बंगाल के बेटे और बेटियां दुनिया और देश के हर अग्रणी संस्थान में काम कर रहे'



**कोलकाता :** बंगाल को शिक्षा, संस्कृति, खेल से लेकर हर क्षेत्र में अग्रणी बताते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य के लोग जानते हैं कि इस प्रमुख स्थान और विरासत को कमजोर करने वाले किसी भी खतरे का मुकाबला कैसे किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल की संतोष ट्राफी टीम के सभी सदस्यों को विशेष कोटे के तहत जूनियर अधिकारी रैंक में राज्य पुलिस बल में भर्ती किया जाएगा। बंगाल की टीम ने इस वर्ष भी फुटबाल की अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप जीती है। कोलकाता के धनधान्य आडिटोरियम में आयोजित छात्र सप्ताह कार्यक्रम में ममता ने महान समाज सुधारक राममोहन राय और ईश्वरचंद्र विद्यासागर का उदाहरण देते हुए कहा कि बंगाल ने सती प्रथा और विधवाओं के शोषण जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के साथ ही महिला शिक्षा की शुरुआत करने का मार्ग दिखाया। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि कैसे नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवींद्रनाथ टैगोर और कवि काजी नजरूल इस्लाम ने अपनी कविताओं और गीतों के माध्यम से भाईचारे, देशभक्ति, सौहार्द और मातृभूमि के प्रति प्रेम का संदेश फैलाया ताकि लोगों को एकजुट किया जा सके। उन्होंने कहा कि अब अगर कोई राज्य की उस भावना, उस गौरवशाली विरासत को कमजोर करने की धमकी देता है, तो उसको रोकें, उसका मुकाबला करें।

ममता ने कहा कि बंगाल के बेटे और बेटियां दुनिया और देश के हर अग्रणी संस्थान और संगठन में काम कर रहे हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में राज्य की विशिष्ट स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हार्वर्ड विश्वविद्यालय से जुड़े नोबेले विजतेता अर्थशास्त्री अमत्र्य सेन और इतिहासकार प्रोफेसर सुगत बोस के अलावा, कई बंगाली शिक्षाविद दुनिया भर में अपनी उपलब्धियों और योगदान से भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद सैकड़ों छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने उनसे विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम की पेशकश करने वाले राज्य के अग्रणी उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए कहा। ममता ने याद किया कि 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के दौरान, उन्होंने राज्य के मेडिकल छात्रों के नामांकन की सुविधा प्रदान की थी, जिन्हें मेडिकल कॉलेजों में अपने पाठ्यक्रमों के बीच में ही स्वदेश वापस लौटना पड़ा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि आप (छात्र) यहां के संस्थानों में दाखिला लेते हैं, तो आपको ऐसी परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल कई औद्योगिक घरानों का गंतव्य बन गया है और यहां के संस्थानों से स्नातक करने वाले छात्रों के लिए रोजगार की बहुत संभावनाएं हैं।

### उत्कर्ष बांग्ला के तहत 10 लाख नई नौकरियां पैदा की गई

ममता ने कहा कि 2011 से अब तक 500 आइटीआइ और अन्य संस्थान स्थापित किए गए हैं, जबकि उनकी सरकार की उत्कर्ष बांग्ला पहल के तहत 47 लाख छात्रों को खुद को कुशल बनाने के लिए प्रशिक्षण मिला है। उन्होंने कहा कि कई लाख और छात्रों को कौशल प्रदान किया जाएगा और प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उत्कर्ष बांग्ला के तहत 10 लाख नई नौकरियां भी पैदा की गई हैं।

### बंगाल खेलों में अग्रणी

ममता ने कहा कि संतोष ट्राफी की जीत ने दिखा दिया कि बंगाल खेलों में अग्रणी है। हमारी टेबल टेनिस अकादमी के खिलाड़ी यह सुनिश्चित करेंगे कि हम एक दिन ओलिंपिक में देश के लिए पदक लाएं।

## तिरुपति भगदड़ : वैकुंठ द्वार दर्शनम का टिकट पाने की कोशिश कर रहे छह श्रद्धालुओं की भगदड़ में मौत



**तिरुपति (आंध्र प्रदेश) :** तिरुमला स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में बुधवार रात भगदड़ मचने से कम से कम छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह भगदड़ उस समय मची, जब वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए सैकड़ों लोग टिकट पाने की कोशिश कर रहे थे। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अध्यक्ष बी आर नायडू ने बताया कि एक शव की पहचान कर ली गई है। बी आर नायडू ने एक स्थानीय समाचार चैनल से कहा, ''एक डीएसपी (पुलिस उपाधीक्षक) ने गेट खोले...और तुरंत ही सभी लोग आगे बढ़ने लगे, जिससे भगदड़ मच गई और खबरें आ रही हैं कि छह लोगों की मौत हो गई है।'' देश भर से सैकड़ों श्रद्धालु 10 जनवरी से शुरू होने वाले 10 दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए यहां आए हैं।

अब समय हैं आंध्र प्रदेश नयी भविष्योन्मुखी प्रौंद्योगिकी का केंद्र बने: प्रधानमंत्री मोदी (पृष्ठ 7)

# महाकुम्भ से दो लाख करोड़ रुपये तक की आय का अनुमान: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि इस महाकुम्भ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिससे प्रदेश में दो लाख करोड़ रुपये तक की आर्थिक वृद्धि होने की उम्मीद है। आदित्यनाथ ने यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में भारत अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व कर रहा है। उन्होंने कहा, ''महाकुम्भ भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का परिचायक है। यह आयोजन देश और दुनिया के लोगों को अपनी प्राचीन परंपराओं पर गर्व करने और अपनी सांस्कृतिक जड़ों को समझने का अवसर प्रदान करता है।'' आदित्यनाथ ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था को प्रोत्साहित करना है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन भी प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें संतों के सानिध्य में इस आयोजन को सफल और सुविध-ाजनक बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि इस बार का महाकुम्भ एक भव्य, दिव्य और डिजिटल आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डिजिटल टूरिस्ट मैप, कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े सुरक्षा तंत्र और स्मार्टफोन के माध्यम से शौचालयों की स्वच्छता का आकलन करने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालु जब प्रदेश में आते हैं, तो परिवहन, आवास, भोजन और अन्य सेवाओं पर खर्च करते हैं, जिससे स्थानीय व्यवसाय और रोजगार को बढ़ावा मिलता है।



## महाकुम्भ के लिए बनी पार्किंग में 5.5 लाख गाड़ियां खड़ी करने की व्यवस्था

महाकुम्भ मेले के लिए बने पार्किंग स्थल में 5.5 लाख वाहन खड़ा करने की सुविधा है। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने यह जानकारी दी। भास्कर ने संवाददाताओं को बताया कि महाकुम्भ के लिए व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन सभी पार्किंग स्थलों पर 'वेंडिंग जोन' बनाए गए हैं जहां खाने पीने की सुविधा होगी। साथ ही वहां मेडिकल, शौचालय और आराम करने की सुविधा होगी। एडीजी ने बताया कि मेले के लिए 24 सैटेलाइट पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इसके अलावा आपातकालीन वाहनों के लिए 'ग्रीन कॉरिडोर' बनाए गए हैं जिनका उपयोग किसी भी आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस, पुलिस बल के वाहनों को लाने, ले जाने के लिए किया जाएगा।

## महाकुंभ में स्नान के लिए 12 किलोमीटर का घाट तैयार

महाकुंभ मेले में स्नान के लिए 12 किलोमीटर के क्षेत्र में घाटों का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयागराज दौरे से पहले सभी घाटों पर रोशनी की व्यवस्था की गई और सीढ़ियां तैयार की जा रहीं हैं तथा वस्त्र बदलने के लिए कक्ष बनाए गए हैं। उप्र मेला अधिकारी अभिनव पाठक ने बताया कि 12 किलोमीटर के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था और घाटों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि संगम क्षेत्र के प्रमुख घाटों को नए सिरे से विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ के दौरान गंगा और यमुना के किनारे सात पक्के घाट बनाए गए हैं। इनमें दारागंज में गंगा नदी के किनारे बने 110 मीटर लंबे और 95 मीटर चौड़े दशाश्वमेध घाट पर 'सीटिंग प्लाजा' (बैठने की व्यवस्था), 'चेंजिंग केबिन' (वस्त्र बदलने के लिए कक्ष), पार्किंग, यज्ञशाला, आरती स्थल और ध्यान केंद्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पाठक ने बताया कि इसी तरह, यमुना नदी के तट पर बने किला घाट को स्नानार्थियों की भारी भीड़ को संभालने के लिए तैयार किया जा रहा है। वहीं, यमुना नदी पर स्थित सरस्वती घाट स्नान और अन्य गतिविधियों के लिए उपयोगी होगा।

# जम्मू श्रीनगर को जोड़ने वाली रेल परियोजना पूरी: वैष्णव



**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को घोषणा की कि जम्मू और श्रीनगर को रेललिंक से जोड़ने वाली परियोजना पूरी हो गयी है और रेल संरक्षा आयुक्त का प्रमाणपत्र मिलने के बाद शीघ्र ही जम्मू कश्मीर की शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन राजधानियों के बीच ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी। वैष्णव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, आज का दिन ऐतहासिक है। जम्मू कश्मीर में श्रीनगर एवं जम्मू को रेललिंक से जोड़ने वाली परियोजना पूरी हो गयी है। अंतिम वैधानिक परीक्षण आज पूरा हो गया है। जम्मू कश्मीर के निवासियों के लिए एक बहुत अच्छी परिवहन व्यवस्था बन कर तैयार है। रेल संरक्षा आयुक्त का प्रमाणपत्र मिलने के बाद दोनों शहरों के बीच ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी। वैष्णव ने कहा कि फिलहाल श्रीनगर से श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा के बीच विशेष रूप से पर्वतीय जलवायु के हिसाब से विकसित वंदे भारत एक्सप्रेस चलायी जाएगी जिसे अगस्त में जम्मू स्टेशन के विकास के बाद जम्मू तक शुरू किया जाएगा।

## अलीगढ़ की जामा मस्जिद के प्राचीन मंदिरों के स्थान पर बने होने का दावा, याचिका दायर

**अलीगढ़ (उप्र) :** अलीगढ़ के एक आरटीआई कार्यकर्ता ने दिवानी अदालत में याचिका दायर की है और आरोप लगाया है कि यहां जामा मस्जिद का निर्माण बौद्ध, जैन और हिंदू परंपराओं से संबंधित प्राचीन मंदिरों के स्थान पर किया गया है। यह दावा अलीगढ़ नगर निगम सहित विभिन्न सरकारी विभागों से सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत आ-वेदनों पर मिली सूचना पर पर आधारित है। याचिका दायर करने वाले कार्यकर्ता पंडित केशव देव गौतम ने पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया कि दिवानी अदालत के न्यायाधीश गजेंद्र सिंह ने छह जनवरी को आदेश दिया था कि मामले की सुनवाई 15 फरवरी को होगी। उन्होंने दावा किया, ''मैं जामा मस्जिद के बारे में कई सरकारी विभागों में प्रश्न दायर करता रहा हूं, जो ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार 18वीं शताब्दी की शुरुआत में बनाई गई थी।'' उन्होंने कहा कि मस्जिद पुराने शहर में घनी आबादी वाले मुस्लिम बहुल इलाके अपर कोट में स्थित है। गौतम का दावा है कि अलीगढ़ नगर निगम की ओर से आरटीआई के जवाब में बताया गया है कि मस्जिद सरकारी मंजूरी के बिना सार्वजनिक भूमि पर बनाई गई थी।

## जौनपुर नागरिक संघ (कोलकाता)

123, कॉटन स्ट्रीट, कोलकाता-700 007

**श्री गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर-2025**

**समय : 2 बजे**

स्थान : आउट्राम घाट (बाबूघाट के पास) मोहनबगान क्लब के पीछे

सेवा कार्य :

**9 जनवरी (गुरुवार) से 16 जनवरी (गुरुवार) 2025 तक**

जौनपुर नागरिक संघ सामाजिक सेवा कार्यों में एक अग्रणी संस्था है। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर दूर-दूर से आए हुए तीर्थ यात्रियों के सेवार्थ संघ द्वारा एक विशाल सेवा-शिविर का आयोजन किया गया है। संघ द्वारा निःशुल्क आवास, भोजन, चाय, नाश्ता एवं प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था की गयी है।

गरिमामयी उपस्थिति : जनाब फिरहाद हाकिम मेयर एवं परिवहन मंत्री, प. बंगाल सरकार
कार्यक्रम अध्यक्ष : श्री रामभुआल तिवारी चेयरमैन, जौनपुर नागरिक संघ
उद्‌घाटनकर्ता : श्रीमती रीता-मुरारी मुरारका धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
दीप प्रज्ज्वलन : श्री पप्पू सिंह धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
मुख्य वक्ता : श्री संजय उपाध्याय धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
मुख्य अतिथि : श्री लक्ष्मीकांत तिवारी धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
: श्री तारकनाथ त्रिवेदी अध्यक्ष गंगासागर सेवा शिविर
: श्री शैलेन्द्र सिंह सुप्रसिद्ध उद्‌योगपति एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
: श्री पंकज भड़ेच धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
: श्री सुधीर पाटोदिया धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
: आचार्य माताशंकर पाण्डेय वास्तुविद एवं ज्योतिषाचार्य
: श्री शिव सहाय मिश्र धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
: श्री रामेश्वर साव अध्यक्ष ह. भारतीय साहू समाज
: श्री शिव कुमार विश्वकर्मा धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
: श्री शिव शंकर सिंह धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
: श्री शम्भूनाथ जायसवाल धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
: श्री रामप्रवेश चौबे धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
: श्री चयन साहा धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
: श्री ताड़क जायसवाल धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
: श्री महेन्द्र जायसवाल धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
: श्री विजय शंकर दूबे धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
: श्री राजेश यादव धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
: श्री दिलीप गुप्ता धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी

मंगलाचरण : मास्टर आराध्य मिश्र, मास्टर आयुष मिश्र
मंच संचालन : सुरेन्द्र दूबे, सुभाष तिवारी
शिविर परिदर्शक : मनोज तिवारी, हरीश तिवारी, अशोक तिवारी, तरुण मिश्र
विशेष उपस्थिति : सुरेन्द्र कुमार मिश्र, रामनरेश जायसवाल, दिलीप गुप्ता
स्वगताध्यक्ष : राजेश उपाध्याय, शिव शंकर गुप्ता

वक्ता : श्री विजय उपाध्याय पार्षद, श्री संतोष पाठक पार्षद, श्री राजेश सिन्हा पार्षद श्री संजय सिंह पूर्व पार्षद, श्री महेश शर्मा पार्षद, श्री अनवर खान पार्षद

शिविर प्रबंधक : नरेन्द्र तिवारी, राधेश्याम तिवारी, अशोक शर्मा, शैलेष दूबे, मोहन मिश्र, राजकुमार गुप्ता, सुशील सिंह, आनन्द कुमार पाण्डेय, रामनाथ चौबे


**निवेदक :**

| संयोजक : | कोषाध्यक्ष : | सचिव : | अध्यक्ष : |
|---|---|---|---|
| अशोक यादव | रामजी मिश्र | कमलाशंकर शर्मा | लालमणि मिश्र |

## रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट

**डॉ संतोष कुमार कोलकाता** के जानेमाने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हैं। इनके पास पिछले 17 वर्षों में 10 हजार से ज्यादा सर्जरी का अनुभव है। यह संतोषकुमार हिप एवं नी फाउंडेशन के प्रमुख हैं। इसके साथ ही वे मोमेंटम ऑर्थोकेयर और कोलकाता के बेले व्यू क्लिनिक में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक हैं।
डॉ संतोष कुमार कोलकाता के जानेमाने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हैं। इनके पास पिछले 17 वर्षों में 10 हजार से ज्यादा सर्जरी का अनुभव है। यह संतोषकुमार हिप एवं नी फाउंडेशन के प्रमुख हैं। इसके साथ ही वे मोमेंटम ऑर्थोकेयर और कोलकाता के बेले व्यू क्लिनिक में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक हैं।

इनका पूर्वी भारत में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आर्थोपेडिक उपचारों को लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने साल 2013 में, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑर्थोपायलट नेविगेशन प्रणाली की शुरुआत की थी। और आज पूरे पूर्वी भारत के लिए कोलकाता ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए केंद्र बन गया है। उन्होंने अब इस क्षेत्र में घुटनों की रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए दुनिया का पहला पूरी तरह से सक्रिय और स्वचालित रोबोट पेश किया है।




### हमें रोबोट की आवश्यकता क्यों है?

हम जानते हैं कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट महत्वपूर्ण सर्जरी है। इम्प्लांट के लिए सटीकता आवश्यक है। इंसानों की आंखें सटीक रूप से एक या दो एमएम से कम के बिंदुओं को अलग नहीं कर सकती है, लेकिन यह रोबोट उप-मिलिमीटर सटीकता पर काम करता है। यह सर्जरी के लिए योजना और अनुकूलन बनाने के लिए मदद करता है। इसके द्वारा सर्जरी से पहले ही प्रत्यारोपण के आकार और स्थिति पता की जा सकती है।

### रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट के लाभ:

1. यह इम्प्लांट का सही संरेखण और प्लेसमेंट देता है।
2. यह उप मिलिमीटर सटीकता के साथ सबसे अच्छा फिट देता है।
3. इसके कारण दर्द भी कम होता है।
4. बेहतर संरेखण इम्प्लांट के प्रदर्शन और उत्तरजीविता को बढ़ाता है।

रोबोट सर्जन का सहायक होता है, सर्जन नहीं। इस बात को लेकर लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। सर्जिकल विशेषज्ञता और सर्जन का अनुभव बहुत ही महत्वपूर्ण है।

**रोबोट के दो प्रकार हैं:** सक्रिय और निष्क्रिय। क्यूविस एक सक्रिय और स्वचालित रोबोट है।




**MOMENTUM ORTHOCARE**

Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089. For more details Contact: 62922 50842, 98319 11584, 98312 66632.
E mail: santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org www.momentumorthocare.com

## वंचित वर्ग में डिजिटल डिवाइड की चुनौती

विकास और प्रगति के तमाम दावों के बीच यदि देश के करीब आधे स्कूल कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा से वंचित हों, स्कूल बढ़ रहे हों और दाखिले कम हो रहे हों, साथ ही विद्यार्थियों का बीच में पढ़ाई छोड़ने का आंकड़ा बढ़ रहा हो, तो इसे एक बड़ी चुनौती माना जाना चाहिए। निस्संदेह, आर्थिक विकास हमारी प्राथमिकता होता है, लेकिन यदि बुनियादी शिक्षा तमाम विसंगतियों से जूझ रही हो तो विकास की सार्थकता पर सवाल उठेंगे। सवाल खासकर वंचित समाज के बच्चों का है, जिनका बड़ा संघर्ष जीवन-यापन की प्राथमिकताओं से जुड़ा है। स्वतंत्र भारत में शैक्षिक सुधार के जो प्रयास हुए,उनका लाभ वंचित समाज को काफी अधिक हुआ है। दरअसल, सरकारी स्कूल समाज के कमजोर वर्ग की आशा के केंद्र रहे हैं। यदि आज इन समाजों के बच्चे ही शिक्षा से दूर हो रहे हैं, तो तंत्र की जवाबदेही तय होनी चाहिए। आज भी लाखों बच्चे शिक्षा पाने से वंचित हैं। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली की रिपोर्ट में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे खासे चौंकाने वाले हैं। समीक्ष्य वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट बताती है कि इससे पहले साल के मुकाबले स्कूल में दाखिलों में 37.5 लाख की कमी आई है। जहां वर्ष 2022-23 में स्कूलों में 25.17 करोड़ विद्यार्थी दर्ज थे, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर 24.80 करोड़ हो गई है। यह आंकड़ा प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्तर का है। वहीं समीक्ष्य अवधि में बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। जिनमें छात्राएं, वंचित व कमजोर वर्ग के बच्चे अधिक हैं। ऐसे में मंथन की जरूरत है कि शिक्षा को बढ़ावा देने के तमाम प्रयासों, नई शिक्षा नीति लागू होने, अधिक स्कूल खुलने के बावजूद छात्रों के दाखिले में कमी क्यों आ रही है। सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत के अंतर को संबोधित करने की जरूरत है। ताकि नये दाखिलों को प्रोत्साहन मिले और छात्र भी बीच में स्कूल न छोड़ें।

दरअसल, जरूरत इस बात की भी कि जहां एक ओर स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे, वहीं स्कूलों में दाखिले को लेकर छात्रों का आकर्षण भी बना रहना चाहिए। साथ ही शिक्षा को व्यावहारिक बनाने और समय के साथ कदमताल करने की जरूरत है। वहीं दूसरी शिक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट के यह तथ्य चिंता बढ़ाने वाले हैं कि अभी तक कुल 57 फीसदी स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा मौजूद है। वहीं दूसरी ओर 53 फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे दौर में जब ऑनलाइन पढ़ाई का खासा जोर है तो ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से कैसे मुकाबला कर पाएंगे? प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उनका क्या भविष्य होगा? विडंबना यह है कि वंचित समाज व कमजोर वर्ग के परिवारों में बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे भी हैं, जिनके पास न तो कंप्यूटर है और न ही स्मार्ट फोन। दरअसल, उनके परिवारों के जीवन यापन का संघर्ष इतना बड़ा है कि कंप्यूटर व स्मार्ट फोन उनकी प्राथमिकता नहीं बन सकते। चिंता की बात यह है कि निम्न मध्यवर्गीय लोग तो निजी स्कूलों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं, लेकिन कमजोर वर्ग के विद्यार्थी कहां जाएंगे? दरअसल, मौजूदा दौर में सिर्फ साक्षरता से खुश नहीं हुआ जा सकता, जरूरत गुणवत्ता की शिक्षा की भी है। ताकि स्कूल से निकलकर विद्यार्थी देश-दुनिया के साथ कदमताल कर सकें। मंथन इस बात को लेकर भी होना चाहिए कि क्यों लाखों बच्चे स्कूलों की दहलीज तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। आखिर क्यों छात्र स्कूल में दाखिला लेने के बाद पढ़ाई बीच में छोड़कर जा रहे हैं? शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा जब सामाजिक विसंगतियां दूर होंगी। यहां सवाल स्कूलों में शिक्षकों व छात्रों के अनुपात का भी है। यह ठीक है कि स्कूलों के भवनों के स्तर में सुधार हुआ है, स्कूलों में बिजली, पानी व जेंडर अनुकूल शौचालय बने हैं। लेकिन हमारी प्राथमिकता केवल स्कूलों में संरचनात्मक विकास ही नहीं होना चाहिए, बल्कि शैक्षिक वातावरण भी बच्चों की पढ़ाई के अनुकूल होना चाहिए।

# दिल्ली के चुनाव 'आप' के लिये परीक्षा की घड़ी



ललित गर्ग

देश का दिल कहे जाने वाली राजधानी दिल्ली में विधान-सभा चुनाव-2025 का बिगुल बज चुका है, कड़कड़ाती सर्दी में भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच राजनीतिक दंगल के आगाज के साथ राजनीतिक पारा भी चढ़ने लगा है। उम्मीद की जा रही है कि ठण्ड का पारा गिरने-चढ़ने का रिकॉर्ड बनाने वाली दिल्ली इस बार मतदान का नया रिकॉर्ड बनाने के साथ राजनीति उठापटक का भी नया इतिहास बनायेगी। दिल्ली में चुनावों के ऐलान के साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। एक दूसरे की कलई खोलने की कोशिशें हो रही हैं। 'आप' दिल्ली में हैट्रिक लगाने की तैयारी में है, तो भाजपा सत्ता विरोधी लहर, शीश महल, भ्रष्टाचार के आरोप को आधार बनाकर उसे रोकना चाहती है। कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को पाने की जद्दोजहद में जुटी है। सबसे दिलचस्प एवं रोमांचक इस चुनाव में देखना है दिल्ली की जनता किसके सर पर ताज पहनाती है?

चुनाव की घोषणा से पहले ही तीनों राजनीतिक दल आम मतदाता को लुभाने के लिये तरह-तरह की घोषणाएं करते हुए जनता से मुखातिब हो रहे हैं, जनता के बीच जा रहे हैं, सभाएं कर रहे हैं, यात्रा निकाल रहे हैं। 'आप' तमाम तरह की संकट एवं संघर्षपूर्ण स्थितियों के बावजूद मजबूती बनाये हुए है, क्योंकि आप-सरकार की योजनाएं और कार्यक्रम, जैसेकि सरकारी स्कूलों का कायाकल्प, मोहल्ला क्लीनिक और मुफ्त बिजली, साथ ही महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और वरिष्ठ नागरिकों को फ्री में तीर्थ यात्रा कराना उसकी ताकत बनी हुई है। नयी घोषणाओं के साथ वह अपनी इस ताकत को बढ़ाते हुए 'आप' ने महिलाओं को 2100 रुपये हर महीने देने, बुजर्गों को फ्री इलाज, ऑटो चालकों को 10 लाख का बीमा देने, पंडितों एवं ग्रंथियों को 18 हजार प्रतिमाह जैसी कई योजनाओं का ऐलान किया है, जो पूरे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। 'रेवड़ी पर चर्चा' जैसी मुहिम से 'आप' हर वोटर के घर तक पहुंच रही है। पब्लिक को बार-बार याद दिला रही है कि उनकी सरकार ने क्या-क्या काम किए हैं। लेकिन 'आप' के खिलाफ सरकार में 10 साल रहने की वजह से सत्ता विरोधी लहर काफी बढ़ गई है। कई वोटर बदलाव की जरूरत महसूस करते हैं। दिल्ली का विकास अवरुद्ध है, वायु प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है, यमुना प्रदूषित हो चुकी है, जनता को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है, सड़के गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं की भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी हुई है। 'शीश महल' विवाद ने अरविंद केजरीवाल की छवि को नुकसान पहुंचाया है। इससे पार्टी की साफ सुथरी छवि धूमिल हुई है। इसके अलावा मतभेद की वजह से कई नेता छोड़ गए, इससे केजरीवाल की जीत की संभावनाओं पर असर पड़ सकता है। लगता है कि 'आप' की उलटी गिनती तो शुरु हो गयी है, देखना है वह कहां जाकर रूकती है।

दिल्ली में जीत के नये कीर्तिमान गढ़ने वाली नई नवेली 'आप' ने साल 2013 में अपने पहले चुनाव में 70 में से 28 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था। उस समय भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी लेकिन 'आप' ने कांग्रेस से मिलकर सरकार बनाई। लेकिन यह सरकार सिर्फ़ 49 दिनों तक चल पाई। अरविंद केजरीवाल ने फ़रवरी 2014 में ये कहते हुए इस्तीफ़ा दे दिया कि दिल्ली विधानसभा में संख्या बल की कमी की वजह से वो जन लोकपाल बिल पास कराने में नाकाम रहे हैं, इसलिए फिर से चुनाव बाद पूर्ण जनादेश के साथ लौटेंगे। 2015 में जब चुनाव हुआ तो दिल्ली की राजनीति में इतिहास रचते हुए 'आप' ने 70 में से 67 सीटें जीत लीं। वर्ष 2020 में भी आप ने जीत का कीर्तिमान बनाते हुए 62 सीटें जीती। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार का चुनाव काफ़ी रोचक होने वाला है लेकिन यह 'आप' के लिये चुनौतीपूर्ण होने के साथ संकटपूर्ण है। जिस भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अन्ना आंदोलन के बीच से आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ, इसी मुद्दे पर भाजपा केजरीवाल को घेरने की पुरज़ोर कोशिश कर रही है। आप को भाजपा ही नहीं, कांग्रेस से भी बड़ा खतरा है। भाजपा ने अभी अपने पूरे उम्मीदवारों की सूची भी जारी नहीं की है लेकिन चुनाव प्रचार अभियान के लिए पार्टी ने अपने स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उतार दिया है और उन्होंने अपनी पहली ही चुनावी सभा में आम आदमी पार्टी पर आक्रामक हमला बोलते हुए उसे दिल्ली के लिये 'आप-दा' यानी बड़ा संकट कह दिया है। आप के नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप, एलजी ऑफिस के साथ टकराव और कई अन्य फैसले 'आप' की विश्वसनीयता एवं सुदृढ़ता को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

दिल्ली विधानसभा का चुनाव इसलिए ज्यादा ही महत्वपूर्ण है कि इसका असर राष्ट्रव्यापी होता है। दिल्ली सरकर की सांविधानिक शक्तियां भले ही सीमित हों, मगर राष्ट्रीय मीडिया के केंद्र में होने के नाते इसके नेताओं को तुरंत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान बन जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि दिल्ली को एक मॉडल स्टेट बनना चाहिए था, मगर न यह विकास का मॉडल बन सका और न ही सुचारू सुशासन प्रणाली का। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था एवं विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी की दुर्दशा एवं ठहरा हुआ विकास एक बदनुमा दाग है, विडंबना यह है कि इसके लिए 'आप' सरकार दोषी होते हुए भी क्या आम जनता की अदालत में दोषी साबित होगी? भाजपा, कांग्रेस और आप तीनों के लिए यह विधानसभा चुनाव करो या मरो की स्थिति वाला है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों से केंद्र में सरकार बनाने वाली और दिल्ली की सभी संसदीय सीटें लगातार जीतने के बावजूद भाजपा पिछले 26 वर्षों से राजधानी की सत्ता से दूर है। यही नहीं, दिल्ली नगर निगम में दशकों से कायम उसकी सत्ता भी छिन चुकी है। ऐसे में इस टीस को वह इस विधानसभा चुनाव में जरूर दूर करना चाहेगी और इसके लिये उसकी तैयारी ही केजरीवाल के लिये संकट का बड़ा कारण है। विश्लेषकों का कहना है कि यह चुनाव इसलिए भी रोचक होने जा रहा है क्योंकि इसके नतीजे राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करेंगे और सबसे ज्यादा, आम आदमी पार्टी के भविष्य को तय करेंगे।




दिल्ली की यह चुनावी लड़ाई इस मायने में खास नहीं कही जाएगी कि इस बार भी वही तीनों दल प्रमुखता से मैदान में हैं, जो पिछले चुनावों में थे। 'आप' के अस्तित्व में आने के बाद से यहां मुकाबला ही हो रहा है। यह अलग बात है कि इस अपेक्षाकृत नई पार्टी ने एक बार वर्चस्व स्थापित होने के बाद यहां अपनी पकड़ कमजोर नहीं होने दी। पिछले दो चुनावों में उसे दिल्ली की जनता से शानदार बहुमत मिला। नई और दो राज्यों में सत्तारूढ़ होने के बावजूद 'आप' ने मुफ्त की संस्कृति एवं आक्रामक शैली की राजनीति से अपनी अलग पहचान बनाई है। इस आक्रामकता एवं मुफ्त की संस्कृति ने जहां 'आप' को नई धार दी है, ताकत दी, पहचान दी वहीं अन्य दलों के साथ उसके संबंधों को भी सहज-सामान्य होने से रोका है। धीरे-धीरे उसकी यही ताकत उसकी कमजोरी बनती जा रही है।

भाजपा एवं कांग्रेस भी उस पर हमले करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही। इसमें खास बात सिर्फ यही है कि छह महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आप दोनों ही विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में शामिल थे और भाजपा पर संयुक्त हमला कर रहे थे। जाहिर है, इनके बीच की तीखी बयानबाजी इंडिया गठबंधन के अंदर असहजता पैदा कर रही है और शिवसेना (यूबीटी) जैसे दल इनसे संयम बरतने की अपील भी कर चुके हैं। जिस तरह से विधानसभा चुनाव-2025 लड़ा जा रहा है, उससे साफ है कि नतीजा चाहे जो भी हो उसके निहितार्थ दूर तक जाएंगे। दिल्ली की सत्ता 'आप' के आंतरिक समीकरण के लिहाज से भी अहम है। ऐसे में वह हर हाल में अपनी कामयाबी दोहराना चाहेगी। लेकिन इस चुनाव में परीक्षा सिर्फ इन राजनीतिक पार्टियों की नहीं, बल्कि दिल्ली के मतदाताओं की भी होगी कि वे अपनी समस्याओं के प्रति कितनी सजगता दिखाते हैं? इस बार दिल्ली की जनता को अपने हित की बजाय दिल्ली के हित में सोचना है। देखना है कि क्या जनता स्वहित के चलते आधे इंजन की सरकार बनायेगी या दिल्ली के समग्र एवं भ्रष्टाचारमुक्त शासन के लिये डबल इंजन की सरकार बनायेगी।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# मिटाना होगा आत्महत्याओं का कलंक



रमेश सर्राफ धमोरा

भारत में आए दिन आत्महत्या की घटनाएं घटित होती रहती है। यहां हर चार मिनट में एक आत्महत्या की जाती है। यहां शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता होगा जब किसी न किसी इलाके से गरीबी, भुखमरी, कुपोषण, बेरोजगारी, कर्ज जैसी तमाम आर्थिक तथा अन्य सामाजिक दुश्वारियों से परेशान लोगों के आत्महत्या करने की खबरें न आती हों। आत्महत्या करना सभ्य समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। आत्महत्या में व्यक्ति स्वयं को दंडित करते हुए अपनी जान दे देता है। ऐसा घिनोना कार्य कोई व्यक्ति तभी करता है जब वह चारों तरफ से निराश हो जाता है।

आत्महत्या करने का सबसे बड़ा कारण आर्थिक पक्ष को माना जाता है। उसके बाद मानसिक, पारिवारिक व अन्य बहुत से कारण हो सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर होने पर व्यक्ति स्वयं को गिरा हुआ महसूस करता है और अंत में वह आत्महत्या करने जैसा घिनौना कदम उठा लेता है। हम आए दिन अखबारों में पढ़ते हैं कि बहुत से परिवारों ने आर्थिक कर्म से सामूहिक आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। बहुत से किसान अपना खेती का कर्ज नहीं चुका पाने के कारण भी बड़ी संख्या में आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने कानून तो बना दिया मगर उसका प्रभाव समाज पर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। प्रेम में असफल होने पर भी बड़ी संख्या में नवयुवक युवतियां आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर लेते हैं।

आंकड़ों की दृष्टि से भारत आत्महत्याओं के मामले में दुनिया में सिरमौर बनता जा रहा है। आत्महत्या रोकने की दिशा में अब तक सरकारी स्तर पर जितने भी प्रयास हुए हैं वह सब नाकाम साबित हुए हैं। सरकारी आंकड़ों में जितनी आत्महत्या की संख्या दर्शायी जाती है उससे कई गुना अधिक लोग आत्महत्या कर अपनी जान गंवा रहे हैं। मगर आत्महत्या की घटनाओं को रोकने की कोई सार्थक पहल नहीं हो पाई है। खेती के लिए लिया गया कर्ज़ नहीं चुका पाने के कारण भी बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। मगर सरकारी बैंकों, साहूकारों के कर्ज से परेशान किसान आज भी आत्महत्या कर रहें हैं। उन्हें रोकने की दिशा में भी सरकार ने कोई विशेष पहल नहीं की है। बैंक आज भी किसानों से जबरदस्ती कर्ज वसूली के लिए उनकी जमीने नीलाम कर रहे हैं। इसी के चलते किसान मजबूर होकर आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं।

भारत में आत्महत्या एक प्रमुख समस्या है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 171,000 आत्महत्याएं की गईं थी जो 2021 की तुलना में 4.2 प्रतिशत अधिक थी । प्रति एक लाख की जनसंख्या पर आत्महत्या की दर 2022 में बढ़कर 12.4 हो गई जो आंकड़ो के हिसाब से सर्वोच्च थी। 2022 के दौरान आत्महत्याओं में 2018 की तुलना में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई और भारत में दुनिया में सबसे अधिक आत्महत्याएं हुईं। वैश्विक आत्महत्या मौतों में भारत के आंकड़े 1990 में 25.3 प्रतिशत से बढ़कर 2016 में महिलाओं में 36.6 प्रतिशत और पुरुषों में 18.7 प्रतिशत से बढ़कर 24.3 प्रतिशत हो गये। 2016 में 15-29 वर्ष और 15-39 वर्ष के आयु समूहों में आत्महत्या मृत्यु का सबसे आम कारण था। दैनिक वेतन भोगी लोग आत्महत्या पीड़ितों का 26 प्रतिशत हिस्सा थे। जो आत्महत्या के आंकड़ों में सबसे बड़ा समूह था।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में राज्यों में सबसे अधिक आत्महत्याएं महाराष्ट्र (22,746) में हुईं। इसके बाद तमिलनाडु में 19,834 और मध्य प्रदेश में 15,386 आत्महत्याएं हुईं। चार राज्यों महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल को मिलाकर देश में हुयी कुल आत्महत्याओं में से लगभग आधी उक्त प्रदेशों में हुयी थी। नागालैंड में केवल 41 आत्महत्याएं हुईं। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में 2017 से 2019 के दौरान भारत में लगभग आधी आत्महत्याएं हुयी हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली में सबसे अधिक आत्महत्याएं हुईं, उसके बाद पुडुचेरी का स्थान रहा। बिहार और पंजाब में 2018 की तुलना में 2019 में आत्महत्याओं के प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुयी थी।

एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच सालों में आत्महत्या की घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता हुआ दिखता है। 2017 में देश में 1,29,887 आत्महत्याओं की मामले रिकॉर्ड किए गए थे। तब आत्महत्या दर 9.9 प्रतिशत थी। आत्महत्या दर प्रति लाख आबादी पर होने वाली आत्महत्या की घटनाओं को दर्शाता है। 2017 के आंकड़ों के मुताबिक देश में प्रति लाख 9.9 आत्महत्या की घटनाएं दर्ज की गईं थी। 2018 में आत्महत्या दर में इजाफा हुआ और ये बढ़ कर 10.2 पर पहुंच गयी थ। तब देश में 1,34,516 आत्महत्या के मामले दर्ज हुए थे। 2019 में कुल 1,39,123 लोगों ने तो 2020 में ये संख्या बढ़कर 1,53,052 हो गई थी। 2021 में आत्महत्या के 1,64,033 मामले हुये थे।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के तुलनात्मक आंकड़े बताते हैं कि भारत में आत्महत्या की दर विश्व आत्महत्या दर के मुकाबले बढ़ी है। भारत में पिछले दो दशकों की आत्महत्या दर में एक लाख लोगों पर 2.5 फीसद की वृद्धि हुई है। आज भारत में 37.8 फीसद आत्महत्या करने वाले लोग 30 वर्ष से भी कम उम्र के हैं। दूसरी ओर 44 वर्ष तक के लोगों में आत्महत्या की दर 71 फीसद तक बढ़ी है। 2018 में पारित हुए मेंटल हेल्थ केयर एक्ट 2017 के तहत भारत में आत्महत्या के अपराधीकरण का कानून खत्म करते हुए मानसिक बीमरियों से जूझ रहे लोगों को मुफ्त मदद का प्रावधान किया गया है। इस नए कानून के तहत आत्महत्या का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति को मदद पहुंचाना, इलाज करवाना और पुनर्वास देना सरकार की जिम्मेदारी होगी।

भारत के साथ-साथ पूरे विश्व में मानसिक स्वास्थ से जूझ रहे लोगों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इस मामले में अभी तक विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से कोई ठोस बयान जारी नहीं किया गया है। लेकिन विश्व के अलग-अलग हिस्सों में हो रहे आत्महत्याओं के बढ़ते मामलों पर तुरंत संज्ञान लेने की जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल लगभग आठ लाख लोग आत्महत्या करते हैं। जिनमें से 21 फीसदी आत्महत्याएं भारत में होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में सरकारों को सलाह दी गई है कि आत्महत्या का मीडिया ट्रायल नहीं हो। देश में अल्कोहल को लेकर ठोस नीति बनाई जाए। आत्महत्या के संसाधनों पर रोक लगाते हुए आत्महत्या के प्रयास करने वालों की उचित देखभाल की जाए।

आत्महत्या जैसे मामलों को रोकने के लिए समाज के हर एक जिम्मेदार व्यक्ति को सामने आने की जरूरत है। जिससे ज्यादा-से-ज्यादा लोग इस बात से जागरूक हो सकें और आत्महत्या जैसे मामलों में कमी लाई जा सके। सभी को इस बात को समझने की जरूरत है कि आज की इस भागदौड़ भरी जिन्दगी में तनाव की स्थिति कभी कम तो कभी ज्यादा बनी रहती है। परंतु इसका समाधान अपनी जिन्दगी को समाप्त कर लेना नहीं हैं। जानबूझकर खुद को मारना आत्महत्या या फेलो डे से के रूप में जाना जाता है। भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 309 आत्महत्या से संबंधित है। इसमें कहा गया है कि जो कोई भी आत्महत्या का प्रयास करेगा और इस तरह के अपराध को अंजाम देगा उसे एक वर्ष से अधिक की अवधि के लिए कारावास, जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा।

विशेषज्ञों का कहना है कि आत्महत्या के मामलों के अध्ययन के बाद सरकार और गैर-सामाजिक संगठनों को मिल कर एक ठोस पहल करनी होगी। इसके लिए जागरुकता अभियान चलाना होगा। ऐसे मामलों पर अंकुश लगाने की ठोस रणनीति के बिना देश में बढ़ती आत्महत्यों पर रोक लगाना मुश्किल होगा। सरकार को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले आर्थिक-सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारणों की गहराई से पड़ताल करनी चाहिये। साथ ही ऐसे उपाय करे कि लोग अपनी जीवनलीला समाप्त करने का विचार ही दिमाग में न लाए।

-लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 दिसम्बर, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, पौष शुक्लपक्ष दशमी, 12:22 तक, नक्षत्र : भरणी, 15:06 तक, योग : साध्य, 17:22 तक, सूर्योदय: 6:19, सूर्यास्त: 17:09 चन्द्रोदय : 12:47, चन्द्रास्त: 01:31, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 13:04 से 14:24

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की सक्रियता बढ़ेगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए नौकरी से संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको कोई अच्छा अवसर मिल सकता है। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण परेशानी में आ सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके खिलाफ कोई राजनीति कर सकता है।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। परिवार में लोगों को आपके सुझाव खूब पसंद आएंगे।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। बिजनेस कर रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से काम लेने के लिए रहेगा। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे।

**धनु :** आज के दिन आपके मन में परस्पर सहयोग की भावना बनी रहेगी। सरकारी क्षेत्रों में भी आपको अच्छा लाभ मिलेगा। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। परिवार में यदि आप किसी सदस्य को कोई सलाह देंगे, तो वह उस पर अमल अवश्य करेंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपकी योजनाएं बेहतर लाभ देगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए टेंशन से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा, लेकिन आप बिना सोचे-समझे किसी काम में हाथ ना डालें, नहीं तो आपको नुकसान होने की संभावना है।

## वर्ग पहेली नं. 2970

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 | ■ |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | 9 | 10 |
| 11 | | | ■ | | ■ | 12 | 13 | ■ | |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | | | |
| ■ | 16 | | ■ | 17 | 18 | ■ | | ■ | |
| 19 | | | 20 | ■ | 21 | 22 | | 23 | ■ |
| 24 | | ■ | | ■ | 25 | | ■ | 26 | 27 |
| ■ | ■ | 28 | | 29 | ■ | 30 | 31 | ■ | |
| 32 | | | ■ | 33 | | ■ | 34 | | |

**बायें से दायें:-** 2) नीम; एक बटा दो, 4) हनुमान, 7) कोमलता, 9) आघात *(तबला)*, 11) मस्का; लौनी, 12) हुक्के का दम, 14) आरोग्यलाभ; हित; राहत, 15) विष्णु, 16) सर्पशीर्ष, 17) मग्न; तल्लीन; व्यस्त, 19) अवश्यमेव, 21) किसी की अपेक्षा और भी बुरा, 24) संकेतक; तट; बाण, 25) नौकरी; धंधा, 26) व्यतीत *(समय)*, 28) गालीचा, 30) सीलन, 32) दुर्गंध, 33) अर्थात, 34) घूँघट; बुरका.

**ऊपर से नीचे:-** 1) अर्जुनपुत्र *(महाभारत)*, 2) तभी का तभी, 3) तीखा छोर *(चाकू)*, 4) प्रतीक्षा, 5) लचककर नखरे से चलना, 6) और, 8) दौलतमंद, 10) विवाह, 13) करतूत, 16) निर्धन व्यक्ति; प्रेमासक्त, 18) क़िस्म; दर्जा; *कैटेगरी*, 19) संन्यासी, 20) दिखावटी, 22) अत्याचार, 23) खरीफ़ *(फ़सल)*, 27) जलाशय, 28) अधिग्रहण; नियंत्रण, 29) अप्रशिक्षित; आधुनिक, 31) एक राशि.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | सू | स | ■ | ■ | क़ | बी | ला | ■ | प |
| न्ह | ■ | मा | द | क | ता | ■ | भ | भू | त |
| वी | रा | न | ■ | ना | र | द | ■ | ■ | वा |
| ■ | ह | ता | ह | त | ■ | र | वा | भ | र |
| इं | च | ■ | ज़ा | ■ | सू | बा | ■ | ती | ■ |
| ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | अं | जा | म |
| सि | ता | र | ■ | र | ज | नी | श | ■ | र्दा |
| त | ■ | क | म | ची | ■ | ल | ■ | रै | ना |
| म | हं | त | ■ | नी | ■ | म | छ | ली | ■ |

## सुडोकू-पहेली-2930

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 9 | | 7 | | | | |
| | | | | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | | 6 | | 2 | | | |
| 3 | | | | | | 4 | 7 | |
| | | | | | | | 8 | |
| 6 | 2 | | 1 | | | | | |
| | | | 9 | 4 | | | | |
| | | | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2929 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 9 | 4 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 |
| 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 |
| 9 | 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 3 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 |

# संतोष ट्रॉफी विजेता खिलाड़ियों को पुलिस में नौकरियों और पुरस्कारों से किया गया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** संतोष ट्रॉफी विजेता बंगाल के फुटबॉल खिलाड़ियों को राज्य के खेल मंत्री अरूप विश्वास ने बुधवार को यहां एक सम्मान समारोह के दौरान कोलकाता पुलिस में सहायक उप-निरीक्षक (एसआई) के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। बता दें कि बंगाल ने नये साल की पूर्व संध्या पर हैदराबाद में रोमांचक फाइनल में केरल को 1-0 से हराकर रिकॉर्ड 33वां खिताब जीतकर इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपने दबदबा कायम रखा था। चैम्पियन बनने के बाद यहां पहुंचने पर पश्चिम बंगाल सरकार ने पूरी टीम को 50 लाख रुपये से पुरस्कृत करने और सभी 22 सदस्यों को नौकरी देने का वादा किया। इस दिन, अरूप विश्वास ने भवानीपुर क्लब द्वारा अपने मैदान में



आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान कहा कि आज, उनकी नौकरियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। मैं गर्व से घोषणा करता हूं कि बंगाल के 22 'योद्धाओं' को कोलकाता पुलिस में एसआई के रूप में नियुक्त किया गया है। मंत्री ने भारतीय राष्ट्रीय टीम में बंगाल के फुटबॉल खिलाड़ियों के कम प्रतिनिधित्व पर चिंता जताते हुए इसे बदलने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में बंगाल से केवल एक फुटबॉल खिलाड़ी सुभाशीष बोस राष्ट्रीय टीम का हिस्सा है। हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हमारे राज्य से कम से कम छह या सात खिलाड़ी टीम में जगह बनाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें कोलकाता लीग के माध्यम से अधिक स्थानीय प्रतिभाओं को पोषित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। भारतीय फुटबॉल तभी प्रगति कर सकता है जब बंगाल फुटबॉल प्रगति करेगा।

## 'बांग्ला शस्य बीमा' के तहत नौ लाख किसानों को मिलेगा 350 करोड़ का लाभ, ममता ने किया ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को 'बांग्ला शस्य बीमा' योजना के तहत लगभग नौ लाख किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए 350 करोड़ रुपये जारी करने की घोषणा की। इस दिन, ममता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 'बांग्ला शस्य बीमा' योजना के तहत, अब हम नौ लाख किसानों के बैंक खातों में सीधे 350 करोड़ रुपए जारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सहायता उन सभी किसानों को प्रदान की जा रही है जिनकी फसलें खरीफ सीजन के दौरान प्रतिकूल मौसम के कारण क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उन्होंने कहा कि हमारे किसानों को फसल बीमा के लिए कोई पैसा नहीं देना पड़ता है, क्योंकि हमारी राज्य सरकार आलू और गन्ने सहित सभी फसलों के लिए संपूर्ण बीमा प्रीमियम का भुगतान करती है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि वर्ष 2019 में अपनी स्थापना के बाद से राज्य सरकार ने अकेले 'बांग्ला फसल बीमा' योजना के तहत 1.12 करोड़ प्रभावित किसानों को कुल 3,562 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की है। हम हमेशा बंगाल के किसानों के साथ रहे हैं और भविष्य में भी ऐसा करना जारी रखेंगे।

## ममता ने अपने बड़े भाई को साक्षी रख कहा... 'मैं 70 की नहीं,65 वर्ष की हुई हूं'

❑ मुख्यमंत्री का दावा, सरकारी प्रमाणपत्र में उनकी उम्र पांच साल अधिक है

**कोलकाता, समाज्ञा**

सरकारी दस्तावेजों में मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी का जन्मदिन पांच जनवरी है। पिछले रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तक ने इंटरनेट मीडिया पर ममता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी थीं। जिले दर जिले तृणमूल कार्यकर्ताओं-समर्थकों ने भी केक काटकर दीदी का जन्मदिन मनाया था। 72 घंटे बीतने से पहले ममता ने अपने जन्मदिन को लेकर अपना पुरानी बातें फिर दोहरा दीं। उन्होंने यह भी बताया कि सरकारी प्रमाणपत्र में उनकी उम्र पांच साल बढ़ा दी गई है। रिकाड्‌र्स के मुताबिक, ममता का जन्म 1955 में हुआ था। इस हिसाब से वह 70 पार कर गई हैं, लेकिन अपने बड़े भाई अजित बनर्जी को साक्षी रखकर ममता ने अपनी उम्र का पुराना भ्रम वाली बातें एक बार फिर दोहराई। ममता के मुताबिक, वह 70 नहीं बल्कि 65 वर्ष की हैं। राज्य सरकार के शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की पहल पर एक जनवरी से 'विद्यार्थी सप्ताह' मनाने की शुरुआत हुई है। इस सप्ताह के समापन समारोह बुधवार को 'धनधान्य' सभागार में आयोजित किया गया। वहां ममता ने अपनी उम्र और जन्मदिन का मुद्दा उठाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग उनकी असली उम्र नहीं जानते है। लोग फर्जी उम्र, सर्टिफिकेट की उम्र जानते हैं। हममें से जो लोग घर पर जन्मे हैं, घर पर ही प्रसव हुए हैं, उन्हें यह समस्या है। आज बड़े भाई सामने हैं। इसलिए मैंने उन्हें साक्षी मानकर यह कह रही हैं। मैंने 'एकान्ते' पुस्तक में लिखा है काफी समय पहले।

## परिवहन मंत्री का बसों के परिचालन का औचक निरीक्षण जारी, बसों की संख्या बढ़ने का किया दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने बुधवार को कोलकाता में बसों के परिचालन का औचक निरीक्षण किया। इस दिन, मंत्री एसएसकेएम अस्पताल के सामने पहुंचे और हॉस्पिटल रोड पर सरकारी और निजी बसों की नियमित यातायात की स्थिति का जायजा लिया। मंत्री चक्रवर्ती ने बताया कि हॉस्पिटल रोड पर अब सरकारी और निजी बसों की संख्या 72 तक पहुंच गई है। इसके अलावा, कुल बसों की संख्या 550 से बढ़कर अब 734 हो गई है, जिनमें प्रतिदिन 4100 ट्रिप हो रहे हैं। इस बढ़ी हुई संख्या को देखते हुए उन्होंने अधिक ड्राइवरों और कर्मचारियों की नियुक्ति की आवश्यकता को बताया। उन्होंने यह भी बताया कि गंगासागर मेले के बाद बसों की संख्या और बढ़ने की संभावना है। इस दौरान, मंत्री चक्रवर्ती ने अस्पताल के बाहर खड़े आम नागरिकों से बातचीत की और उनके अनुभवों को सुना, ताकि बसों के परिचालन को और बेहतर बनाया जा सके। मंत्री के इस निरीक्षण से यह साफ हुआ कि कोलकाता में बसों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ परिवहन सेवा में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

# 'बांग्लार बाड़ी' परियोजना में बंगाल के लोगो का होगा उपयोग, नवान्न ने दिए जिलों में निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य सरकार ने 'बांग्लार बाड़ी' परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित घरों पर बंगाल का लोगो लगाने का निर्णय लिया है। नवान्न से यह लोगो जल्द ही जिला प्रशासन को भेजा जाएगा। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने इस संबंध में एक स्टैंडर्ड ऑपरेशन्स प्रोसीजर (एसओपी) भेजी है, जिसे जिला प्रशासन द्वारा लागू किया जाएगा। एसओपी में स्पष्ट किया गया है कि राज्य सरकार की इस परियोजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 25 वर्ग मीटर का घर निर्माण कार्य पहले किस्त के पैसे मिलने के बाद अधिकतम एक वर्ष के भीतर पूरा करना होगा। भूमिहीन लाभार्थियों को सरकारी भूमि पर घर निर्माण के लिए पट्टा दिया जाएगा। इसके साथ ही, निर्मल बांग्ला योजना के तहत शौचालय की व्यवस्था की जाएगी और जन स्वास्थ्य तकनीकी विभाग द्वारा पानी और बिजली के कनेक्शन दिए जाएंगे।

इस परियोजना के तहत हर लाभार्थी को 1 लाख 20 हजार रुपये मिलेंगे, जो केवल घर निर्माण के लिए उपयोग किए जा सकते हैं। पहली किस्त के तहत 60 हजार रुपये दिए जाएंगे, जिनसे घर की नींव से लेकर बीम तक का काम पूरा करना होगा। पहली किस्त से काम पूरा होने के बाद अधिकारियों को निरीक्षण करना होगा और तस्वीरें लेकर जियो-टैगिंग करके मोबाइल ऐप पर सबमिट करनी होंगी। इसके बाद ब्लॉक स्तर से दूसरी किस्त की मंजूरी दी जाएगी। इसके अलावा, एसओपी में कहा गया है कि लाभार्थी को सस्ती दर पर निर्माण सामग्री जैसे सीमेंट, ईंट, लोहा आदि उपलब्ध कराने के लिए डीलरों से संपर्क करना होगा। बीडीओ को स्थानीय बाजार के व्यापारियों से भी संवाद करना होगा ताकि निर्माण सामग्री की आपूर्ति ठीक रहे और लाभार्थियों को कोई कठिनाई न हो। यदि राजमिस्त्री की कमी हो, तो स्थानीय जानकारी का इस्तेमाल करके मदद की जाएगी। इस परियोजना के तहत प्रत्येक चरण में निगरानी की जाएगी और जिला स्तर पर हेल्पलाइन और कंट्रोल रूम खोले जाएंगे ताकि लाभार्थी जरूरत पड़ने पर संपर्क कर सकें।

### ममता बनर्जी के बयान पर शुभेंदु अधिकारी का पलटवार, कहा...

# 'लक्ष्मी भंडार प्रापकों को विधवा पेंशन दिलाने लगे अधिकारी'

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयानों को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को एक्स पर मुख्यमंत्री के लक्ष्मी भंडार लेने वाली महिलाओं को विधवा पेंशन की चिंता नहीं करनी चाहिए वाले बयान पर कड़ा प्रहार किया है। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री के बयान के बाद प्रशासन और तृणमूल के स्थानीय नेताओं ने इसे अमल में लाने के लिए अनुचित तरीकों का सहारा लिया। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि नदिया जिले के शांतिपुर में पंचायत और बीडीओ ने एक जीवित व्यक्ति की पत्नी के नाम पर विधवा पेंशन मंजूर कर दी। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि स्थानीय तृणमूल नेता, जो कटमनी में लिप्त हैं, ने इस प्रक्रिया को संभव बनाया। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब जीवित व्यक्ति के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं हुआ है, तो



उसकी पत्नी के नाम पर विधवा पेंशन कैसे मंजूर हो गई? इस मामले की गहन जांच होनी चाहिए। साथ ही, यह भी पता लगाया जाए कि राज्य में ऐसे कितने और मामले हुए हैं। शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री के बयान को कुरुचिपूर्ण बताते हुए उनकी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह बयान बंगाल की माताओं और बहनों के लिए अपमानजनक है। मैं उनके कल्याण की प्रार्थना करता हूं और मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि वे इस बयान के लिए बिना शर्त माफी मांगें।

# सात दिनों में एक लाख से अधिक लोगों का किया गया इलाज

## 'सेवाश्रय' स्वास्थ्य शिविर पर अभिषेक बनर्जी ने दी जानकारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र में 'सेवाश्रय' स्वास्थ्य शिविर में केवल सात दिनों में 1 लाख से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए। इस दिन, तृणमूल सांसद ने इन स्वास्थ्य शिविरों द्वारा बनाए गए सर्वकालिक रिकॉर्ड की खबर सोशल मीडिया पर साझा की, साथ ही इस उपलब्धि को हासिल करने में मदद करने के लिए चिकित्सा कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया। अभिषेक बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि 'सेवाश्रय' ने केवल 7वें दिन एक ही एसी से 100000 (एक लाख) से अधिक लोगों को सफलतापूर्वक सेवा प्रदान की है। यह अविश्वसनीय उपलब्धि हमारे डॉक्टरों, नर्सों, स्वयंसेवकों, लैब तकनीशियनों और परियोजना में शामिल सभी लोगों के अथक प्रयासों के बिना संभव नहीं होती। लोगों की सेवा के प्रति आपके अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता ने इसे संभव बनाया है। यह एक सर्वकालिक रिकॉर्ड है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने मानिक भट्टाचार्य के जेल समय के चिकित्सा बिलों पर कानूनी सलाह मांगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा में टीएमसी विधायक मानिक भट्टाचार्य द्वारा प्रस्तुत किए गए चिकित्सा बिलों में से एक बिल उस समय का पाया गया, जब वे शिक्षक भर्ती घोटाले में प्रेसिडेंसी जेल में बंद थे। नियमों के अनुसार, कैदी के चिकित्सा उपचार की जिम्मेदारी जेल अधिकारियों की होती है। विधानसभा के टीए-डीए अनुभाग में प्रस्तुत किए गए बिलों की जांच के बाद मामले की सूचना विधानसभा सचिवालय और फिर अध्यक्ष को दी गई। सूत्रों ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने मामले पर सलाह के लिए कानूनी विशेषज्ञों को बुलाया है। साथ ही, प्रेसिडेंसी जेल के अधीक्षक को बैठक के लिए बुलाया गया है। बिमान ने मीडिया कर्मियों से कहा कि यह एक आंतरिक मामला है। हम आने वाले सभी बिलों की जांच करते हैं। इस बीच, भट्टाचार्य ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया।

## संदेशखाली की दुष्कर्म पीड़िता को सुरक्षा देने का आदेश, हाईकोर्ट ने मांगी जांच रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने उत्तर 24 परगना के संदेशखाली की एक महिला द्वारा लगाए गए सामूहिक दुष्कर्म के आरोपों के मामले में पुलिस को उनके घर में 24 घंटे की सुरक्षा देने का आदेश दिया है। इसके साथ ही, अदालत ने अगले सोमवार तक मामले की जांच की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। महिला ने आरोप लगाया है कि मई 2024 में तृणमूल कांग्रेस के एक प्रभावशाली नेता और उसके सहयोगियों ने बंदूक के बल पर उसका सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता का कहना है कि उसने पुलिस में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। सोमवार को, पीड़िता ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। इस दिन, मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने पुलिस को 24 घंटे सुरक्षा प्रदान करने का आदेश दिया। साथ ही, अदालत ने पुलिस से कहा है कि वह जांच रिपोर्ट अगले सोमवार को प्रस्तुत करे। राज्य के वकील ने अदालत को सूचित किया कि मामले की जांच में प्रगति हुई है और चार्जशीट दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। हाईकोर्ट में महिला ने बताया कि आरोपित उस पर मामला वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। इसके बावजूद, पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इस पर, न्यायमूर्ति ने पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसके घर के बाहर पुलिस तैनात करने का निर्देश दिया।

# राज्य सरकार ने 15 जनवरी तक सभी सहकारी बैंकों से संदिग्ध खातों की मांगी जानकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने सभी सहकारी बैंकों से 15 जनवरी तक यह जानकारी जमा करने का निर्देश दिया है कि कितने खातों में लंबे समय से कोई लेन-देन नहीं हुआ है और कितने खातों में बड़े पैमाने पर वित्तीय लेन-देन हुआ है। इसके साथ ही, बैंक के खाते धारकों के लिए केवाईसी प्रक्रिया को भी अनिवार्य किया गया है। इस विषय में राज्य के पंचायत मंत्री प्रदीप मजूमदार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि सभी सहकारी बैंकों में संदिग्ध खातों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने 'काले धन' के खिलाफ सख्त कदम उठाने का फैसला लिया है। इस दिशा में, नवान्न ने राज्य के सभी छोटे और बड़े सहकारी बैंकों से पिछले 22 महीने में बड़े वित्तीय लेन-देन के बारे में जानकारी मांगी है। इसके साथ ही, सभी बैंकों से यह भी पूछा गया है कि कितने खातों में संदिग्ध वित्तीय लेन-देन हुआ है। पंचायत मंत्री प्रदीप मजूमदार ने कहा, सभी बैंकों को निर्देश दिया गया है कि 15 जनवरी तक खाते संबंधित सभी जानकारी



जमा करें। हम यह देखेंगे कि पिछले कुछ महीनों में किस खाता में संदिग्ध लेन-देन हुआ है और किस खाते में लंबी अवधि से कोई लेन-देन नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की कई परियोजनाओं में सहकारी बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, और इसलिए इन बैंकों का ठीक से संचालन सुनिश्चित करना जरूरी है। वर्तमान में, बैंक खाताधारकों के लिए केवाईसी अनिवार्य किया गया है। सहकारी बैंकों के ग्राहकों में से जिनका केवाईसी नहीं हुआ है, उनकी जानकारी भी 15 जनवरी तक राज्य सरकार को उपलब्ध करानी होगी। जिन ग्राहकों का केवाईसी पूरा नहीं हुआ है, उन्हें 15 फरवरी तक आधार सत्यापन सहित केवाईसी प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

**श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति**
Mob.: 9051471666 E-mail : skvss1939@gmail.com
SHREE KASHI VISHWANATH SEVA SAMITY



**गंगासागर के तीर्थ यात्रियों की बहुविध एवं व्यापक सेवा**
चाय, बिस्कुट, नास्ता, हल्वा-चना, दाल-भात सब्जी, खिचड़ी पूड़ी-सब्जी बुंदिया, भुजिया, आवास प्राथमिक चिकित्सा एवं सभी कैम्पों में निःशुल्क पानी वितरण।
**उद्घाटन 9 जनवरी 2025 दोपहर 1.30 बजे**
समारोह अध्यक्ष : **श्री विवेक जी गुप्ता**, विधायक
उद्घाटनकर्ता : **श्री बृजमोहन बेरीवाल**, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति
कम्बल वितरण समारोह 10,11 एवं 12 जनवरी सायं 5:30 बजे से
स्व. हजारीमल दिवान, स्व. विजय दिवान स्व. अशोक दिवान एवं स्व. पुष्पा देवी दिवान की स्मृति में उनके परिवार के द्वारा कम्बल वितरण किया जायेगा
एवं
श्री पंकज नेवेटिया द्वारा कम्बल वितरण किया जाएगा
एवं
अपने माता-पिता स्व. दीपचन्द व गायत्री देवी अग्रवाल की स्मृति में श्री सज्जन अग्रवाल द्वारा कम्बल वितरण किया जाएगा
विनीत :
अध्यक्ष : विवेक गुप्ता | प्रधान सचिव : बिमल दिवान
उपाध्यक्ष : कमला प्रसाद काजड़िया, शिव रतन गोयनका | उप-सचिव : पवन बंसल, सुभाष सांवलदावाला
मेला चेयरमैन, मार्ग दर्शक : राज कुमार बोथरा | मेला संयोजक : मनोज चौधरी, दुर्शीचन्द अग्रवाल
मेला उप-समिति : उमाशंकर जोशी, गिरधारीलाल अग्रवाल, जयप्रकाश गुप्ता, अरुण दिवान महाबीर नारनोली, मनीष धानुका, संजय अग्रवाल (पोस्ता), आदित्य विक्रम तुलस्यान, महेश काबरा, सुनील साँवलदावाला, कमल विजयवर्गी बनवारीलाल गुप्ता, आनन्द दिवान, सुशील जोशी, पवन बैध
तारकेश्वर लाईन में सेवा करने वाली सबसे बड़ी संस्था
कोलकाता में जल सेवा करने वाली सबसे बड़ी संस्था

**कुछ ट्रेनें रद्द**
महाकुंभ के दौरान कुछ परिचालन बाधाओं के कारण निम्नलिखित ट्रेनें रद्द रहेंगी: **(1) 12314 नई दिल्ली - सियालदह राजधानी एक्सप्रेस** (जेसीओ: 29.01.2025, 30.01.2025), **(2) 12260 बीकानेर - सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस** (जेसीओ: 28.01.2025), **(3) 12313 सियालदह - नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस** (जेसीओ: 28.01.2025, 29.01.2025), **(4) 12259 सियालदह - बीकानेर दुरंतो एक्सप्रेस** (जेसीओ: 29.01.2025), **(5) 20501 अगरतला - आनंद विहार टर्मिनल तेजस राजधानी एक्सप्रेस** (जेसीओ: 27.01.2025), **(6) 20502 आनंद विहार टर्मिनल - अगरतला तेजस राजधानी एक्सप्रेस** (JCO: 29.01.2025). असुविधा के लिए खेद है।
**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
**पूर्व रेलवे**
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**
**निविदा सूचना सं. : डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-04-2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), राँची-834003 के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **सूचना सं. : डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-04-2025, कार्य का नाम:** हटिया रेलवे सेटलमेंट, ओआरएच/राँची, बीएनआर और एसईआरएसए, ओआरएच/मुरी और एसआरएच/मुरी में 02 वर्षों के लिए ट्रांजिट आवास में आतिथ्य सेवाओं का रखरखाव (चौबीस घंटे)। **निविदा मूल्य:** रु. 1,47,32,593.38, **बयाना राशि:** रु.2,23,700/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 29.01.2025 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-993)

**पूर्व रेलवे**
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समान प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **सीनि. डीईएन/1/हावड़ा। एनआईटी सं. : 303_2024-25, दिनांक 07.01.2025. कार्य का विवरण:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में (i) एईएन/बीडीसी के अधीन बैण्डेल में साहेबपाड़ा रेलवे कॉलोनी में जीएम निरीक्षण के संबध में स्टाफ क्वार्टरों भीतरी/बाहरी सतह के सुधार एवं नवीनीकरण के साथ क्षतिग्रस्त दरवाजे, खिड़कियों, सैनिटरी फीटिंगों, चहारदीवारी, ड्रेनों, कोर्टयार्डों एवं शिशु उद्यान का प्रावधान एवं (ii) हावड़ा-बैण्डेल अनुभाग में कोन्नगर, श्रीरामपुर, भद्रेश्वर एवं हुगली में पोस्टों की स्विचिंग का नवीनीकरण। **अनुमानित लागत:** रु. 2,26,96,514.12; **बयाना राशि:** रु. 2,63,500। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 28.01.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-533/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पश्चिम मध्य रेल**
**रुचि की अभिव्यक्ति के लिए सूचना (ईओआई)**
**पश्चिम मध्य रेलवे पर रेल मालभाड़ा यातायात बढ़ाने के लिए लॉजिस्टिक्स बाजार अध्ययन और व्यवहार्य फ्रेट टर्मिनलों/ अन्य सुविधाओं की पहचान और/ या विकास के लिए परामर्श सेवाओं के चयन और नियुक्ति के लिए रूचि की अभिव्यक्ति।**
पश्चिम मध्य रेलवे पर रेल मालभाड़ा यातायात बढ़ाने के लिए लॉजिस्टिक्स बाजार अध्ययन और व्यवहार्य फ्रेट टर्मिनलों/ अन्य सुविधाओं की पहचान और या विकास के लिए परामर्श सेवाओं के चयन और नियुक्ति के लिए प्रतिष्ठित और अनुभवी सलाहकारों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है।
वाणिज्यिक, तकनीकी और वित्तीय क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले इच्छुक सलाहकार उपरोक्त परामर्श कार्यों की व्यावसायिक फीस अपने बजटीय उद्धरण के साथ अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर सकते हैं।
**ईओआई प्रकाशन की तिथि : 10.01.2025**
**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 10.02.2025**
इच्छुक सलाहकारों के आवेदन निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में हार्ड कॉपी में सहायक दस्तावेजों के साथ सीएफटीएम कार्यालय मुख्यालय / डब्ल्यूसीआर / जबलपुर में सीलबंद लिफाफे में जमा किए जा सकते हैं।
इच्छुक सलाहकार को कार्य का दायरा के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा करने हेतु निविदा आमंत्रण के पूर्व मीटिंग के लिए भी आमंत्रित किया जा सकता है। सलाहकार के कार्य का दायरा और आवेदन प्रारूप प.म.रे. की वेबसाइट **wcr.indianrailways.gov.in** पर देखा जा सकता है।
प.म.रे. बिना कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
**मुख्य मालभाड़ा यातायात प्रबन्धक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), हावड़ा, तीसरी मंजिल, न्यू कॉमप्लेक्स बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा (क) कैटरिंग के व्यवसाय में न्यूनतम 03 (तीन) वर्षों का अनुभव, (ख) पिछले तीन वित्त वर्षों में से किसी भी एक वर्ष में कैटरिंग के व्यवसाय से न्यूनतम वार्षिक कारोबार सांकेतिक लाइसेंस शुल्क का 03 (तीन) गुना तथा (ग) पिछले तीन वित्त वर्षों में लाभ अथवा हानि + संचित आरक्षित निधियां+शेयर पूंजी न्यूनतम रु. 3 लाख के मानदंड पूरा करने वाले से 05 वर्षों की अवधि के जीएमयू के जरिए कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक, स्टेशन, स्थान, आरक्षित मूल्य/ सांकेतिक लाइसेंस शुल्क प्रति वर्ष, संविदात्मक मूल्य, ईएमडी (कुल निविदा मूल्य का 2%), निविदा सं.** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **हावड़ा मंडल के तहत 'ए1' श्रेणी स्टेशनों में स्थापित की जाने वाली जीएमयू यूनिटः (1)** हावड़ा, न्यू कॉम्प्लेक्स/दक्षिणी कनकर्स/ पीएफ छोर से/6, रु. 28,17,683/-, रु.1,46,51,952/-, रु. 2,93,100/-, आर1-जीएमयू-एचडब्ल्यूएच-एनसी-एसटी-पीएफईएनडी6; **हावड़ा मंडल के तहत 'ए' श्रेणी स्टेशनों में स्थापित की जाने वाली जीएमयू यूनिटः (1)** रामपुरहाट, पीएफ-2 एवं 3/एफओबी एवं पीएफ शेड के बीच बीएचपी छोर (नं. 2), रु. 5,22,842/-, रु. 27,18,778/-, रु. 54,400/-, आर1-जीएमयू-सीएटीजी-आरपीएच-पीएफ2-3-2; **(2)** बर्द्धमान, पीएफ-6 एवं 7/एएसएन छोर (नं. 3), रु. 5,60,525/-, रु. 29,14,730/-, रु. 58,300/-, आर1-जीएमयू-सीएटीजी-बीडब्ल्यूएन-3-पीएफ6-7; **हावड़ा मंडल के तहत 'बी' श्रेणी स्टेशनों में स्थापित की जाने वाली जीएमयू यूनिटः (1)** बोलपुर, पीएफ-2 एवं 3, रु. 4,66,319/-, रु. 24,24,859/-, रु. 48,500/-, आर4-जीएमयू-सीएटीजी-बीएचपी-पीएफ2-3; **हावड़ा मंडल के तहत 'सी' श्रेणी स्टेशनों में स्थापित की जाने वाली जीएमयू यूनिटः (1)** गोबरा, पीएफ-1, रु. 75,912/-, रु. 3,94,742/-, रु. 7,900/-, आर7-जीएमयू-सीएटीजी-जीबीआरए-पीएफ1; **(2)** बलगोना, पीएफ-1, रु. 66,887/-, रु. 3,47,812/-, रु. 7,000/-, आर7-जीएमयू-सीएटीजी-बीजीएनए-पीएफ1; **(3)** तारकेश्वर, पीएफ-1-1ए, रु. 2,73,197/-, रु. 14,20,624/-, रु. 28,500/-, आर2-जीएमयू-सीएटीजी-टीएके-पीएफ1-1ए; **(4)** बेलूड़, पीएफ-5, रु. 2,44,935/-, रु. 12,73,662/-, रु. 25,500/-, आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-बीईक्यू-पीएफ5; **(5)** उत्तरपाड़ा, पीएफ-1 एवं 2, रु. 2,30,804/-, रु. 12,00,182/-, रु. 24,100/-, आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-यूपीए-पीएफ1-2; **(6)** लिलुआ, रु. 2,87,328/-, रु. 14,94,106/-, रु. 29,900/-, आरई5-जीएमयू-सीएटीजी-एलएलएच-पीएफ5; **(7)** चुचुड़ा, पीएफ 2 एवं 3, रु. 2,96,748/-, रु. 15,43,090/-, रु. 30,900/-, आरई2-जीएमयू-सीएटीजी-सीएनएस-पीएफ2-3; **(8)** समुद्रगढ़, पीएफ-1, रु. 1,06,356/-, रु. 5,53,051/-, रु. 11,100/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एसएमएई-पीएफ1; **(9)** मगरा, पीएफ-2 एवं 3, रु. 85,482/-, रु. 4,44,506/-, रु. 8,900/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एमयूजी-पीएफ2-3; **(10)** सिंगूर, पीएफ-1, रु. 82,229/-, रु. 4,27,591/- रु. 8,600/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एसआईयू-पीएफ1; **(11)** अग्रद्वीप, पीएफ-1, रु. 95,621/-, रु. 4,97,229/-, रु. 10,000/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एजीएई-पीएफ1; **(12)** बाहिरखंड, पीएफ-1, रु. 1,02,723/-, रु. 5,34,160/- रु. 10,700/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-बीएएचडब्ल्यू-पीएफ1; **(13)** बलरामबाटी, पीएफ-1, रु. 75,912/-, रु. 3,94,742/-, रु. 7,900/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-बीएलएई-पीएफ1; **(14)** बेहुला, पीएफ-1, रु. 1,06,356/-, रु. 5,53,051/- रु. 11,100/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-बीएचएलए-पीएफ1; **(15)** भंडारटिकुरी, पीएफ-1, रु. 88,799/- रु. 4,61,755/- रु. 9,300/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-बीएफजेड-पीएफ1; **(16)** गुड़ाप, पीएफ-1ए, रु. 75,912/-, रु. 3,94,742/-, रु. 7,900/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-जीआरएई-पीएफ1ए; **(17)** लक्ष्मीपुर, पीएफ-1, रु. 88,799/-, रु. 4,61,755/-, रु. 9,300/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एलकेएक्स-पीएफ1; **(18)** लोकनाथ, पीएफ-1, रु. 69,895/-, रु. 3,63,454/-, रु. 7,300/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एलओके-पीएफ1; **(19)** मानकुंडू, पीएफ-1, रु. 95,621/- रु. 4,97,229/-, रु. 10,000/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एमयूयू-पीएफ1; **(20)** मिर्जापुर बांकीपुर, पीएफ-1, रु. 75,935/-, रु. 3,94,862/-, रु. 7,900/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एमबीई-पीएफ1; **(21)** पालसिट, पीएफ-1, रु. 82,229/-, रु. 4,27,591/-, रु. 8,600, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-पीएलएई-पीएफ1; **(22)** पाटुली, पीएफ-1, रु. 88,799/-, रु. 4,61,755/-, रु. 9,300/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-पीटीएई-पीएफ1; **(23)** सिमलागढ़, पीएफ-1, रु. 82,229/-, रु. 4,27,591/-, रु. 8, 600/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एसएलजी-पीएफ1; **(24)** त्रिवेणी, पीएफ-1 एवं 2, रु. 95,621/-, रु. 4,97,229/-, रु. 10,000/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-टीबीएई-पीएफ1-2; **(25)** बैंचीग्राम, पीएफ-1, रु. 82,229/-, रु. 4,27,591/-, रु. 8,600/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-बीसीजीएम-पीएफ1; **(26)** बलागढ़, पीएफ-1, रु. 1,13,810, रु. 5,91,812/-, रु. 11,900/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-बीजीएई-पीएफ1; **(27)** बेलमुड़ी, पीएफ-1 एवं 2, रु. 66,887/-, रु. 3,47,812/- रु. 7,000, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-बीएमएई-पीएफ1-2; **(28)** भद्रेश्वर, पीएफ-3, रु. 95,621/-, रु. 4,97,229/-, रु. 10,000/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-बीएचआर-पीएफ3; **(29)** चंदनपुर, पीएफ-1 एवं 2, रु. 66,887/-, रु. 3,47,812/-, रु. 7,000/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-सीडीएई-पीएफ1-2; **(30)** दियारा, पीएफ-1, रु. 69,895/-, रु. 3,63,454/- रु. 7,300/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-डीईए-पीएफ1; **(31)** धात्रीग्राम, पीएफ-1, रु. 1,06,356/-, रु. 5,53,051/-, रु. 11,100/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-डीटीएई-पीएफ1; **(32)** डुमुरदाहा, पीएफ-1, रु. 1,06,356/-, रु. 5,53,051/-, रु. 11,100/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-डीएमएलई-पीएफ1; **(33)** गरीफा, पीएफ-1, रु. 88,799/-, रु. 4,61,755/-, रु. 9,300/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-जीएफएई-पीएफ1; **(34)** हरिपाल, पीएफ-1, रु. 64,525/-, रु. 3,35,530/-, रु. 6,800/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एचपीएल-पीएफ1; **(35)** हाजीगढ़, पीएफ-1 एवं 2, रु. 66,887/-, रु. 3,47,812/-, रु. 7,000/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एचआईएच-पीएफ1-2; **(36)** हुगलीघाट, पीएफ-1, रु. 75,479/-, रु. 3,92,491/-, रु. 7,900/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एचवाईजी-पीएफ1; **(37)** जौग्राम, पीएफ-1, रु. 75,912/-, रु. 3,94,742/-, रु. 7,900/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-जेआरएई-पीएफ1; **(38)** झापनडांगा, पीएफ-1, रु. 75,912/-, रु. 3,94,742/-, रु. 7,900/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-जेपीक्यू-पीएफ1; **(39)** जीराट, पीएफ-1, रु. 1,06,356/-, रु. 5,53,051/-, रु. 11,100/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-जेआईटी-पीएफ1; **(40)** कैकला, पीएफ-1, रु. 69,895/-, रु. 3,63,454/-, रु. 7,300/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-केकेएई-पीएफ1; **(41)** खामारगाछी, पीएफ-1 एवं 2, रु. 95,621/-, रु. 4,97,229/-, रु. 10,000/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-केएमएई-पीएफ1-2; **(42)** खान्यान, पीएफ-1, रु. 82,229/-, रु. 4,27,591/-, रु. 8,600/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-केएचएन-पीएफ1; **(43)** कुंतीघाट, पीएफ-1, रु. 1,13,810/-, रु. 5,91,812/-, रु. 11,900/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-केजेयू-पीएफ1; **(44)** मधुसूदनपुर, पीएफ-1, रु. 75,912/-, रु. 3,94,742/-, रु. 7,900/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एमडीएसई-पीएफ1; **(45)** मायापुर, पीएफ-1, रु. 64,013/-, रु. 3,32,868/-, रु. 6,700/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एमएवाईपी-पीएफ1; **(46)** नवग्राम, पीएफ-1, रु. 75,912/-, रु. 3,94,742/-, रु. 7,900/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एनबीएई-पीएफ1; **(47)** नसीबपुर, पीएफ-1, रु. 88,799/-, रु. 4,61,755/-, रु. 9,300/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एनएसएफ-पीएफ1; **(48)** पोड़ाबाजार, पीएफ-1 एवं 2, रु. 66,887/-, रु. 3,47,812/-, रु. 7,000/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-पीबीजेड-पीएफ1-2; **(49)** सोमराबाजार, पीएफ-1, रु. 1,13,810/-, रु. 5,91,812/-, रु. 11,900/-, आरई12-जीएमयू-सीएटीजी-एसओएई-पीएफ1; **(50)** पाल्ला रोड, पीएफ-1 एवं 2, रु. 66,887/-, रु. 3,47,812/-, रु. 7,000/-, आर9-जीएमयू-सीएटीजी-पीआरएई-पीएफ1-2; **(51)** हुगली, पीएफ-1, रु. 95,621/-, रु. 4,97,229/-, रु. 10,000/-, आर4-जीएमयू-सीएटीजी-एचजीवाई-पीएफ1; **स्टॉल का आकार:** 5'x6' = 30 वर्ग फीट (श्रेणी सी के क्रमांक 18, 30, 34, 36 एवं 40 के लिए) तथा अन्य के लिए 10'x6' = 60 वर्ग फीट। **लाइसेंस की श्रेणी:** जीएमयू (महिला) (श्रेणी ए के क्रमांक 1 के लिए तथा श्रेणी सी के क्रमांक 2, 4, 6, 8 एवं 11 से 24 तक के लिए) एवं अन्य के लिए जीएमयू (साधारण)। **निविदा दस्तावेज की कीमत (12% जीएसटी सहित):** रु. 5,600/- (श्रेणी ए1 के क्रमांक 1 के लिए), रु. 3,360/- (श्रेणी ए के क्रमांक 1 एवं 2 तथा श्रेणी बी के क्रमांक 1 के लिए), रु. 2,240/- (श्रेणी सी के क्रमांक 3 से 8, 12, 14, 26, 31, 32, 39, 43 एवं 49 के लिए) तथा अन्य के लिए रु. 1,120/-। **बंद होने की तारीख:** 28.01.2025 (श्रेणी ए के क्रमांक 2 के लिए), 27.01.2025 (श्रेणी सी के क्रमांक 45-49 के लिए) तथा अन्य के लिए 24.01.2025; निविदा दस्तावेज की कीमत पर 12% की दर से जीएसटी की रकम फॉर्वर्ड चार्ज के जरिए संग्रह किया जाएगा। **संविदा की अवधि:** 5 वर्ष। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **निविदा दस्तावेज की उपलब्धता:** www.ireps.gov.in पर। बोलियां सिर्फ ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। (HWH-534/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# फर्जी पासपोर्ट मामला : सबको मिलता था हिस्सा, शीर्ष तक फैला भ्रष्टाचार का जाल!

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी पासपोर्ट घोटाले ने एक बार फिर से प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि इस अवैध कारोबार की जड़ें शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक फैली हुई हैं। अवैध दस्तावेज़ तैयार करने का यह चेन बिजनेस न सिर्फ एक संगठित रैकेट का हिस्सा है, बल्कि इसमें हर स्तर पर भ्रष्टाचार का खेल जारी है। नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर कोलकाता पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक फर्जी पासपोर्ट तैयार करने में बांग्लादेशी घुसपैठिए को ढाई से तीन लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इस रकम में से रैकेट के मुख्य सरगना मनोज गुप्ता और समरेश विश्वास अपने गिरोह के अन्य सदस्यों को 50-60 हजार रुपये बांटते हैं, जबकि बाकी दो लाख रुपये का बंटवारा अपने बीच करते हैं। पासपोर्ट सेवा केंद्र के अस्थायी कर्मचारी तारकनाथ सेन को प्रति पासपोर्ट पांच छह हजार रुपये मिलते थे। पोस्ट ऑफिस के अस्थायी कर्मचारी दीपक मंडल को हर पासपोर्ट के बदले तीन हजार रुपये मिलते थे। बांग्लादेशी नागरिकों को रैकेट के पास लाने वाले मुख्तार आलम को दो हजार 500 से चार हजार रुपये दिए जाते थे। दस्तावेज़ तैयार करने में मदद करने वाले आधार कार्ड कर्मचारियों को सात से 10 हजार रुपये मिलते थे। मनोज गुप्ता की ट्रैवल एजेंसी के कर्मचारी दीपंकर दास को 25 हजार रुपये मासिक वेतन मिलता था, जिसमें फर्जी दस्तावेज़ तैयार करने का हिस्सा भी शामिल था। इसके अलावा, पूर्व पुलिसकर्मी अब्दुल हई को वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 25 हजार रुपये दिए जाते थे। जांच में पता चला है कि इस रैकेट में शामिल एजेंटों और सब-एजेंटों को भी हजार से दो हजार रुपये तक का हिस्सा दिया जाता था। इतना ही नहीं, वीजा की व्यवस्था करने वाले एजेंटों को भी सात से 10 हजार रुपये तक दिए जाते थे।

### पांच पासपोर्ट सेवा केंद्रों को लालबाजार ने भेजा पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में पासपोर्ट धोखाधड़ी के मामले में भारी हलचल मच गई है। इस मामले में कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। अब पुलिस की नजर पासपोर्ट सेवा केंद्रों के वेरिफाइंग और ग्रांटिंग अधिकारियों पर है। इस कारण लालबाजार ने राज्य के पांच पासपोर्ट सेवा केंद्रों को पत्र भेजा है। पुलिस के जांचकर्ताओं का मानना है कि इस धोखाधड़ी में पासपोर्ट सेवा केंद्रों के कुछ वेरिफाइंग और ग्रांटिंग अधिकारी शामिल हो सकते हैं। इस कारण, लालबाजार ने राज्य के पांच प्रमुख पासपोर्ट सेवा केंद्रों से वेरिफाइंग और ग्रांटिंग अधिकारियों की सूची मांगी है। सूत्रों के अनुसार, इन अधिकारियों से पूछताछ की जा सकती है। इसके अलावा, जांच के दौरान यह भी पाया गया कि ऑनलाइन आवेदन करने पर आवेदकों से 1500 रुपये की राशि ली जाती है। इसके साथ ही, वह खाता नंबर और अन्य विवरण भी मांगे गए हैं, जिस खाते से यह राशि भेजी गई थी। इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# बारासात में फर्जी आधार और वोटर कार्ड बनाने के आरोप में एक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पासपोर्ट घोटाले मामले में राज्य में गिरफ्तारियों के सिलसिले के बीच इस बार फर्जी आधार और वोटर कार्ड बनाने के आरोप में एक गिरफ्तारी हुई है। पुलिस को संदेह है कि इस मामले में भी पासपोर्ट धोखाधड़ी के गिरोह का कोई संबंध है। उत्तर 24 परगना के बारासात से व्यवसायी समीर दास को गिरफ्तार किया गया है। वह बारासात के नवपल्ली ब्वॉयज स्कूल से सटे इलाके का रहने वाला है। सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर बारासात थाना पुलिस ने अचानक छापेमारी कर व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, समीर दास लंबे समय से फर्जी आधार कार्ड बनाकर बांग्लादेशियों को पासपोर्ट बनवाने में मदद कर रहा था। पुलिस अधिकारियों को आशंका है कि यह कोई बड़ा गिरोह हो सकता है। गिरफ्तारी के बाद गिरफ्तार व्यक्ति से चरणबद्ध तरीके से पूछताछ की जा रही है। इस बीच, पुलिस सूत्रों से यह भी पता चला है कि आरोपी के दो बेटों में से एक पुलिस में काम करता है। आरोपी का दूसरा बेटा पेशे से डॉक्टर है। हालांकि, क्या आरोपी समीर ने पुलिस में काम करने वाले अपने बेटे की मदद से यह फर्जीवाड़ा किया? हालांकि, मामला स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन बारासात थाने के जांच अधिकारी सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं।

### मोहन भागवत का बंगाल दौरा, कई कार्यक्रमों के साथ आएंगे संघ प्रमुख

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत अपने बंगाल दौरे पर आ रहे हैं। उनके पास लगभग 10 दिनों का कार्यक्रम है। यह जानकारी मिली है कि उनका यह दौरा 7 फरवरी से 16 फरवरी तक रहेगा। 7 फरवरी को वे कोलकाता पहुंचेंगे। अब तक की मिली जानकारी के अनुसार, वे वर्दवान शहर में एक सार्वजनिक सभा करेंगे। इसके अलावा, कोलकाता स्थित आरएसएस कार्यालय में संगठन के पहले नौ सदस्यों की बैठक होगी, जिसमें संघ प्रमुख के साथ पार्टी के महासचिव और छह सहायक महासचिव भी शामिल होंगे। इस बैठक में देश की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की जाएगी। उनके कार्यक्रम में 11 फरवरी को वे वर्दवान जाएंगे, जहां वे 16 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरे का समापन 16 फरवरी को एक सार्वजनिक सभा से होगा।

# बीरभूम में नवविवाहिता की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत, जांच में जुटी पुलिस



**बीरभूम :** जिले के मोहम्मद बाजार इलाके में रायपुर नहर के पास मंगलवार ज्ञी रात एक नवविवाहिता का शव मिला। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृत महिला का नाम सुचित्रा बागड़ी है। सात माह पहले उसकी शादी बीरभूम के हिंगलो निवासी संदीप दास से हुई थी। बताया गया है कि गत मंगलवार की रात संदीप अपनी पत्नी के साथ ससुराल से घर लौट रहा था। देर रात स्थानीय लोगों ने रायपुर नहर के पास कीचड़ में कुछ पड़ा हुआ देखा। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने जाकर देखा तो एक महिला का लहूलुहान शव पड़ा हुआ था। पास में एक युवक था जिसका हाथ पैर बंधा हुआ था। बगल में एक महंगी बाइक पड़ी थी। पुलिस ने तुरंत शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, संदीप ने बताया कि लौटते समय कुछ लुटेरों ने उनका रास्ता रोक लिया। उन्होंने उनकी पत्नी सुचित्रा की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही संदीप को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस इस मामले में संदीप की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही रहस्य सुलझ जाएगा।

# संजीवनी सेवा ट्रस्ट का 33वां निःशुल्क हर्निया हाइड्रोसील शल्ययन शिविर सफलतापूर्वक संपन्न




**कोलकाता, समाज्ञा :** संजीवनी सेवा ट्रस्ट द्वारा श्री विशुद्धानंद सरस्वती मारवाड़ी अस्पताल में आयोजित 33वां निःशुल्क हर्निया हाइड्रोसील शल्ययन शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। चेयरमैन विश्वनाथ सेक्सरिया, अध्यक्ष संजय तोदी, सचिव मानव सराफ, ट्रस्टी विजय शंकर मोदी की सलाह पर इस शिविर का आयोजन ट्रस्ट के संयुक्त सचिव एवं शिविर प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता की प्रत्यक्ष निगरानी में अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रथीन वृजवासी (रिटायर्ड ब्रिगेडियर) के सानिध्य में किया गया।

इस शिविर में कोलकाता के अलावा दूर दराज से आए 47 गरीब एवं जरूरतमंद हर्निया हाइड्रोसील के रोगियों का उपचार किया गया। शिविर अवधि के दौरान शल्ययन उपरांत 5 दिनों तक रोगियों को अस्पताल में भर्ती रखा गया। इस दौरान, इन्हें निःशुल्क भोजन चाय नाश्ता फल संदेश दवाइयां आदि मुहैया करवाई गई। समापन समारोह के अवसर पर अस्पताल के अध्यक्ष दिनेश कुमार सेक्सरिया, सचिव ओमप्रकाश रूईया, प्रशासक सुरेश शर्मा, अर्पणा भट्टाचार्जी आदि उप-स्थित रहें।

इस शिविर को सफल बनाने में मोहन चांद सील सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। अस्पताल के अध्यक्ष दिनेश कुमार सेक्सरिया एवं शिविर अध्यक्ष विश्वनाथ सेक्सरिया ने अस्पताल एवं ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# क्रिप्टो प्लेटफॉर्म कॉयनस्विच ने रु 600 करोड़ के रिकवरी प्रोग्राम 'कॉयनस्विच केयर्स' की घोषणा की

**कोलकत, समाज्ञा :** 2 करोड़ से अधिक यूज़र्स के लिए भारत के अग्रणी क्रिप्टो प्लेटफॉर्म कॉयनस्विच ने रु 600 करोड़ के रिकवरी प्रोग्राम 'कॉयनस्विच केयर्स' की घोषणा की है, जो जुलाई 2024 के कथित वज़-ीरएक्स साइबर अटैक से प्रभावित यूज़र्स की मदद के लिए रिकवरी प्रोग्राम है। यह धनराशि दो साल की अवधि के लिए निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य यूज़र्स के नुकसान की भरपाई करना और साथ ही भारतीय क्रिप्टो कम्युनिटी के विकास को सुनिश्चित करना है। इस पहल के माध्यम से प्रभावित यूज़र अपने नुकसान की भरपाई कर सकते हैं, रिवॉर्ड्स अर्न कर सकते हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ मार्केट में फिर से प्रवेश कर सकते हैं। यूज़र रिवॉर्ड्स का अनुमान लगाने के लिए वेबसाईट पर विज़िट कर सकते हैं और अपने नुकसान की भरपाई के लिए कदम बढ़ा सकते हैं। 'कॉयनस्विच में हम अपने यूज़र्स को प्राथमिकता देते हैं। कॉयनस्विच केयर्स के माध्यम से हम मुश्किल समय में भारतीय क्रिप्टो कम्युनिटी को सहयोग प्रदान करते हुए उनके दीर्घकालिक विकास को सुनिश्चित करना चाहते हैं। उद्योग जगत में लीडर होने के नाते खासतौर पर आज के समय में यूजर्स की मदद करना चाहते हैं, जब मार्केट में तेज़ी आई है। हम नहीं चाहते कि भारत के क्रिप्टो निवेशक किसी भी अवसर से चूक जाएं। हमारा यह प्रोग्राम निवेशकों के खोए भरोसे को लौटाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।' आशीष सिंघल, सह-संस्थापक, कॉयनस्विच ने कहा।साइन अप करे और रेफरल रिवॉर्ड आज से ही पायें। यह रिवॉर्ड 7 फरवरी, 2025 से क्रेडिट किए जाएंगे। इन सभी प्रयासों से 4 मिलियन से अधिक प्रभावित यूज़र्स को फाइनैंशियल राहत मिलेगी और भारतीय क्रिप्टो सिस्टम में उनका भरोसा फिर से बनेगा।

# कोलकाता मेट्रो ने आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए शुरू किया अभियान

### विभिन्न स्टेशनों की दीवारों पर लगाए गए आत्महत्या विरोधी रंग-बिरंगे बैनर



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो के अधिकारियों ने प्लेटफार्म पर आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए आत्महत्या विरोधी अभियान को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। इस अभियान के तहत विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर बड़े पैमाने पर पोस्टर लगाकर यात्रियों से प्लेटफार्म के किनारे नहीं जाने की अपील की गई है। कोलकाता मेट्रो के चांदनी चौक स्टेशन पर छह जनवरी को एक व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी, जिससे दक्षिणेश्वर-न्यू गरिया कारिडोर (ब्लू लाइन) पर दो घंटे से अधिक समय तक मेट्रो ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं, इसके परिणामस्वरूप हजारों यात्रियों को असुविधा हुई थी। इससे पहले भी हाल के समय में कोलकाता में चलती मेट्रो के सामने कूदकर आत्महत्या के प्रयास की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। इन घटनाओं के मद्देनजर कोलकाता मेट्रो का यह अभियान काफी अहम माना जा रहा है। कोलकाता मेट्रो के एक अधिकारी ने कहा कि हम दक्षिणेश्वर-न्यू गरिया कारिडोर पर विभिन्न स्टेशनों की पटरियों से सटी दीवारों पर रंग-बिरंगे बैनर व पोस्टर लगाकर आत्महत्या विरोधी अभियान को तेज कर रहे हैं। इन बैनरों को रणनीतिक रूप से इस तरह से रखा गया है कि लोग उन्हें प्लेटफार्म से आसानी से देख सकें। हमने प्लेटफार्मों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली पर घोषणा की आवृत्ति भी बढ़ा दी है, जिसमें लोगों से प्लेटफार्म के किनारे के पास न जाने और पीली रेखा को पार न करने का आह्वान किया गया है।

# बस हेल्पर की संदिग्ध मौत, बस सेवाएं ठप, यात्री परेशान

**हावड़ा, समाज्ञा**



हावड़ा जिले में बुधवार सुबह अमता-एयरपोर्ट रूट पर एक बस हेल्पर शंकर रूइदास की संदिग्ध मौत से इलाके में हड़कंप मच गया। आमता निवासी शंकर को बस चालक ने अस्वस्थ हालत में अमता पेट्रोल पंप के पास बस से उतार दिया। चालक का दावा था कि शंकर नशे में थे। इसके बाद चालक बस लेकर ट्रिप पर निकल गया। स्थानीय लोगों ने शंकर को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने बस चालक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। इससे बस चालकों और कर्मियों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने सभी रूटों पर बस सेवाएं ठप कर दीं। यात्रियों को एयरपोर्ट, एस्प्लानेड और अन्य जगहों पर पहुंचने में भारी दिक्कतें झेलनी पड़ीं। पुलिस जांच कर रही है कि चालक ने शंकर की हालत नजरअंदाज की या जानबूझकर अस्पताल नहीं ले गया। इस मामले की जांच जारी है।

### पूर्व रेलवे की 'ऑपरेशन समय पालन' के तहत ट्रेन संचालन में देरी रोकने की पहल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने ट्रेन संचालन में सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए 'ऑपरेशन समय पालन' को मिशन मोड में लागू किया है। ट्रेन संचालन में देरी के प्रमुख कारणों में अनाधिकृत अलार्म चेन खींचना, गैर-मान्यता प्राप्त स्थानों पर चढ़ना-उतरना, बड़े सामान के कारण रास्ता बाधित करना और दरवाजे रोकना या ट्रैक पर बैठना जैसी गतिविधियां शामिल हैं। इसके तहत, 7 जनवरी को, हावड़ा, आसनसोल, और मालदह डिवीजनों में आरपीएफ अधिकारियों ने एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान अनाधिकृत रूप से अलार्म चेन खींचने वाले पांच व्यक्तियों को रेलवे अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर दंडित किया गया। पूर्व रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि अलार्म चेन का उपयोग केवल आपातकालीन परिस्थितियों में करें। इस सुविधा का दुरुपयोग न केवल ट्रेन संचालन में देरी करता है बल्कि यात्रियों और माल ढुलाई को भी प्रभावित करता है।

### पूर्व रेलवे ने महिला आरक्षित कोचों में यात्रा करने वाले 71 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ द्वारा यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए नियमित रूप से विभिन्न अभियान चलाए जाते हैं। महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों में अनधिकृत यात्रा की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से, 6 जनवरी 2025 को ऑपरेशन महिला सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत, 71 व्यक्तियों को महिलाओं के आरक्षित कोचों में अवैध रूप से यात्रा करते हुए गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। यह कदम महिला यात्रियों को सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है और आरपीएफ की यात्री अधिकारों के प्रति जीरो-टॉलरेंस नीति को प्रदर्शित करता है। पूर्व रेलवे सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे रेलवे के नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार की सूचना देकर इस प्रयास में सहयोग करें। इस अभियान ने पूर्व रेलवे की अनुशासन और यात्रियों की भलाई सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।

### एसआईपी से बनाएं बड़ा फंड: छोटी शुरुआत, बड़े सपने!

**कोलकाता, समाज्ञा :** हर बड़ी यात्रा एक छोटे कदम से शुरू होती है। एसआईपी (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए छोटी-छोटी बचत से बड़ी संपत्ति बनाई जा सकती है। यह न केवल आसान और सुलभ है, बल्कि चक्रवृद्धि की ताकत से लंबी अवधि में आपकी पूंजी को बढ़ाता है। उदाहरण के लिए, अगर आप हर महीने 5 हजार रुपये का निवेश करते हैं, तो 12.62% वार्षिक रिटर्न के साथ 30 सालों में 1.73 करोड़ तक की राशि बना सकते हैं। एसआईपी बाजार के उतार-चढ़ाव का लाभ उठाकर औसत लागत कम करता है। आप इसे सिर्फ 500 से शुरू कर सकते हैं और अपनी वित्तीय योजना के अनुसार इसे बढ़ा सकते हैं। एसआईपी की प्रक्रिया काफी सरल है। यह रेकरिंग डिपॉजिट की तरह काम करता है, जहां हर महीने आपकी तय राशि आपके चुने गए म्यूचुअल फंड में निवेश की जाती है। इस राशि से फंड की मौजूदा नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) के आधार पर यूनिट्स खरीदी जाती हैं।

# 2024 में कोलकाता का ऑफिस मार्केट आमतौर पर स्थिर रहा : नाइट फ्रैंक इंडिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** नाइट फ्रैंक इंडिया की नई रिपोर्ट, इंडिया रियल एस्टेट: रेजिडेंशियल और ऑफिस (जुलाई-दिसंबर 2024), ने कोलकाता के ऑफिस और रेजिडेंशियल मार्केट की अहम जानकारी साझा की है। 2024 में कोलकाता में कुल 1.4 मिलियन वर्ग फीट ऑफिस स्पेस किराए पर दिया गया, जो लगभग 2023 के बराबर था, सिर्फ 1% की मामूली गिरावट दर्ज की गई। औसत ऑफिस किराया 7% बढ़कर 41 रुपये प्रति वर्ग फीट प्रति माह हो गया, जो ऑफिस स्पेस की बढ़ती मांग को दर्शाता है। हालांकि, इस साल केवल 0.3 मिलियन वर्ग फीट नया ऑफिस स्पेस तैयार हुआ, जिससे नए ऑफिस निर्माण की गति धीमी रही। जुलाई 2024 में सरकार ने घर खरीदने पर मिलने वाली स्टांप ड्यूटी और सर्कल रेट में छूट को हटा दिया, लेकिन इसका घरों की बिक्री पर खास असर नहीं पड़ा। कोलकाता में 2024 घर बिक्री के लिहाज से 2010 के बाद का तीसरा सबसे अच्छा साल रहा, जब कुल 17,389 घर बिके। जुलाई से दिसंबर 2024 के बीच, जब कोई छूट नहीं थी, 8,259 घरों की बिक्री हुई, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 8% अधिक है। ये आंकड़े बताते हैं कि कोलकाता में घर खरीदने वालों का भरोसा बरकरार है, और बाजार में स्थिरता बनी हुई है, चाहे सरकारी छूट हो या न हो।

नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर शिशिर बैजल ने कहा कि कोलकाता के कमर्शियल मार्केट में भारत में काम कर रही कंपनियों की बढ़ती रुचि इस सेक्टर के समग्र विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत है। ऑफिस स्पेस की बढ़ती मांग के साथ कारोबारी गतिविधियों में तेजी आ सकती है। कोलकाता के आवासीय बाजार ने 2024 में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इस श्रेणी में कोलकाता 2025 में और भी विकास कर सकता है।

# धनबाद में प्राकृतिक चिकित्सा उपचार शिविर का हुआ शुभारंभ



**कोलकाता, समाज्ञा :** धनबाद की धरती पर पुराना बाजार स्थित शंभू धर्मशाला में, पवित्रम सेवा परिवार द्वारा आयोजित 6 दिवसीय पूर्ण आवासीय शिविर का शुभारंभ 7 जनवरी को शाम 6 बजे धनबाद के लोकप्रिय सांसद ढुल्लु महतो के कर कमलो द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गयाख इसके साथ ही आंध्रप्रदेश की विश्व विख्यात पुंगानूर गो माता का पूजन एवं पवित्रम सेवा परिवार के द्वारा तैयार की गयी काऊ एम्बुलेंस का उद्घाटन भी सांसद ढुल्लु महतो द्वारा किया गया। पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई वर्षो से घायल, बीमार गोवंश की सेवा-चिकित्सा, गांव-गांव में जैविक खेती एवं गौत्पादों का निःशुल्क प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार कर रहा है, यह काऊ एम्बुलेंस सड़को पर होने वाली दुर्घटनागस्त गायों, बीमार-गायों एवं अन्य पशुओं को चिकित्सा सहायता पहुंचाने का कार्य करेगी। इस शिविर में धनबाद शहर के आलावा बाहर से भी हरियाणा, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार आदि राज्यों से भी लोग भाग लेने आए हैं। इस शिविर का उद्देश्य आहार एवं जीवन-शैली को ठीक करते हुए प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से साध्य एवं असाध्य सभी रोगों को ठीक करना है। इस शिविर में प्रतिदिन शाम को ओपीडी की भी व्यवस्था की गयी है, जो पूर्णतः निःशुल्क है। पवित्रम सेवा परिवार स्कूलों एवं कालेजों में भी जाकर विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से बच्चों के बीच आरोग्य के प्रति जागरूकता फैला रहा है। इस शिविर में पवित्रम सेवा परिवार के आलावा मारवाड़ी युवा मंच, धनबाद एवं शक्ति शाखा भारत विकास परिषद, बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कामर्स, मारवाड़ी महिला समिति, झारखंड, विश्व हिंदू परिषद (सेवा विभाग), सोसायटी बेनिफिट सर्किल के सदस्य भी अपना सक्रिय यो-गदान दे रहे हैं। आने वाले दिनों में ऐसे शिविर धनबाद के आलावा अन्य शहरों में भी करने की योजना है।

# मालदह में 20 लाख के नकली नोट बरामद



**मालदह :** जिले में कालियाचक तीन नंबर ब्लॉक के वैष्णवनगर थानांतर्गत भारत-बांग्लादेश सीमा के कुम्भीरा पुलिस चौकी इलाके से पुलिस ने मंगलवार रात 20 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए। इनमें नकली 500 की 38 गड्डियां और नकली 200 की पांच गड्डियां शामिल हैं। गोपनीय सूत्रों से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मंगलवार को जेल में बंद रूबेल शेख के घर के पास खोसलपाड़ा में तलाशी अभियान चलाया और इतनी बड़ी नकली रकम बरामद की। उल्लेखनीय है कि रुबेल शेख उस इलाके का कुख्यात अपराधी है। जांचकर्ता इस बात की जांच कर रहे हैं कि इतनी बड़ी मात्रा में नकली नोट इकट्ठा करने के पीछे किसका क्या मकसद था। मंगलवार की रात कुम्भीरा चौकी की पुलिस को सूचना मिली कि रूबेल के घर के पास नकली नोट इकट्ठा किये गये हैं। खबर मिलने के बाद पुलिस ने खोसलपाड़ा इलाके में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 20 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किये गये। घटना में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## शहर में आज

- **जौनपुर नागरिक संघ (कोलकाता) :** गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का उद्घाटन, दोपहर 2 बजे, स्थान- आउट्राम घाट (मोहन बागान के पीछे), कोलकाता।
- **कलकत्ता श्री कालिका देवी सेवा समिति :** गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का उद्घाटन, शाम 5 बजे, स्थान- आउट्राम घाट मैदान, गेट नं.- 1 (निकट मोहन बागान क्लब), कोलकाता।
- **भारत क्षत्रिय समाज :** गंगास-ागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का उद्घाटन, शाम 5 बजे, स्थान- आउट्राम घाट (मोहन बागान ग्राउंड के पीछे), कोलकाता।

# सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) ने नववर्ष में शुरू की निःशुल्क मधुमेह और हृदय विशेषज्ञ सेवा




**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा की जाने वाली निःशुल्क विभिन्न सेवाओं के साथ नववर्ष के प्रारंभ में ही एक नई सेवा का विस्तार हुआ हैं। परिषद द्वारा आयोजित निःशुल्क सेवाओं के अतंर्गत मधुमेह एवं हृदय विशेषज्ञ प्रख्यात डॉक्टर गोविंद राजगड़िया महीने के प्रथम एवं तृतीय रविवार को सुबह 11 बजे से सीकर भवन में मरीजों की निर्धारित संख्या पर्यंत परीक्षण एवं परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। पहले दिन ही 9 मरीजों का परामर्श एवं इलाज किया गया। संयोजक रतन कुमार सीकरिया ने जानकारी दी कि यह सेवा नियमित रूप से सीकर भवन में उपलब्ध रहेगी। इससे मधुमेह से ग्रस्त मरीजों को उचित परामर्श व इलाज का लाभ मिलेगा। परामर्श एवं इलाज के लिए नामांकन जरूरी हैं। अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया ने सीकर भवन में आरंभ हुई। इस नई विस्तार को एक सराहनीय कदम बताया, उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग मे खान-पान की अनियमितता एवं अत्यधिक तनाव के कारण मधुमेह के रोगियों की बहुतायत को देखते हुए यह सेवा सीकर भवन में आरंभ की गई हैं। सेवा संपूर्ण रूप से निःशुल्क हैं, जिसका लोगों को लाभ लेना चाहिए। अध्यक्ष अरविंद बियानी एवं सचिव रवि शंकर सीकरिया ने कहा इस नई सेवा से हम उन सभी लोगों तक पहुंचना चाहते हैं, जिन्हें मधुमेह जैसी बीमारी के इलाज और सही परामर्श की आवश्यकता है। हम डॉक्टर गोविंद राजगड़िया जी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। जिन्होंने आज से अपनी सेवा सीकर भवन में आरंभ की और सभी ग्रस्त लोगों से इस सेवा का लाभ उठाने का आग्रह करते हैं। कालान्तर में हम और अन्य सेवाओं का भी विस्तार सीकर भवन में करेंगे। साथ ही उन्होंने ने बताया कि सीकर भवन के पास यथावत चलने वाली खिचड़ी महाप्रसाद वितरण बनवारी लाल मित्तल, रश्मि सराफ, मेघराज आचार्या, अरुण गोयनका, रामनाथ झुनझुनवाला एवं परिषद परिवार के सहयोग से किया गया। जिसमें प्रतिदिन 550 लोग लाभान्वित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदित्य विक्रम बियानी, आनंद अग्रवाल, मनोज मित्तल एवं गोपाल सीकरिया का भरपूर सहयोग रहा।

# बीएसएफ सीमाओं पर है मुस्तैद, इसिलए हम सो पा रहे हैं चैन की नींद : राज्यपाल



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) न केवल देश की सीमाओं की रक्षा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, इसलिए हम चैन की नींद सो पा रहे हैं। इतना ही नहीं, बीएसएफ सीमावर्ती समुदायों की सेवा में भी एक अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बीएसएफ की यह पहल सीमावर्ती क्षेत्रों में रह रहे लोगों की जरूरतों को समझने और उन्हें सहयोग प्रदान करने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने यह बात 118वीं वाहिनी की सीमा चौकी बांकरा में सीमावर्ती ग्रामीण समुदायों के लिए आयोजित एक मेडिकल कैंप, सिविक एक्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद कही। इस मौके पर बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के महानिरीक्षक (आईजी) आईपीएस मनिंदर पी.एस. पवार विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर, राज्यपाल ने बच्चों को स्टेशनरी, युवाओं को खेल सामग्री और जरूरतमंदों को कंबल व अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित कीं। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित मुफ्त चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक दवाइयां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मुख्यालय कोलकाता के डीआईजी, बीएसएफ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, राज्य सरकार के स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी और अन्य गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मालदह में तृणमूल पार्षद की हत्या के आरोप में पार्टी नेता सहित दो गिरफ्तार

❑ **तृणमूल पार्षद की हत्या के लिए पार्टी नेता ने ही दी थी 50 लाख रुपये की सुपारी**

❑ **बंगाल पुलिस के एडीजी ने किया बड़ा दावा, बंगाल पुलिस के एडीजी ने किया बड़ा दावा**

❑ **मामले में अबतक सात की गिरफ्तारी, दो लोगों की तलाश जारी**



**कोलकाता/मालदह :** मालदह जिले में दो जनवरी को अज्ञात हमलावरों द्वारा तृणमूल कांग्रेस के पार्षद दुलाल सरकार की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने तृणमूल के ही जिला सदर अध्यक्ष नरेन्द्र नाथ तिवारी सहित दो लोगों को मैराथन पूछताछ के बाद बुधवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोनों की गिरफ्तारी के बाद राज्य पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी), दक्षिण बंगाल सुप्रतीम सरकार ने कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि तृणमूल पार्षद की हत्या के लिए 50 लाख रुपये की सुपारी दी गई थी। उन्होंने कहा कि बुधवार को गिरफ्तार तृणमूल के इंग्लिशबाजार जिला सदर अध्यक्ष नरेंन्द्र नाथ तिवारी और स्वप्न शर्मा ही घटना का मास्टरमाइंड है। प्राप्त सबूतों के अनुसार, तिवारी ने ही सुपारी दी थी। एडीजी ने पत्रकारों से कहा कि हत्या मामले में पहले गिरफ्तार पांच आरोपियों से पूछताछ में मिले तथ्यों के आधार पर मालदह जिला पुलिस ने दोनों को मंगलवार की रात पूछताछ के लिए बुलाया था। स्वयं जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) और विशेष जांच दल (एसआईटी) की टीम ने गहन पूछताछ के बाद मिले सबूतों के बाद दोनों को गिरफ्तार किया है। एडीजी ने कहा कि इनमें स्वप्न शर्मा इलाके का एक कुख्यात बदमाश है। उसके खिलाफ इलाके में हत्या, बमबाजी सहित कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज है। एडीजी ने कहा कि हत्या से पहले घटनास्थल की रेकी भी की गई थी। उन्होंने दावा किया कि जो सबूत मिले हैं उसके अनुसार तृणमूल पार्षद की हत्या के लिए कुल 50 लाख रुपये में डील हुई थी। मास्टरमाइंड और भाड़े के हत्यारों के बीच लाखों रुपयों के लेनदेन के भी सबूत मिले हैं। हालांकि, हत्या किन कारणों से कराई गई इस बारे में जानकारी देने से उन्होंने फिलहाल इन्कार किया। उन्होंने कहा कि हत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चला है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही कारणों का भी खुलासा हो जाएगा। अनुमान है कि घटना का कारण पार्षद व तिवारी के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता है। एडीजी ने बताया कि बाइक सवार भाड़े के जिन चार हमलावरों ने हत्या की घटना को अंजाम दिया था, उनमें से दो अभी भी फरार है। उन दोनों हमलावरों की तलाश की जा रही है। उन दोनों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एडीजी ने बताया कि इस मामले में अब तक सात लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें पांच आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया गया था। उल्लेखनीय है कि दो जनवरी की सुबह मालदह में अज्ञात हमलावरों ने सत्तारूढ़ दल के पार्षद दुलाल सरकार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पार्षद को झालझलिया मोड़ इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने नजदीक से सिर में कई बार गोली मारी।

## फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, भारी मात्रा में नकली कागजात बरामद

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के टिकियापाड़ा थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज बनाने वाले एक बड़े गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस ने भारी मात्रा में नकली दस्तावेज भी बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, 7 जनवरी को गुप्त सूचना के आधार पर, डीडी की टीम ने हावड़ा के टिकियापाड़ा थाना क्षेत्र स्थित नूर मोहम्मद मुंशी लेन के एक मकान की तीसरी मंजिल पर छापेमारी की। यह मकान मोहम्मद फारूक असारी (62) का है।



छापेमारी में पुलिस ने भारी मात्रा में फर्जी और नकली दस्तावेज बरामद किए, जिनमें विभिन्न नगर निगमों के खाली जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र, नकली मार्कशीट, स्थानांतरण प्रमाणपत्र, अंतरराष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, प्रोग्रेस रिपोर्ट कार्ड, स्टांप पेपर, माइक्रोचिप वाले खाली कार्ड, और कई रबर स्टैंप शामिल हैं। पुलिस ने हावड़ा थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं, आरोपियों को 7 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

## लिलुआ में आठ गायों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के लिलुआ थाना क्षेत्र में रविवार तड़के आठ गायों की चोरी का मामला सामने आया है। घटना सी रोड के बड़े लोहे के गेट के पास एक कठहल के पेड़ के नीचे हुई। गायों के मालिक ने बताया कि सुबह उठने पर उन्होंने देखा कि उनकी सभी गायें गायब हैं। इसके बाद उन्होंने लिलुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। एक फुटेज में बदमाशों को ट्रक में गायों को ले जाते हुए देखा गया। गाय मालिक ने कहा, हर गाय की कीमत करीब 55 से 60 हजार रुपये है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## केजरीवाल ने दिल्ली विस चुनाव में 'आप' को समर्थन देने के लिए ममता को दिया धन्यवाद

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को समर्थन देने के लिए तृणमूल कांग्रेस को बुधवार को धन्यवाद दिया। केजरीवाल ने दिल्ली के चुनाव में 'आप' को समर्थन देने के लिए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी का आभार जताया। केजरीवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 'आप' को समर्थन देने का ऐलान किया है। मैं व्यक्तिगत रूप से ममता दीदी का आभारी हूं। धन्यवाद दीदी। आपने हमेशा हमारे अच्छे-बुरे समय में हमारा साथ दिया है और आशीर्वाद दिया है। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा संसदीय दल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने केजरीवाल की पोस्ट का जवाब देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी, हम आपके साथ हैं।

## रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर आयोजित

**हावड़ा, समाज्ञा :** स्व. ईश्वरनाथ गुप्ता (गोधन) ट्रस्ट द्वारा रविवार को वार्ड 30 के जलुआपाड़ा (फजीरबाजार) में रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान अतिथि के रूप में उपस्थित मंत्री अरुप राय ने द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में ब्लड टेस्ट, ब्लड प्रेशर, सुगर आदि की व्यवस्था की गई थी। शविर में 200 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। आयोजक संतोष गुप्ता, संजय जायसवाल, उत्तम बोस, इलु प्रसाद, रामनाथ सिंह, अजीत गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, ज्ञानदेव प्रसाद, बलवंत सिंह एवं गोविंद राउत ने कार्यक्रम को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजक संतोष गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जंगल में लौटा रॉयल बंगाल टाइगर, ग्रामीणों ने ली राहत ही सांस

**कोलकाता, समाज्ञा :** आखिरकार, दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली के उत्तर बैकंठपुर गांव के लोगों ने रॉयल बंगाल टाइगर के जंगल में लौटने पर मंगलवार की रात राहत की सांस ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दिन, रात में वन विभाग के कर्मचारियों ने पटाखे फोड़कर बाघ को जंगल में वापस भेजने में सफलता हासिल की। वन विभाग को यकीन है कि बाघ जंगल में लौट गया है। मुख्य वन पदाधिकारी निशा गोस्वामी ने बताया कि बाघ उत्तर बैकुंठपुर से सटे जंगल से मकरी नदी पार कर अजमलमारी 11 गहरे जंगल में लौट गया है। बताया गया है कि कुलतली के मईपीठ-बैकंठपुर ग्राम पंचायत के उत्तर बैकंठपुर गांव के पास मैंग्रोव



जंगल में छुपे बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरे में बकरियों को डाला गया था। लेकिन बाघ पिंजड़े में नहीं फंसा। इसके वन कर्मचारियों ने इस बात की खोज शुरू कर दी कि रात भर पटाखे और आतिशबाजी करने के बाद बाघ जंगल में नदी तैरकर जंगल में तो नहीं चला गया। बुधवार की सुबह उन्होंने बताया कि रॉयल बंगाल टाइगर अजमलमारी के जंगल में लौट गया है। उल्लेखनीय है कि किशोरीमोहनपुर इलाके में गत सोमवार को क्षेत्रवासियों ने बाघ के पदचिन्ह देखे थे। तभी, दक्षिणी बैकुंठपुर से सटे जंगल में बाघ की मौजूदगी का आभास हुआ। इसके बाद, वन विभाग के कर्मचारियों ने जंगल को जाल से घेर लिया, लेकिन बाघ वहां से भाग निकला। लगभग डेढ़ किमी दूर उत्तर बैकुंठपुर से सटा हुआ जंगल है। इस जंगल में बाघ की मौजूदगी को भांपते हुए वन विभाग जंगल को जाल से घेर दिया। पिंजरे बकरियों को चारे के रूप में रखा गया। शाम के समय बाघ को घने जंगल में वापस खदेड़ने के लिए कई बार पटाखे भी फोड़े गए। नदी में भाटा था। माना जा रहा है कि तभी बाघ नदी पार कर जंगल में चला गया।

## ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के साइबर पुलिस स्टेशन ने ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता राजीव चक्रवर्ती (53), ने ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें कुल 63,94,346/ रुपये की ठगी की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने 46 लाख की मनी ट्रेल का पता लगाया, जो यूको बैंक के खाते में जमा की गई थी। इस खाते के धारक और ऑपरेटर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को 10 जनवरी 2025 तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार, 7-8 जनवरी 2025 की रात मंदारमनी कोस्टल थाना क्षेत्र में आई-लाइट बीच रिजॉर्ट से मुख्य आरोपी सुभांकर जना (34) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी



बागुईआटी क्षेत्र के निवासी हैं। सुभांकर जना को फर्जी बैंक खातों के इस रैकेट का मुख्य साजिशकर्ता माना जा रहा है। पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों के मोबाइल फोन से व्हाट्सएप चैट और वीडियो कॉल के स्क्रीन रिकॉर्डिंग जैसे पर्याप्त सबूत मिले थे। इन सबूतों को मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में निकाला गया। पुलिस को उम्मीद है कि इस रैकेट में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी जल्द ही हो सकेगी।

## खचाखच भरी भीड़ में अचानक से प्रेमिका ने प्रेमी पर बरसाए थप्पड़, तमाशबीन बनी भीड़

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के कोन्ननगर के शकुंतला कालीबाड़ी मैदान में लगे पुस्तक मेले के वजह से लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसी भीड़ में एक महिला एक पुरुष पर अचानक से ताबड़तोड़ थप्पड़ चलाने लगी यह देख भीड़ अचंभित हो गई। लोग कुछ समझ नहीं पा रहे थे कि आखिर माजरा क्या है, क्या महिला से भीड़ में छेड़छाड़ हुई है। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और पुरुष को थाने ले आयी।

तीन महिलाएं एक पुरुष की कॉलर पकड़कर उसपर थप्पड़ बरसा रही है। पीड़ित कुछ कोशिश करता, तो उसे थप्पड़ मारे जा रहे थे। यह दृश्य देखकर वहां लोग रुक गए, जिससे कोन्ननगर स्टेशन जाने वाली सड़क पर जाम लग गया। यह हाई वोल्टेज ड्रामा कुछ देर तक चलता



रहा। बाद में कोन्ननगर फांड़ी की पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित को अपने साथ ले गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रिसड़ा का निवासी यह पुरुष पिछले पांच वर्षों से एक महिला के साथ प्रेम संबंध में था। दोनों ही विवाहित थे। उनका प्रेम इतना गहरा था कि दोनों अपने-अपने जीवनसाथी से तलाक लेकर साथ रहने की सोच रहे थे लेकिन यह संभव नहीं हो सका। इसके बाद दोनों ने एक साथ जहर पीकर आत्महत्या करने का फैसला किया। प्रेमिका महिला का आरोप है कि उसने जहर पी लिया, लेकिन उसका प्रेमी पीछे हट गया। वह दो दिन अस्पताल में मौत से जंग लड़ी और फिर घर लौट आई। इसके बाद से प्रेमी ने सोशल मीडिया पर उसे हर जगह ब्लॉक कर दिया और उससे संपर्क करना बंद कर दिया। कोन्ननगर पुस्तक मेले के अचानक उनका आमना -सामने हुआ। उसे देखकर प्रेमिका भड़क गई। वहीं प्रेमी ने दावा किया कि प्रेमिका ने उससे तीन लाख रुपये की मांग की थी, नहीं देने पर यह स्वांग रचा।

पुलिस का कहना है कि दोनों ही विवाहित हैं और उनके बीच विवाहेत्तर संबंध थे। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। अगर कोई शिकायत दर्ज होती है, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ के शिविर का आउट्रम घाट पर भव्य उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रत्येक वर्ष की भांति गंगासागर जाने वाले तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए आउट्राम घाट में लगे सेवा शिविर के उद्घाटन का कार्यक्रम शुरू हो गया है। इसी क्रम में, बुधवार को अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ का उद्घाटन अपनी भव्यता के साथ हुआ, जो सेवा शिविर 16 जनवरी तक चलेगा। यह संस्था पिछले 39 वर्षों से सेवा कार्य कर रही है। प्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति अभय नारायण सिंह ने शिविर का उद्घाटन किया। उनके अलावा विशिष्ट अतिथि धीरेंद्र सिंह राजपूत ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई। इसके साथ ही पार्षद संतोष पाठक, पार्षद जनाब अनवर साहब, पार्षद सत्येंद्र सिंह, समाजसेवी नवीन मिश्रा, चेयरमैन ब्रह्मदेव जायसवाल, को-चेयरमैन गंगा सिंह, अध्यक्ष रामानुज सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष अशोक सिंह, उपाध्यक्ष अशोक पांडे, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष कृष्ण कांत सिंह, महामंत्री राजेंद्र सिंह, प्रधान सचिव वेद कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष बैद्यनाथ चौधरी, मीडिया प्रभारी राजकपूर तिवारी, संगठन सचिव ओम प्रकाश सिंह (बब्लू), उमेश सिंह, अनिल सिंह (बलिया), यशवंत सिंह, मनोज सिंह (आदर्श), रणधीर सिंह, अरविंद सिंह, योगेश अवस्थी, राजेंद्र राय समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मंच का कुशल संचालन अजित दुबे ने किया।

## बैग से नकदी चोरी के मामले में खुलासा, कर्मचारी ही निकला आरोपी

**कोलकाता, समाज्ञा :** गुडविल लॉजिस्टिक्स के कर्मचारी हिमाद्री दास के बैग से 61 हजार रुपयों की चोरी का मामला सामने आया है। घटना चांदनी मार्केट के पास हुई, जहां बैग को काटकर पैसे चोरी करने की बात कही गई थी। हिमाद्री दास ने खुद बऊबाजार पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले की जांच के दौरान हिमाद्री दास से पुलिस द्वारा पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान उसके बयानों में असंगतियां पाई गईं। जिसके बाद, उसने स्वीकार किया कि नकदी की गड़बड़ी उसी ने की थी। हिमाद्री दास को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके बयान के आधार पर हावड़ा के बाली थाना क्षेत्र में स्थित उसके घर पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 40 हजार रुपये और खुद से काटा हुआ बैग बरामद किया गया। इन दोनों को जब्त कर लिया गया है। आरोपी हिमाद्री दास को बुधवार को अदालत में पेश किया गया। इस मामले की जांच जारी है।

## बशीरहाट की तृणमूल नेता के 'फर्जी' अश्लील फोटो फैलाने का आरोप, 1 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बशीरहाट की तृणमूल कांग्रेस नेता कुहेलिका परवीन के 'फर्जी' अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर फैलाने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम उमेश खान है, जो एक कॉलेज छात्र है और उसे कोलकाता के तपसिया क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि उसने पंचायत समिति की महिला अध्यक्ष की अश्लील फोटो 5 हजार रुपये के बदले सोशल मीडिया पर पोस्ट किए थे। इस मामले में दावा किया गया है कि इसमें बांग्लादेश से भी किसी का हाथ हो सकता है। कुहेलिका परवीन ने इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक साजिश का शिकार हुई हैं और कुछ लोग उनके और उनकी पार्टी की छवि खराब करने के लिए यह काम कर रहे हैं। इस घटना के बाद बशीरहाट साइबर क्राइम थाना ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच जारी है।

## यथार्थ गीता प्रचार सेवा समिति के गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का उद्घाटन संपन्न




**कोलकाता, समाज्ञा :** यथार्थ गीता प्रचार सेवा समिति का आउट्राम घाट पर लगे गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का बुधवार को उद्घाटन संपन्न हुआ। सातवें वर्ष आयोजित इस सेवा शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य आचार्य राकेश पांडेय ने किया।

इस मौके पर चेयरमैन गौरीशंकर पांडेय, अध्यक्ष विनय कुमार तिवारी, सचिव निखिलेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष विकास सारस्वत (सीए), मनोज तिवारी, देवी प्रसाद पांडेय (बाबाजी) समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। संघ का संचालन सुरेंद्र कुमार दुबे ने किया। बताया गया है कि संस्था आगामी 15 जनवरी तक अनवरत गंगासागर तीर्थयात्रियों की सेवा जुटे रहेंगे।

## सामाजिक कल्याण के लिए एकजुटता आवश्यक : डॉ. शशि पांजा

❑ **लिट्टी-चोखा व स्नेह मिलन कार्यक्रम में उमड़ी भीड़**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता लेमन मार्चेंट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नतून बाजार के प्रांगण में पूर्वांचल का मशहूर व्यंजन लिट्टी चोखा भोजनोत्व व स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित राज्य की मंत्री डॉ शशी पांजा ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी भाईचारा और एकजुटता जरूरी है। पूर्वांचल के प्रसिद्ध व्यंजन की सुगंध सभी को एक सूत्र में पिरो दिया है। इस मौके पर जोड़ासांको के विधायक विवेक गुप्ता ने अपने भाषण में कहा कि इस व्यंजन की सादगी की मिसाल समाज में झलकनी चाहिए। बतौर अतिथि पंडित लक्ष्मीकांत तिवारी, राधेश्याम अग्रवाल, पार्षद विजय उपाध्याय, पार्षद रोबिन चटर्जी, पार्षद राजेश सिन्हा भूतनाथ मंदिर के पुजारी गणेश ठाकुर, गिरीश पार्क थाना प्रभारी हरिक दलपति, पोस्ता थाना प्रभारी जयंत विकास मिद्या, जोड़ाबागान थाना के सह प्रभारी अर्णव राय चौधरी, प्रकाश चंडालिया, तिनकोड़ी दत्ता, नंद किशोर लाखोटिया, महावीर बजाज, डॉ. ज्योति प्रकाश, चांद रतन लखानी, राज कुमार व्यास, सुजीत सिंह, अधिवक्ता अजय चौबे, कृष्ण प्रताप सिंह, अशोक




ओझा, पप्पू तिवारी, श्रीधर पांडेय, विकास जायसवाल, शिवजी पांडेय, अनिल राय, अशोक झा, संजय हरलालका, दीपक बंका, दीपक निगानिया, राजीव जायसवाल व अन्य उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत आयोजक व संस्था के अध्यक्ष मनोज सिंह पराशर ने किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्नेह कुमार, बी.के. सिंह, सुमीत गुप्ता, दीना प्रसाद गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, अशोक भट्टाचार्य, जगदीश सिंह, रामाशीष सिंह समेत अन्य ने सक्रिय भूमिका निभाई। लिट्टी चोखा का हजारों की संख्या में लोगों ने लुफ्त उठाया। इस आयोजन मे हर वर्ग के लोग उपस्थित थे।

## शुभेंदु अधिकारी की रैली को हाई कोर्ट से मिली अनुमति, कई शर्तें भी लागू

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के विपक्षी दल के नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में रविंद्र सदन मेट्रो से नेशनल लाइब्रेरी तक रैली निकालने की अनुमति कोलकाता हाई कोर्ट ने शर्तों के साथ दी है। बुधवार को न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल पीठ ने यह आदेश दिया। हाई कोर्ट ने कहा कि यह रैली 9 जनवरी को दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 3 बजे तक आयोजित किया जा सकता है और इसमें 1 हजार समर्थक भाग ले सकते हैं। न्यायालय ने यह स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि इस मार्च में सभी नियमों और शांति व्यवस्था का पालन किया जाए।

बीजेपी ने चिड़ियाखाना की जमीन का अवैध रूप से निजी उपयोग किए जाने के विरोध में यह रैली बुलायी है। इस संदर्भ में पार्टी ने रविंद्र सदन



मेट्रो से नेशनल लाइब्रेरी तक मार्च की अनुमति मांगी थी। हालांकि, पुलिस द्वारा अनुमति न दिए जाने के आरोप के बाद बीजेपी ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोलकाता हाई कोर्ट ने कहा कि रैली रविंद्र सदन से पीटीएस, अलीपुर चिड़ियाखाना होकर नेशनल लाइब्रेरी तक होगा। साथ ही यह भी कहा कि इस रैली में हिस्सा लेने वाले सभी लोगों को शालीनता बनाए रखनी होगी। विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी भी इस रैली में शामिल हो सकते हैं।

## गंगासागर मेले के लिए सियालदह डिवीजन ने किए व्यापक प्रबंध : डीआरएम

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन ने आगामी गंगासागर मेले को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संचालन और यात्रियों की सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए कई प्रबंध किए हैं। बुधवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस ने सियालदह के डीआरएम दीपक निगम ने मीडिया को मेले के दौरान कोलकाता और सियालदह स्टेशन से ईएमयू स्पेशल ट्रेनों के संचालन और सियालदह, प्रिंसेप घाट, नामखाना, काकद्वीप, लक्ष्मीकांतपुर स्टेशन पर विभिन्न सुविधाओं के विस्तार के बारे में जानकारी दी।

मेले की व्यवस्था 9 जनवरी 2025 से शुरू होकर 17 जनवरी 2025 तक चलेगी। नामित मेला अधिकारी 12 जनवरी से 17 जनवरी तक काकद्वीप में तैनात रहेंगे और स्टेशनों पर व्यवस्था



सुनिश्चित करेंगे। मेले के दौरान 9 जनवरी से 17 जनवरी तक सियालदह और नमखाना के बीच 102 अतिरिक्त ट्रेन सेवाएं चलेंगी। आपात स्थिति में भीड़ प्रबंधन के लिए 12 कोच वाली खाली रेक सियालदह और नमखाना स्टेशनों पर तैयार रहेंगी। मेले की अवधि के दौरान विशेष ट्रेनों में महिलाओं के लिए डिब्बों को आरक्षित किया जाएगा।

❑ **गंगासागर मेले में तीर्थयात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान –**

प्रिंसेप घाट, लक्ष्मीकांतोपुर, काकद्वीप और नामखाना स्टेशनों पर पर्याप्त और आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था की गई है। नामखाना स्टेशन के प्लेटफॉर्म 2 की ओर जाने वाले रास्ते और ओवरब्रिज पर भी लाइट की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, पीने के पानी की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। चौबीसों घंटे बिजली से चलने वाले पंप चालू रहेंगे।

यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गए हैं। मोबाइल यूटीएस काउंटर की व्यवस्था की गई है। जिसमें काकद्वीप में 15, नामखाना में 8 और सियालदह में 8 यूटीएस काउंटर शामिल है। इसके अलावा, बीआर सिंह अस्पताल और पर्यावरण एवं सफाई विभाग ने प्रमुख स्टेशनों पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए स्टाफ नियुक्त किए हैं।

❑ **सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम –**

आरपीएफ के 25 अधिकारियों को तैनात किया गया है। काकद्वीप, नमखाना और लक्ष्मीकांतोपुर स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। सियालदह, प्रिंसेप घाट, काकद्वीप और नमखाना में मे आई हेल्प यू बूथ बनाए गए हैं। लाउड हैलर्स से आपातकालीन घोषणाओं की व्यवस्था भी की गई है। सिविल डिफेंस, स्काउट्स एंड गाइड्स और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के स्वयंसेवक रेलवे अधिकारियों की सहायता करेंगे। चिकित्सा सुविधा और पुलिस सहायता बूथ भी बनाए गए हैं।

## बीएसएफ को 'फ्लैग मीटिंग' में बीजीबी के साथ मतभेद सुलझने की उम्मीद : अधिकारी

**कोलकाता :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार को भारत-बांग्लादेश सीमा पर वर्चस्व बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की और कहा कि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के साथ हाल के मतभेदों को 'फ्लैग मीटिंग' के जरिये सुलझाया जाएगा। बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर कांटेदार तार की बाड़ लगाने का काम बीजीबी की आपत्ति पर अस्थायी रूप से रोक दिया गया था और इसके बाद यह कार्य शांतिपूर्ण ढंग से फिर से शुरू हो गया है। बीएसएफ की पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) रवि गांधी ने बताया, 'क्षेत्रीय वर्चस्व कायम है और बीएसएफ मुस्तैदी से सीमाओं की रक्षा कर रही है। समय-समय पर जमीनी स्तर पर मतभेद होते हैं, लेकिन उन मुद्दों को 'फ्लैग मीटिंग' में सुलझा लिया जाएगा।' मालदा के कालियाचक-तृतीय ब्लॉक के सुकदेवपुर इलाके में बाड़ लगाने का काम सोमवार को कुछ समय के लिए रोक दिया गया था, क्योंकि बीजीबी ने दावा किया था कि यह काम बांग्लादेशी क्षेत्र में किया जा रहा है। हालांकि, इस मुद्दे को बातचीत के जरिये सुलझा लिया गया और मंगलवार को बिना किसी रुकावट के काम फिर से शुरू हो गया। एडीजी गांधी ने मंगलवार को कहा, 'बाड़ लगाने का काम अब बिना किसी समस्या के जारी है। बीजीबी जवानों और कमांडरों के बीच जमीनी स्तर पर गलतफहमी दूर हो गई है।' बीएसएफ ने बांग्लादेशी मीडिया में आई उन खबरों को पूरी तरह निराधार बताया, जिनमें आरोप लगाया गया था कि बीजीबी ने अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर भारतीय भूमि के पांच किलोमीटर के हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है। बीएसएफ के एक बयान में कहा गया है, 'संबंधित क्षेत्र भारतीय सीमा में उत्तर 24 परगना जिले के बागदा ब्लॉक के रणघाट गांव में है।' बीएसएफ ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय सीमा कोडालिया नदी के किनारे है, जिसे दोनों ओर संदर्भ स्तंभों द्वारा सीमांकित किया गया है। बीएसएफ का ड्यूटी पैटर्न दशकों से अपरिवर्तित रहा है। बीएसएफ ने उन दावों का भी खंडन किया कि बीजीबी कर्मियों ने मोटर चालित नौकाओं और एटीवी का उपयोग करके क्षेत्र में 24 घंटे गश्त शुरू कर दी है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### कृष्ण जन्मभूमि से जुड़े और मामले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में लाने की मांग

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कृष्ण जन्मभूमि से संबंधित एक स्थानांतरण याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए इसकी अगली तिथि 20 फरवरी, 2025 तय की। इस याचिका में कृष्ण जन्मभूमि से जुड़े और मामले मथुरा की अदालत से उच्च न्यायालय स्थानांतरित किए जाने की मांग की गई है। भगवान श्री कृष्ण लाला विराजमान द्वारा इनके मित्र के जरिए दायर स्थानांतरण याचिका पर न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र ने यह आदेश दिया । याचिका में कृष्ण जन्मभूमि विवाद से जुड़े मामले उच्च न्यायालय स्थानांतरित किए जाने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता रीना एन सिंह और राणा सिंह ने दलील दी कि कृष्ण जन्मभूमि विवाद से जुड़े कई मुकदमों की सुनवाई उच्च न्यायालय द्वारा की जा रही है। यह मामला ऐतिहासिक महत्व का है। उच्च न्यायालय को बताया गया कि छह मामले मथुरा की अदालत में लंबित हैं जिसमें से एक मामला राधा रानी वृषभानु कुमारी (वृंदावन) का है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और अन्य को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 20 फरवरी, 2025 निर्धारित की।

### उच्च न्यायालय ने संभल जामा मस्जिद मामले की सुनवाई पर रोक लगाई

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल में जामा मस्जिद से जुड़े विवाद को लेकर दायर मुकदमे में आगे की सुनवाई पर बुधवार को रोक लगा दी। संभल स्थित जामा मस्जिद की प्रबंधन समिति द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने यह आदेश पारित किया। यह पुनरीक्षण याचिका उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दायर की गई है। उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका में संभल जिला अदालत के समक्ष वाद की पोषणीयता (सुनवाई योग्य होने) को चुनौती दी गई थी।

# आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा, इसकी तुलना नहीं की जा सकती : आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि भारत की सनातन धर्म की परंपरा दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति है और इसकी तुलना किसी मजहब और संप्रदाय से नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों की विरासत उनके पास है जिसके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन भी उतने ही प्रचीन हैं। उन्होंने कहा ''आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा, इसकी तुलना नहीं की जा सकती।'' यहां जारी एक एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित 'महाकुम्भ महासम्मलेन' कार्यक्रम में बोल रहे थे। महाकुम्भ के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा ''देवासुर संग्राम के बाद अमृत की बूंदें प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरीं। इन स्थानों पर महाकुम्भ के आयोजन भारत के ज्ञान, चिंतन और सामाजिक दिशा तय करने का अवसर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। योगी के अनुसार, 2019 के प्रयागराज कुम्भ में यह देखा गया कि कैसे आधुनिक तकनीक, प्रबंधन और संस्कृति का सामंजस्य किया गया। उन्होंने कहा कि यही प्रयास आगामी महाकुम्भ में भी होगा। राष्ट्रीय एकता और हिंदू एकता पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा ''सनातन धर्म हमेशा शिखर पर रहा है। हिंदू एकता और राष्ट्रीय एकता एक-दूसरे के पूरक हैं। इतिहास गवाह है कि जब हम बंटे हैं, तो कमजोर हुए हैं, और जब एकजुट हुए हैं, तो अजेय बने हैं। इसीलिए मैंने पहले कहा था कि 'बंटोगे तो कटोगे' और 'एक रहोगे तो नेक रहोगे।'' वक्फ बोर्ड के नाम पर जमीन कब्जे के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यह समझना मुश्किल है कि वक्फ बोर्ड है या भू-माफियाओं का बोर्ड। उन्होंने कहा ''हमारी सरकार ने वक्फ अधिनियम में संशोधन किया है और एक-एक इंच जमीन की जांच करवा रही है। जिन लोगों ने वक्फ के नाम पर जमीन कब्जाई है, उनसे जमीन वापस ली जाएगी और गरीबों के लिए आवास, शिक्षण संस्थान और अस्पताल बनाए जाएंगे।'' संभल में धार्मिक स्थलों पर विवाद का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संभल में श्रीहरि विष्णु के दसवें अवतार कल्कि का उल्लेख पुराणों में मिलता है।



### झारखंड में भीषण सर्दी का प्रकोप जारी, लातेहार में सबसे कम रहा न्यूनतम तापमान

**रांची :** झारखंड के कई हिस्सों में बुधवार को कड़ाके की ठंड पड़ी और लातेहार 6.5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि खूंटी में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस, पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर में 7.8 डिग्री सेल्सियस, लोहरदगा और सरायकेला में क्रमश: 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। झारखंड की राजधानी रांची में पिछले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने कहा कि 10 जनवरी तक ऐसी ही ठंड पड़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा, आज न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट का अनुमान है।

### आसाराम ने अंतरिम जमानत के लिए जोधपुर उच्च न्यायालय में नयी याचिका दायर की

**जोधपुर :** स्वयंभू संत आसाराम ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय से मिली अंतरिम जमानत का लाभ उठाने के लिए जोधपुर उच्च न्यायालय में एक नयी याचिका दायर की है। उच्चतम न्यायालय ने 2013 के बलात्कार मामले में जेल में बंद आसाराम को मंगलवार को चिकित्सकीय आधार पर 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने आसाराम को रिहाई के बाद अपने अनुयायियों से समूह में नहीं मिलने का निर्देश दिया है। आसाराम को अगस्त 2013 में गिरफ्तार किए जाने के बाद से यह पहली बार है जब उसे किसी भी अदालत से कोई बड़ी राहत मिली है।

### राजस्थान विधानसभा का तीसरा सत्र 31 जनवरी से, डिजिटलीकृत होगी प्रक्रिया

**जयपुर :** राजस्थान की सोलहवीं विधानसभा का तीसरा सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। एक बयान में यह जानकारी दी गयी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि यह सत्र 'नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा)' के तहत पूर्णरुपेण डिजिटलीकृत होगा। आधिकारिक बयान के अनुसार देवनानी ने बुधवार को सत्र की तैयारियों की जानकारी ली। देवनानी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सत्र की शुरुआत राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण से होगी। देवनानी ने कहा है कि सोलहवीं राजस्थान विधान सभा का तृतीय सत्र 'नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा)' के तहत पूर्णरुपेण डिजिटलीकृत होगा।

### बिहार: व्यक्ति अपनी ''हत्या'' के 17 वर्ष बाद जिंदा घर लौटा

**रोहतास (बिहार) :** बिहार में रोहतास जिले के देवरिया गांव में उस व्यक्ति के बुधवार को घर लौट आने से हड़कंप मच गया जिसकी 17 साल पहले कथित ''हत्या'' के मामले में उसके रिश्तेदारों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि उसके चार रिश्तेदारों को 2008 में अकोढ़ीगोला पुलिस थाने में दर्ज हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था और वे दो साल जेल में रहे थे जिसके बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। अकोढ़ीगोला थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि 12 सितंबर 2008 की रात देवरिया गांव निवासी नथुनी पाल की हत्या कर शव को गायब करने का मामला थाने में दर्ज कराया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में देवरिया गांव के चार लोगों-रति पाल, विमलेश पाल, भगवान पाल और सत्येन्द्र पाल को गिरफ्तार किया गया था और उन्हें दो साल बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

## झारखंड के रामगढ़ में सड़क दुर्घटना में तीन स्कूली बच्चों समेत चार की मौत



**रामगढ़ :** झारखंड के रामगढ़ जिले में बुधवार सुबह एक ऑटोरिक्शा के आलू से लदे ट्रक से टकरा जाने के कारण तीन स्कूली बच्चों समेत कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में चार विद्यार्थी भी घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसने बताया कि यह घटना झारखंड की राजधानी रांची से करीब 50 किलोमीटर दूर गोला थाना क्षेत्र के महुआटांड गांव के पास सुबह करीब आठ बजे हुई। रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''ऑटो में सवार तीन स्कूली बच्चों की मौत हो गई और वाहन चालक की भी जान चली गई।'' उन्होंने कहा, ''दुर्घटना में चार छात्र भी घायल हुए हैं। उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।'' रामगढ़ उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि आलू से भरा ट्रक ऑटो से टकराने के बाद पलट गया। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह ने बताया कि चार घायल विद्यार्थियों को अस्पताल लाया गया, जिनमें से एक को रांची के राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर कर दिया गया। मृतकों की पहचान नीरू कुमारी (6), आशीष कुमार महतो (6), अनमोल महतो (5) और चालक सरफराज अंसारी (32) के रूप में की गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्रों की मौत पर दुख व्यक्त किया।

## वैष्णव अखाड़ों का कुम्भ क्षेत्र में हुआ भव्य छावनी प्रवेश

**महाकुम्भ नगर :** त्रिवेणी के तट पर 13 जनवरी से आयोजित होने जा रहे आस्था के जन समागम महाकुम्भ में सनातन धर्म के ध्वजवाहक अखाड़ों की दुनिया तेजी से विस्तार ले रही है। इसी क्रम में शैव उपासक संन्यासी अखाड़ों के छावनी क्षेत्र में प्रवेश के बाद बुधवार को विष्णु उपासक वैष्णव अखाड़ों का भी भव्य छावनी प्रवेश हुआ। शहर के के पी ग्राउंड परिसर से तीनों वैष्णव अखाड़ों- पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा, पंच दिगंबर अनी अखाड़ा और पंच निर्मोही अनी अखाड़ा की भव्य छावनी प्रवेश यात्रा प्रारंभ हुई। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु राम भद्राचार्य की अगुवाई में निकली इस प्रवेश यात्रा में 10,000 से अधिक वैष्णव उपासक संत शामिल हुए। अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अणि अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत राजेंद्र दास ने कहा कि प्रवेश यात्रा में तीनों वैष्णव अखाड़ों के सौ से अधिक महामंडलेश्वरों और द्वाराचार्यों ने हिस्सा लिया। तीनों वैष्णव अखाड़ों की छावनी प्रवेश यात्रा देखने के लिए शहर के मार्गों में दोनों तरफ हज़ारों लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा में सबसे आगे तीनों अखाड़ों के इष्ट भगवान हनुमान की धर्म ध्वजा और मूर्ति के बाद अखाड़ों के खालसों की रंग बिरंगी धर्म ध्वजा लहरा रही थी। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य के रथ के बाद बैंड बाजे के साथ हाथी, घोड़े और ऊंट की सवारी में सिंहासन में विराजमान संत चल रहे थे। इन सबके बीच वैष्णव अखाड़ों के संतों के युद्ध कला कौशल का प्रदर्शन सबके लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। एक हाथ में माला और एक हाथ में भाला के संकल्प को दर्शाती इस युद्ध कला का प्रदर्शन कर रहे संतो पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई।

### उत्तर प्रदेश के पशुपालन मंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में चार गोवंश कथित तौर पर मृत पाए गए

**बरेली (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह के निर्वाचन क्षेत्र आंवला में भोजपुर मढ़ी गांव की एक गौशाला में चार गौवंश कथित तौर पर मृत पाए गए। इस मामले में जिलाधिकारी ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मृत पशुओं की खबर फैलते ही मंगलवार देर रात बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ताओं ने गौशाला पहुंचकर हंगामा किया। जिलाधिकारी रवींन्द्र कुमार ने बुधवार को विकास खण्ड मझगवां के भोजपुर मढ़ी गांव में स्थित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण कर गौवंशों को ठंड से बचाव हेतु व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## आईआईटी-जेईई की तैयारी कर रहे एक विद्यार्थी ने की आत्महत्या


**कोटा/जयपुर :** राजस्थान में कोटा जिले के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में 'आईआईटी-जेईई (इंजीनियरिंग संयुक्त प्रवेश परीक्षा)' की तैयारी कर रहे हरियाणा के 19 वर्षीय एक विद्यार्थी ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि छात्रावास मालिक द्वारा छात्र के फांसी लगा लेने की जानकारी पुलिस और परिजनों को दी गई। सर्किल पुलिस निरीक्षक बुधराम जाट ने बताया कि 12वीं कक्षा का छात्र नीरज कोटा के एक कोचिंग संस्थान में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहा था और वह राजीव गांधी नगर के एक छात्रावास में रहता था। उन्होंने बताया कि नीरज ने मंगलवार देर शाम छात्रावास के कमरे में फांसी लगा ली। उनके अनुसार हालांकि घटना के बारे रात साढ़े 10 बजे उस समय पता चला जब 'केयरटेकर' ने कमरे का दरवाजा खटखटाया और कोई जवाब नहीं मिला। जाट ने बताया कि छात्र ने यह कदम क्यों उठाया इसका पता नहीं चल पाया है। उनका कहना है कि नीरज के कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

### ट्रांसफॉर्मर चोरी के कारण उत्तर प्रदेश के एक गांव में 25 दिन से बिजली नहीं, ग्रामीण परेशान

**बदायूं (उप्र) :** बदायूं जिले के उघैती क्षेत्र में सोरहा गांव के लोग 250 केवीए के ट्रांसफॉर्मर की चोरी के बाद 14 दिसंबर से बिना बिजली के रहे हैं। स्थानीय लोगों और अधिकारियों के अनुसार चोरों ने पास के खेतों से ट्रांसफॉर्मर को उखाड़ दिया, उसके पुर्जे और अन्य कीमती सामानों को चुरा लिया और फिर वे भाग गए। बिजली विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस और बिजली विभाग ने जांच शुरू की, लेकिन 25 दिन बीत जाने के बाद भी गांव में कोई नया ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है। इससे ग्रामीणों में निराशा बढ़ रही है, जिन्हें अब बिजली न होने के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# समाज्ञा हेल्थ

## क्या फिर बनेंगे कोरोना जैसे हालात, लगेगा लॉकडाउन?



ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) देखते ही देखते कई देशों में फैलता जा रहा है। चीन से शुरू हुआ संक्रमण यूएस-मलेशिया के बाद अब भारत में भी पहुंच गया है। छह दिसंबर (सोमवार) को सबसे पहले कर्नाटक में संक्रमण का पहला मामला रिपोर्ट किया गया। 24 घंटे के भीतर ही ये तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र में भी पहुंच गया। जिस गति से एचएमपीवी बढ़ रहा है उसने लोगों को ये सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या कोरोना के बाद अब एचएमपीवी के कारण एक बार फिर से हालात बिगड़ने वाले हैं?

ये सवाल इसलिए भी मजबूत हो जाता है क्योंकि चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस संक्रमण को लेकर जो खबरें और वीडियो सामने आए उसमें अस्पतालों-श्मशान घाटों पर उसी तरह की भीड़ देखी गई जैसे कोरोना की दूसरी लहर के समय था। इसके अलावा मलेशिया में वैसे तो ये संक्रमण काफी पहले से है हालांकि साल 2024 में पिछले साल की तुलना में यहां संक्रमण के मामलों में 45 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है।

इन रिपोर्ट्स ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या फिर एक बार कोरोना जैसे हालात बन रहे हैं? आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं।

चीन के बाद मलेशिया, अमेरिका और भारत में भी पहुंच गया संक्रमण

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन के बाद अब ये वायरस कई अन्य देशों में भी फैल गया है।

स्ट्रेट टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, मलेशिया में 2024 में 327 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 में 225 मामलों से 45% अधिक है। मलेशियाई स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से बार-बार हाथ धोने, मास्क पहनने और खांसते-छींकते समय मुंह और नाक को ढकने जैसे निवारक उपाय करने का आग्रह किया है।

अमर उजाला से बातचीत में अमेरिका में एचएमपीवी संक्रमितों का इलाज कर रहे फिजिशियन डॉ रविंद्र गोडसे ने बताया कि अमेरिका में कुछ लोगों में संक्रमण की पुष्टि की गई है हालांकि ज्यादातर लोग आसानी से ठीक हो रहे हैं इसलिए ज्यादा चिंता की जरूरत नहीं है।

कोरोना से मिलते-जुलते लक्षण पर कोरोना जैसा नहीं

कोरोना के मामले भले ही अब काफी कंट्रोल में हैं पर दूसरी लहर के दौरान की स्थितियां अब भी लोगों के मन में बसी हुई हैं। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के लक्षण और जटिलताएं चूंकि काफी हद तक कोरोना से मिलते-जुलते हैं इसलिए एक बार फिर से लोगों में डर देखा जा रहा है।

हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी लोगों को आश्वसत किया है कि एचएमपीवी से डरने या घबराने की जरूरत नहीं है। ये श्वसन तंत्र को भले ही प्रभावित करने वाली समस्या है पर इसके कारण कोरोना जैसी गंभीरता का खतरा नहीं है।

एचएमपीवी के ज्यादातर संक्रमितों में फ्लू जैसे लक्षण होते हैं, कुछ लोगों में इसके कारण अस्थमा या ब्रोंकाइटिस के मामले जरूर ट्रिगर हो सकते हैं। कोरोना संक्रमण की स्थिति में भी लक्षण इसी से मिलते-जुलते देखे गए थे।

क्या फिर बनेगी लॉकडाउन जैसी स्थिति?

डॉक्टर कहते हैं, चीन की स्थिति को देखकर लोगों को भले ही डर लग रहा हो, वहां काफी तेजी से संक्रमण के मामले बढ़े हैं, पर वहां की स्थिति काफी अलग है जिसकी अन्य देशों से तुलना नहीं की जानी चाहिए।

चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के बढ़ने और बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित करने का मुख्य कारण वहां कोविड के दौरान लागू की गई 'जीरो-कोविड पॉलिसी' है। वहां मार्च 2020 में लॉकडाउन लगा जो बड़ी सख्ती के साथ दिसंबर 2023 तक चलता रहा। इस दौरान जन्म लेने वाले बच्चे न तो स्कूल गए, न ही उनका दूसरे लोगों से मिलना-जुलना या संपर्क ज्यादा हुआ। यही वजह रही कि ऐसे बच्चों में प्राकृतिक इम्युनिटी विकसित ही नहीं हो पाई। इस वजह से वहां बच्चे इन नए म्यूटेटेड वायरस से अधिक प्रभावित देखे जा रहे हैं।

जबकि अन्य देशों में बच्चों में श्वसन रोगों को लेकर हर्ड इम्युनिटी बन चुकी है, ऐसे में और कहीं चीन जैसे हालात होंगे इसकी आशंका कम है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के कारण लॉकडाउन की आशंका नहीं है।

इस वायरस से कितना डरने की जरूरत?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, भारत में न तो एचएमपीवी का ज्यादा खतरा है और न ही इससे बचाव के लिए कोई बहुत खास उपाय की आवश्यकता है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने संक्रमण से बचाव के लिए हाथों की स्वच्छता, सतहों को छूने से बचने और इम्युनिटी बढ़ाने के प्रयास करने की सलाह दी है। जिन लोगों को पहले से कोमोरबिडिटी है या किसी गंभीर रोग का शिकार रहे हैं जिसने इम्युनिटी बहुत बिगाड़ दिया है उन्हें मास्क लगाने और सामाजिक दूर का ध्यान रखने की सलाह दी जाती है।

## सर्दी-जुकाम से हैं परेशान? जानिए कैसे पाएं इससे आराम, क्या खाएं-क्या नहीं

उत्तर भारत के कई राज्य इन दिनों भीषण ठंड और शीतलहर का प्रकोप झेल रहे हैं। कुछ दिनों से राजधानी दिल्ली में पारा 8-10 डिग्री के बीच बना हुआ है। कम होता तापमान सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण माना जाता है, विशेषतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को इन दिनों में खास सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ठंड के दिनों में सेहत को लेकर बरती गई जरा सी भी लापरवाही के कारण आपको सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं हो सकती हैं। वैसे तो ये स्थित बहुत आम है, हालांकि सर्दी-जुकाम आपके लिए दिक्कतें जरूर बढ़ा देती है।

डॉक्टर कहते हैं, बच्चों को सर्दी-जुकाम होने का खतरा अधिक होता है क्योंकि वह ठंड से अच्छी तरह से बचाव नहीं कर पाते हैं। वयस्कों-बुजुर्गों में भी इसका जोखिम होता है। क्या आप भी इस समस्या से परेशान हैं? अगर हां, तो आइए जानते हैं कि इससे कैसे राहत पाई जा सकती है? सर्दी-जुकाम होने पर खान-पान कैसा रखना चाहिए और किन चीजों से परहेज करना चाहिए?

**ठंड के कारण सर्दी-जुकाम की समस्या**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सर्दी-जुकाम होने पर हम सभी ओवर-द-काउंटर दवाएं खा लेते हैं, हालांकि हर बार इस तरह की छोटी-छोटी दिक्कतों में दवा का सहारा लेना ठीक नहीं है। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए जिससे आपमें इन बीमारियों का जोखिम कम हो सके। इसके अलावा सर्दी-जुकाम होने पर आप आहार में कुछ सुधार करके भी जल्द रिकवरी पा सकते हैं।

आइए उन लाभकारी खाद्य पदार्थों के बारे में जानते हैं जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाना देने और गले की समस्याओं को कम करने में फायदेमंद हो सकते है? आपको सर्दी-जुकाम हो जाए तो क्या खाना चाहिए और किन चीजों से परहेज करना चाहिए।

**सर्दी-जुकाम से राहत पाने के लिए क्या खाएं?**

सर्दी-जुकाम आम समस्या है खासकर ठंड के मौसम में। सही खानपान से इसमें आराम पाया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, गर्म पानी और हर्बल टी से इसमें काफी आराम पाया जा सकता है। हर्बल टी जैसे तुलसी, अदरक, शहद वाली चाय गले की खराश को कम करने और बंद नाक खोलने में मदद करती है। अदरक में एंटीइन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो गले की सूजन को कम करते हैं वहीं शहद खांसी को शांत करता है।

हल्दी वाला दूध पीना भी आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। हल्दी में एंटीबायोटिक और एंटीवायरल गुण होते हैं। इसे गर्म दूध में मिलाकर पीने से आराम मिलता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जुकाम की समस्या में गर्म तासीर वाली चीजों से आराम पाया जा सकता है।

**किन चीजों से करें परहेज?**

सर्दी-जुकाम की समस्या से परेशान हैं तो कुछ चीजों से परहेज किया जाना चाहिए। ठंडा और तला-भुना खाना आपकी सेहत के लिए ठीक नहीं है। आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, और फ्राई चीजें खाने से गले में सूजन और खांसी बढ़ सकती है। ज्यादा चीनी और मसालेदार भोजन के कारण भी सेहत पर नकारात्मक असर हो सकता है। इसके अलावा उन चीजों से भी बचाव करना चाहिए जिनकी तासीर ठंडी होती है। इसके कारण भी स्वास्थ्य पर असर हो सकता है।

**सेहत को ठीक रखने के लिए इन बातों पर भी रखें ध्यान**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अच्छी सेहत चाहते हैं तो सर्दी-जुकाम जैसी दिक्कतों से बचे रहना है तो ठंड के मौसम में दिन में कई बार गर्म पानी पिएं। जुकाम के कारण अगर नाक बंद है तो भाप लें, इससे भी आराम पाया जा सकता है। पर्याप्त नींद लें और शरीर को आराम करें। सर्दी-जुकाम होने का मुख्य कारण इम्युनिटी कमजोर होना है, इसे ठीक रखने के लिए खान-पान में एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन्स से भरपूर चीजों को शामिल करें।

सामान्य उपायों से अगर आपको सर्दी-जुकाम में आराम न मिल रहा हो तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें ले।

## हाथों-पैरों में ऐसी दिक्कत का मतलब आपमें हो गई है विटामिन बी-12 की कमी



शरीर को स्वस्थ और फिट रखने के लिए हमें नियमित रूप से आहार के माध्यम से पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। प्रोटीन, विटामिन्स, मिनरल्स और अन्य माइक्रोन्यूट्रिएंट्स शरीर को स्वस्थ रखने और अंगों को ठीक तरीके से काम करने में मदद करते हैं। जिन लोगों में इन पोषक तत्वों की कमी हो जाती है उनमें कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को ठीक तरीके से काम करने के लिए विटामिन-बी12 की जरूरत होती है। सभी लोगों को अपने आहार में इस विटामिन से भरपूर चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए।

विटामिन-बी12 एक आवश्यक पोषक तत्व है जिसकी आपके शरीर को डीएनए संश्लेषण, ऊर्जा उत्पादन और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के कार्यों के लिए आवश्यकता होती है। कई रिपोर्ट्स से पता चलता है कि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में विटामिन बी-12 की कमी होने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है।

आइए जानते हैं कि इस विटामिन की कमी के क्या नुकसान हो सकते हैं और कैसे पता किया जाए कि आपके शरीर में विटामिन बी-12 की कमी हो गई है?

### विटामिन बी-12 की कमी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, चूंकि उम्र के साथ भोजन से बी12 को अवशोषित करने की क्षमता कम हो जाती है, इसलिए वृद्ध लोगों में इसकी कमी अधिक देखी जाती है। वहीं यदि आप पौष्टिक चीजों का सेवन नहीं करते हैं या आपको कुछ बीमारियां हैं तो इसके कारण भी आपमें इस पोषक तत्व की कमी हो सकती है।

जिन लोगों में विटामिन बी-12 की मात्रा कम हो जाती है उन्हें अक्सर कमजोरी-थकान, त्वचा के पीला पड़ने, अक्सर सिरदर्द होने, पाचन की दिक्कत होती रह सकती है। इसके अलावा शरीर के कुछ संकेतों के आधार पर भी आप जान सकते हैं कि कहीं आपमें इसकी कमी तो नहीं है?

### हाथ और पैर में जलन या चुभन

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, विटामिन बी12 की कमी वाले लोगों को शरीर के कुछ हिस्सों जैसे हाथ और पैर में जलन या चुभन जैसी दिक्कतों का अनुभव होता रहता है। डॉक्टर कहते हैं, विटामिन बी12 की कमी का यह लक्षण डायबिटिक न्यूरोपैथी से संबंधित लक्षणों से मेल खाता है। डायबिटिक न्यूरोपैथी, हाई शुगर के कारण तंत्रिकाओं में होने वाली समस्या है। अगर आपको भी हाथों-पैरों में इस तरह की दिक्कत का अनुभव होता रहता है तो एक बार किसी चिकित्सक से मिलकर समस्या का सही निदान जरूर करा लें।

### ध्यान केंद्रित करने कठिनाई

बी12 की कमी तंत्रिका तंत्र पर भी नकारात्मक असर डालती है, यही कारण है कि जिन लोगों में इसकी कमी होती है उन्हें ध्यान केंद्रित करने और कार्यों को पूरा करने में कठिनाई हो सकती है। कई अध्ययनों में वृद्ध लोगों में मानसिक क्षमता में कमी को भी विटामिन बी-12 की कमी से जोड़कर देखा जाता रहा है। शोधकर्ता बताते हैं, अगर आप इस पोषक तत्व का स्तर ठीक कर लेते हैं तो मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार हो सकता है।

### कैसे प्राप्त करें विटामिन बी-12

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, विटामिन बी-12 के लिए इससे भरपूर चीजों के सेवन पर ध्यान देना चाहिए। सप्लीमेंट्स से पोषक तत्व प्राप्त करना ज्यादा सुरक्षित नहीं माना जाता है। आमतौर पर विटामिन बी12 की कमी उन लोगों में अधिक होती है जो शाकाहारी हैं यानी मछली-मांस और अंडे नहीं खाते हैं। हालांकि ऐसे लोग हरी पत्तेदार सब्जियों, नट्स और सीड्स से कुछ मात्रा में इस विटामिन की पूर्ति कर सकते हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### गूगल मैप्स के जरिये नगालैंड पहुंची असम पुलिस की टीम, स्थानीय लोगों ने बनाया बंधक

**गुवाहाटी :** असम पुलिस की 16-सदस्यीय एक टीम छापेमारी के दौरान 'गूगल मैप्स' के जरिये अनजाने में नगालैंड के मोकोकचुंग जिले में पहुंच गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मियों को अपराधी समझकर उनपर हमला कर दिया और उन्हें रात भर बंधक बनाकर रखा। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। असम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यह घटना मंगलवार रात को उस समय हुई जब जोरहाट जिला पुलिस की एक टीम एक आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही थी। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''यह चाय के बागान वाला इलाका था, जिसे गूगल मैप पर असम में दिखाया गया था। हालांकि, यह वास्तव में नगालैंड के अंदर था। जीपीएस पर भ्रम और भ्रामक मार्गदर्शन के कारण अपराधी की तलाश में टीम नगालैंड की सीमा में चली गई।'' उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने असम पुलिस की टीम के कर्मियों को अत्याधुनिक हथियार लेकर आया बदमाश समझा और उन्हें हिरासत में ले लिया।

### इसरो ने उपग्रह 'डॉकिंग' प्रयोग को फिर टाला

**बेंगलुरु :** इसरो ने दो उपग्रहों को जोड़ने से संबंधित अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग (स्पेडेक्स) को बुधवार को स्थगित कर दिया। एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया के दौरान कुछ खामी के कारण यह फैसला किया गया। स्पेडेक्स नामक यह प्रयोग नौ जनवरी को होने वाला था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''उपग्रहों के बीच 225 मीटर की दूरी तक पहुंचने के लिए अभ्यास के कुछ खामी देखी गई। कल के लिए नियोजित डॉकिंग प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है। उपग्रह सुरक्षित हैं।'' यह दूसरी बार है जब इसरो ने स्पेडेक्स प्रयोग को टालने का निर्णय किया है। इससे पहले यह प्रयोग सात जनवरी के लिए निर्धारित किया गया था लेकिन अब नौ जनवरी के प्रयोग को भी स्थगित कर दिया गया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि स्पेडेक्स एक महत्वपूर्ण परियोजना है जिसे दो छोटे उपग्रहों का उपयोग करके अंतरिक्ष यान के मिलान, डॉकिंग और अनडॉकिंग के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी को विकसित करने और प्रदर्शित करने को लेकर तैयार किया गया है। इसरो ने कहा, ''स्पेडेक्स प्रयोग अंतरिक्ष डॉकिंग में भारत की क्षमताओं को आगे बढ़ाने में एक मील का पत्थर साबित होगा। अंतरिक्ष डॉकिंग उपग्रह सर्विसिंग, अंतरिक्ष स्टेशन संचालन और अंतरग्रहीय मिशन सहित भविष्य के अंतरिक्ष मिशन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी है।''

### हिमाचल प्रदेश: आईएमडी ने पांच जिलों में शीतलहर और घने कोहरे का 'येलो' अलर्ट जारी किया

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के शिमला मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को राज्य के 12 जिलों में से पांच जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी में अलग-अलग स्थानों पर शीत लहर, पाला गिरने और घने कोहरे का 'येलो' अलर्ट जारी किया। विभाग ने इन पांच जिलों के लिए बृहस्पतिवार के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया जबकि शुक्रवार को घने कोहरे का पूर्वानुमान जताया है। इस बीच, ऊना जिला मंगलवार रात को भीषण शीतलहर की चपेट में रहा, जहां न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा जबकि लाहौल एवं स्पीति जिले के ताबो में रात के समय तापमान शून्य से नीचे 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हमीरपुर, मंडी और कांगड़ा जिलों में शीतलहर जबकि बिलासपुर और मंडी में घना कोहरा देखा गया। कांगड़ा में हल्का कोहरा रहा। उत्तर-पश्चिम भारत में 11 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ बनने की उम्मीद है और मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को कुछ स्थानों पर बारिश व हिमपात का पूर्वानुमान जताया है। शुक्रवार तक मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा और लाहौल-स्पीति तथा किन्नौर में कुछ स्थानों को छोड़कर अधिकांश जगह बर्फबारी हो सकती है।

# अब समय है आंध्र प्रदेश नयी भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी का केंद्र बने: प्रधानमंत्री मोदी

## आंध्र प्रदेश में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया

**विशाखापत्तनम :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि आंध प्रदेश अपनी नवोन्मेषी प्रकृति के कारण सूचना और प्रौद्योगिकी का इतना बड़ा केंद्र बना है लेकिन अब समय है कि दक्षिण का यह महत्व-पूर्ण राज्य नयी भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी का केंद्र बने। प्रधानमंत्री ने यहां हरित ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के




बाद अपने संबोधन में यह बात कही। वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद मोदी की राज्य की यह पहली यात्रा थी। आंध्र प्रदेश में तेदेपा, भाजपा और जनसेना के गठजोड़ ने केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की मौजूदगी में डिजिटल माध्यम से विशाखापत्तनम के पास पुदीमदका में अत्याधुनिक एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की हरित हाइड्रोजन हब परियोजना की आधारशिला भी रखी। यह राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत पहला हरित हाइड्रोजन हब है। मोदी ने कहा, ''आंध्र प्रदेश अपनी नवोन्मेषी प्रकृति के कारण सूचना और प्रौद्योगिकी का इतना बड़ा केंद्र है। अब समय है कि आंध्र नयी भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी का केंद्र बने। हमें उभरती हुई तकनीकों का नेतृत्व करना चाहिए, जैसे कि हरित हाइड्रोजन का उपयोग, जो भविष्य का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है।''

## विपक्षी सांसदों ने एक साथ चुनाव संबंधी विधेयकों पर सवाल उठाए, भाजपा सदस्यों ने समर्थन किया

**नयी दिल्ली :** लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले दो विधेयकों पर विचार करने के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति की पहली बैठक में बुधवार को सदस्यों के बीच जमकर तर्क-वितर्क हुए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने एक साथ चुनाव के विचार की पुरजोर पैरवी की तो विपक्षी सदस्यों ने इस विचार को लेकर सवाल खड़े करते हुए कहा कि यह संविधान के मूल ढांचे पर हमला है। इस 39 सदस्यीय समिति की बैठक में भाग लेने वाले सांसदों ने विधेयकों के प्रावधानों और औचित्य पर विधि और न्याय मंत्रालय की एक प्रस्तुति के बाद अपने विचार व्यक्त किए तथा सवाल पूछे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा समेत कई विपक्षी सांसदों ने इस दावे पर सवाल उठाया कि एक साथ चुनाव कराने से खर्च कम होगा। उन्होंने पूछा कि क्या 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद खर्च का कोई अनुमान लगाया गया? 2004 के लोकसभा चुनाव सभी 543 सीटों पर पहली बार ईवीएम का इस्तेमाल किया गया था और माना जाता है कि इससे लागत कम हो गई थी। सूत्रों के अनुसार, भाजपा के एक अन्य सांसद वी.डी. शर्मा ने कहा कि एक साथ चुनाव का विचार लोकप्रिय भावना को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने जनता के बीच 25,000 से अधिक लोगों से परामर्श किया था, जिसमें अधिसंख्य ने इस विचार का समर्थन किया था।

## असम में कोयला खदान में फंसे नौ खनिकों में से एक का शव बरामद

**गुवाहाटी :** असम के दीमा हस-ाओ जिले में कोयला खदान में फंसे नौ मजदूरों में से एक का शव सेना के गोताखोरों ने बुधवार को बचाव अभियान के तीसरे दिन बरामद कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आठ अन्य खनिकों के बचने की संभावना कम है, हालांकि नौसेना, सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कर्मियों की एक टीम ने खनिकों को बचाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। सोमवार को उमरंगसो के 3 किलो क्षेत्र में स्थित असम कोयला खदान में अचानक पानी भर जाने से मजदूर फंस गए थे। अधिकारियों ने बताया



कि बचाव दल बारी-बारी से खदान में प्रवेश कर रहे हैं, और अभियान चौबीस घंटे जारी है। गोताखोरों ने सतह से लगभग 85 फुट नीचे शव देखा। मृतक की पहचान नेपाल के उदयपुर जिले के गंगा बहादुर श्रेष्ठो के तौर पर हुई है। विशेष पुलिस महानिदेशक हरमीत सिंह ने कहा, उसके परिवार के सदस्यों से संपर्क कर लिया गया है और शव को जांच और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गृह मंत्रालय ने राज्यों से कारागारों में भीड़ कम करने के लिए कदम उठाने को कहा

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने सभी राज्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि निर्दिष्ट अधिकतम कारावास की अवधि का आधा हिस्सा जेल में काट चुके उन अपराधों के लिए गिरफ्तार विचाराधीन कैदियों को रिहा किया जाना चाहिए जिनके लिए मृत्युदंड या आजीवन कारावास की सजा निर्दिष्ट नहीं की गई है ताकि कारागारों में भीड़ कम हो सके। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और जेल महानिदेशकों को भेजे पत्र में कहा कि जेल प्राधिकारियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) की धारा 479 के प्रावधानों के तहत ऐसे पात्र कैदियों की रिहाई के लिए संबंधित अदालत से संपर्क करना चाहिए। बीएनएसएस की धारा 479 में कहा गया है कि यदि किसी कैदी के लिए उस अपराध के लिए निर्दिष्ट कारावास की अधिकतम अवधि का आधा समय जेल में काट लिया है जिसके लिए उसे जांच, पूछताछ या सुनवाई की अवधि के दौरान जेल में रखा गया है, तो उसे रिहा किया जाना चाहिए, बशर्ते कि यह ऐसा अपराध न हो जिसके लिए कानून के तहत मृत्यु या आजीवन कारावास की सजा निर्दिष्ट की गई हो। पत्र में कहा गया है, ''पहली बार अपराध करने वाले ऐसे कैदियों को अदालत द्वारा मुचलके पर रिहा किया जाएगा, जो उस अपराध के लिए कारावास की अधिकतम अवधि का एक तिहाई हिस्सा जेल में काट चुके हैं। इसके अलावा, बीएनएसएस की धारा 479 (3) जेल अधीक्षक पर एक विशिष्ट जिम्मेदारी डालती है कि वह उपरोक्त विचाराधीन कैदियों को जमानत/मुचलके पर रिहा करने के लिए संबंधित अदालत में आवेदन करे।'' मंत्रालय ने कहा कि उसने 16 अक्टूबर, 2024 को इस मुद्दे पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक परामर्श जारी किया था और उनसे अनुरोध किया था कि वे सभी पात्र कैदियों को बीएनएसएस की धारा 479 के प्रावधानों का लाभ प्रदान करें और तदनुसार अदालत में उनकी जमानत याचिका दायर करें।

## आरेडिका में प्रगति पत्रिका के दिसम्बर अंक का विमोचन

**रायबरेली :** आरेडिका में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुयी। बैठक में पिछली त्रैमासिक में राजभाषा पर किये गये कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई एवं आगामी होने वाले राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों पर चर्चा की गई।महाप्रबंधक महोदय ने प्रगति पत्रिका के दिसम्बर-2024 अंक का विमोचन किया । इस पत्रिका में समस्त विभागों से प्राप्त लेखों यथा काव्य संग्रह, कहानियां, संस्मरण, रेखाचित्र, आदि को शामिल किया गया। महाप्रबंधक महोदय ने प्रगति पत्रिका के इस अंक में प्रकाशित लेखों की सराहना की। मुख्य राजभाषा आधिकारी, रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने



बताया कि प्रगति पत्रिका के तीन सर्वश्रेष्ठ रचनाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिससे अन्य लोगों को भी राजभाषा में लेखन को प्रोहत्सान मिलेगा। बैठक में आरेडिका के पीएफए बीएल मीना, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीईई हरीश चन्द्र, पीसीएमएम राजीव खण्डेवाल, पीसीएससी रमेश चन्द्र, मुख्य राजभाषा आधिकारी रूपेश कुमार श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी श्री राजेश कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने महाकुंभ को समर्पित दो गीतों को लॉन्च किया






**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुंभ 2025 को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन द्वारा निर्मित विशेष गीत बुधवार को लॉन्च किये। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कैलाश खेर द्वारा गाए गए गीत 'महाकुंभ है' को दूरदर्शन द्वारा तैयार किया गया। प्रसिद्ध लेखक आलोक श्रीवास्तव द्वारा लिखे गए इस गीत के बोल संगीतकार क्षितिज तारे ने तैयार किए हैं। इस गीत में आस्था, परंपरा और उत्सव के संगम को खूबसूरती से पिरोया गया है जो महाकुंभ को परिभाषित करता है। वैष्णव ने प्रयागराज में 12 साल में एक बार होने वाले उत्सव को समर्पित आकाशवाणी की एक विशेष रचना 'जय महाकुंभ' का भी शुभारंभ किया। रतन प्रसन्ना की आवाज और संतोष नाहर तथा रतन प्रसन्ना के संगीत ने इस गीत को जीवंत कर दिया है।

## इस देश का हर नागरिक एक सैनिक के समान: वायुसेना प्रमुख

**नयी दिल्ली :** भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत का हर नागरिक एक सैनिक के समान है और वर्दी में देश की सेवा करने का एक अलग ही मजा है लेकिन कोई भी व्यक्ति बिना सैन्य वर्दी के भी देश की सेवा कर सकता है। दिल्ली छावनी में आयोजित गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने एनसीसी के चरित्र को रेखांकित किया और कहा कि यह वह स्थान है जहां विभिन्न पृष्ठभूमि के लोग 'एक हो जाते हैं' और भारत के सार को आत्मसात करते हैं। उन्होंने कहा कि



एनसीसी और गणतंत्र दिवस शिविर में प्रशिक्षित भारत के युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार किया जा रहा है क्योंकि वे भारत का भविष्य हैं, जो आगे चलकर विभिन्न जिम्मेदारियों को अपनाएंगे। वायुसेना प्रमुख ने कहा, मैंने सुना है कि कई कैडेटों ने सशस्त्र बलों (सेना, नौसेना और वायुसेना) में शामिल होने की इच्छा जताई है। यह बहुत बढ़िया है कि आप ऐसा करना चाहते हैं क्योंकि वर्दी में राष्ट्र की सेवा करने का एक अलग ही मजा है। लेकिन राष्ट्र की सेवा करने के लिए किसी को वर्दी पहनना जरूरी नहीं है। यह एक ऐसी बात है जिसे हमें याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा केवल वर्दी में रहने वालों तक ही सीमित नहीं है और न ही देशभक्ति केवल उन्हीं तक सीमित है बल्कि 'यह इस देश के हर नागरिक में, हर व्यक्ति में होती है।'

# कटरा-बनिहाल खंड पर तेज रफ्तार ट्रेन के सफल परीक्षण ने रेल इतिहास में नया अध्याय जोड़ा : सीआरएस

**बनिहाल/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर में कटरा से बनिहाल तक भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण 'चढ़ाई वाले ट्रैक' पर तेज रफ्तार ट्रेन के सफल परीक्षण के साथ भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया। उत्तरी सर्किल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) दिनेश चंद देशवाल ने बुधवार को यह बात कही। देशवाल की इस टिप्पणी को कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच सीधी रेल सेवाओं की जल्द शुरुआत के लिहाज से एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि वे आज दो-दिवसीय वैधानिक निरीक्षण पूरा होने के बाद जुटाए गए डेटा का विश्लेषण करेंगे,



जिसके बाद ही केंद्र इस बहुप्रतीक्षित रेल सेवा को शुरू करने के बारे में कोई फैसला लेगा। कटरा रेलवे स्टेशन से रवाना तेज गति ट्रेन के सफलतापूर्वक बनिहाल पहुंचने के बाद पत्रकारों से मुखातिब देशवाल ने कहा कि उनकी टीम कटरा लौटेगी और कश्मीर के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने के संबंध में कोई निर्णय लेने से पहले एकत्रित समस्त डेटा का विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने बताया, ''कटरा से बनिहाल तक भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 180 डिग्री के कोण पर चढ़ते ट्रैक पर 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन के सफल परीक्षण ने रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है। परीक्षण सुचारू रहा। हम इससे पूरी तरह से संतुष्ट हैं। इसका श्रेय हमारे इंजीनियरों को जाता है, जिन्होंने इतना शानदार काम किया है।'' सीआरएस के मुताबिक, परीक्षण ट्रेन सुबह 10.30 बजे कटरा स्टेशन से रवाना हुई और डेढ़ घंटे में बनिहाल स्टेशन पहुंची। उन्होंने बताया कि ट्रेन ने दोपहर दो बजे कटरा के लिए वापसी की यात्रा शुरू की और 3.30 बजे अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची। सीआरएस के अनुसार, यह इस ट्रैक पर अंतिम परीक्षण है। नवनिर्मित रेलवे लाइन के दो-दिवसीय वैधानिक निरीक्षण के लिए कटरा पहुंचे देशवाल ने कहा कि कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच रेल सेवाएं शुरू करने पर अंतिम फैसला केंद्र सरकार लेगी। उन्होंने कहा, ''मैं इस बारे में (रेल सेवाओं की शुरुआत) बात करने की स्थिति में नहीं हूं। वैधानिक निरीक्षण आज शाम तक पूरा हो जाएगा और सभी एकत्रित डेटा का उत्तर रेलवे के दिशा-निर्देशों के अनुसार विश्लेषण किया जाएगा।'' सीआरएस के मुताबिक, कटरा-बनिहाल खंड पर अब तक का परीक्षण और निरीक्षण संतोषजनक रहा है।

## मालदीव के रक्षा मंत्री से मुलाकात के बाद राजनाथ ने कहा

### चर्चा से हमारे संबंधों में 'नया उत्साह' आएगा

**नयी दिल्ली :** भारत ने बुधवार को मालदीव को बताया कि वह उसकी रक्षा तैयारियों को बढ़ाने में सहयोग देने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समुद्री सुरक्षा सहयोग पर केंद्रित व्यापक वार्ता के लिए मालदीव के अपने



समकक्ष मोहम्मद घासन मौमून की मेजबानी की। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि चर्चा से भारत-मालदीव संबंधों में ''नया उत्साह'' आएगा। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, बैठक में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों ने भारत-मालदीव व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए संयुक्त दृष्टिकोण को साकार करने में मिलकर काम करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दो-हराई। मौमून भारत की तीन-दिवसीय यात्रा पर हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की मांग पर भारत द्वारा अपने सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाए जाने के करीब आठ माह बाद इस द्वीपीय देश के रक्षा मंत्री यहां के दौरे पर आए हैं। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के कदमों के बाद भारत-मालदीव के संबंधों में तनाव पैदा हो गया था। हालांकि, अक्टूबर में मुइज्जू की दिल्ली यात्रा के बाद संबंधों में कुछ नरमी आई।

## न्यूज अपडेट

### देश को कमजोर करने के लिए युवाओं को नशीले पदार्थों के जरिये निशाना बनाया जा रहा: फडणवीस

**ठाणे :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि भारत एक मजबूत राष्ट्र और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है, लेकिन देश को अंदर से कमजोर करने के लिए इसके युवाओं को नशीले पदार्थों के जरिए निशाना बनाया जा रहा है। फडणवीस ने मादक पदार्थों को एक ''अदृश्य दुश्मन'' बताते हुए लोगों से इस बुराई के खिलाफ युद्ध छेड़ने और इससे सामूहिक रूप से लड़ने का आग्रह किया। फडणवीस 'नशा मुक्त नवी मुंबई' अभियान के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। यह मुंबई के उपनगर को नशा मुक्त बनाने की महत्वाकांक्षी पहल है। इस अभियान की शुरुआत नवी मुंबई पुलिस ने की है। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, ''यह नवी मुंबई पुलिस द्वारा चलाया गया सबसे महत्वपूर्ण अभियान है। लेकिन यह केवल नवी मुंबई के बारे में नहीं है। यह महाराष्ट्र और भारत के लिए एक लड़ाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत राष्ट्र और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। लेकिन जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारे युवाओं को देश को अंदर से कमजोर करने के लिए मादक पदार्थ के माध्यम से निशाना बनाया जा रहा है।''

### राज्य में जारी जातीय हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण: मणिपुर के मुख्यमंत्री

**इंफाल :** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने राज्य में जारी जातीय हिंसा को बुधवार को ''बहुत दुर्भाग्यपूर्ण'' करार देते हुए कहा कि इसमें उनकी सरकार का दोष नहीं है क्योंकि यह मेइती समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा मांगे जाने के बाद शुरू हुई थी। सिंह ने मुख्यमंत्री सचिवालय में विस्थापित हुए व्यक्तियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब राज्य मानवीय संकट का सामना कर रहा है तो कोई राजनीति नहीं की जानी चाहिए। पूर्वोत्तर राज्य में तीन मई 2023 को शुरू हुई हिंसा को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह हिंसा बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मेइती समुदाय के लोगों द्वारा एसटी दर्जे की मांग हिंसा की वजह थी। हर कोई राज्य सरकार की आलोचना कर रहा है जैसे कि इसमें हमने कोई गलती की हो।'' उन्होंने कहा, हालांकि, वास्तविकता यह है कि मणिपुर उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से मेइती लोगों द्वारा एसटी का दर्जा दिए जाने की मांग पर जवाब देने को कहा था। इसका विरोध करते हुए एक रैली आयोजित की गई और मेइती लोगों के घरों पर हमला किया गया। इस तरह हिंसा की शुरुआत हुई। मणिपुर उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम.वी. मुरलीधरन ने राज्य सरकार को 27 मार्च, 2023 को आदेश दिया कि वह ''मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने पर विचार करने के वास्ते'' केंद्र सरकार को सिफारिशें प्रस्तुत करें।''

### श्रीनगर: पाकिस्तान से तस्करी करके लाई गई आठ किलोग्राम हेरोइन जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर :** श्रीनगर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान से तस्करी करके लाई गई मादक पदार्थ की एक खेप को पकड़ा। इस संबंध में दो संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से आठ




किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। श्रीनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) इम्तियाज हुसैन ने यहां संवाददाताओं को बताया कि बरथाना क्रॉसिंग पर नियमित जांच के दौरान पुलिस ने एक वाहन को रोका जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। उन्होंने बताया कि वाहन की गहन तलाशी लेने पर चालक की सीट के नीचे छुपाई गई छह किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। एसएसपी ने बताया कि इन लोगों की तलाशी के दौरान उनके पास से दो किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान कुपवाड़ा के दिलदार तंगदार निवासी अनस अजाज अवान और कुपवाड़ा के तंगदार के छन्नीपोरा निवासी जाहिद अहमद शेख के रूप में की गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थ और अपराध में प्रयुक्त वाहन को जब्त कर लिया गया है।

## कश्मीर में ठंड बढ़ी, न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे गिरा

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी में संक्षिप्त राहत के बाद ठंड बढ़ गई है और रात का तापमान शून्य से नीचे चला गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि



आसमान साफ होने के कारण घाटी में रात का तापमान हिमांक बिंदु से नीचे चला गया है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से एक डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के 0.9 डिग्री सेल्सियस से कम है। शहर में सुबह तेज धूप निकली। उत्तरी कश्मीर में स्कीइंग गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध पर्यटक स्थल गुलमर्ग घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 9.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। गुलमर्ग में पिछली रात न्यूनतम तापमान शून्य से 6.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। दक्षिण कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए आधार शिविरों में से एक पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 8.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। पिछली रात यह आंकड़ा शून्य से 7.8 डिग्री सेल्सियस नीचे था। घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पंपोर शहर के कोनीबल में न्यूनतम तापमान शून्य से एक डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

# हंसिनी सबसे कम उम्र की अंडर-19 टेबल टेनिस राष्ट्रीय चैंपियन बनीं



**वडोदरा :** तमिलनाडु की होनहार 15 वर्षीय हंसिनी एम बुधवार को यहां अंतरराज्यीय जूनियर और युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-19 वर्ग में सबसे कम उम्र की चैंपियन बनी। हंसिनी ने फाइनल में हरियाणा की सुहाना सैनी को 4-2 से हराया। पीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल मायलापुर (चेन्नई) में कक्षा 10 की छात्रा हंसिनी ने कम उम्र में कई सफलता हासिल की है। वह भारतीय अंडर-15 युवा टीम की सदस्य थीं और उसने 2024 में 20वीं विश्व रैंकिंग हासिल की थी। वह अंडर-13 वर्ग में विश्व नंबर एक रैंक हासिल करने के अलावा 2021 में अंडर-13 राष्ट्रीय चैंपियनशिप, 2021 में होप्स टूर्नामेंट में भी खिताब जीता था। हंसिनी को भारत सरकार की खेलो इंडिया छात्रवृत्ति से वित्तीय मदद मिलता है। हंसिनी ने विश्व टेबल टेनिस यूथ कंटेंडर टूर्नामेंट में भी कई स्वर्ण पदक जीते थे।

# रोहित और कोहली को घरेलू क्रिकेट में खेलते देखना चाहते हैं शास्त्री



**नयी दिल्ली :** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री चाहते हैं कि टेस्ट क्रिकेट संघर्ष कर रहे कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज विराट कोहली रणजी ट्रॉफी खेल कर यह साबित कर सकते हैं किउनमें इस प्रारूप में सफल होने का जज्बा बरकरार है। रोहित और कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में बुरी तरह से विफल रहे। ऑस्ट्रेलिया ने भारत की लचर बल्लेबाजी का फायदा उठाते हुए इस श्रृंखला को 3-1 से जीता। भारतीय टीम के श्रृंखला गंवाने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर ने घरेलू क्रिकेट के महत्व पर जोर दिया था। भारतीय टीम अपना अगला टेस्ट इस साल जून में खेलेगी लेकिन शास्त्री का भी मानना है कि रोहित और कोहली को रणजी ट्रॉफी खेलना चाहिए। शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' मेंकहा, ''उनके खेल में अगर कोई कमी है तो उन्हें वापस जाना चाहिए और घरेलू क्रिकेट खेल कर सुधार करना चाहिये। जब आप इतने लंबे समय तक टेस्ट मैच क्रिकेट खेलते हैं तो दो कारणों से घरेलू क्रिकेट खेलना महत्वपूर्ण है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी टीम: क्या राहुल और शमी को मौका मिलेगा, अक्षर और जडेजा में से कौन ?



**सिडनी :** खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली भारतीय एक दिवसीय टीम में बल्लेबाजी की धुरी होंगे लेकिन कम से कम तीन सीनियर खिलाड़ी ऐसे हैं जिनके नाम पर चयनकर्ताओं को माथापच्ची करनी होगी जब वे चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे। केएल राहुल, मोहम्मद शमी और रविंद्र जडेजा की 19 फरवरी से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट के लिये टीम में जगह पक्की नहीं है हालांकि वे पिछले साल विश्व कप टीम का हिस्सा थे। फाइनल के बाद से भारत ने छह वनडे खेले हैं जिसमें शमी और जडेजा को आराम दिया गया लेकिन राहुल को दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका में द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में टीम में जगह मिली। श्रीलंका के खिलाफ राहुल को श्रृंखला के बीच से बाहर किया गया। आस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को मिली हार के प्रमुख कारणों में सौ से अधिक गेंदों में उनका अर्धशतक शामिल था। समझा जाता है कि यशस्वी जायसवाल को वनडे टीम में जगह मिलने की संभावना है। इससे शीर्ष चार में बायें हाथ का एक बल्लेबाज होगा। ऋषभ पंत अगर विकेटकीपिंग के लिये पहली पसंद होते हैं तो राहुल को बैकअप रखने का कोई मतलब नहीं है। राहुल अगर विकेटकीपिंग नहीं कर रहे हैं तो बतौर बल्लेबाज टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है। उनके करीबी प्रतिद्वंद्वियों में ईशान किशन ने विजय हजारे ट्रॉफी में रन नहीं बनाये जबकि संजू सैमसन को शुरूआती मैचों से बाहर रहने के बाद केरल टीम में चुना नहीं गया। कोच गौतम गंभीर की अगर चयन मामलों में अभी भी चलती है तो सैमसन उनके पसंदीदा होने के कारण टीम में आ सकते हैं। भारत को चैम्पियंस ट्रॉफी में अपने मैच दुबई में खेलने हैं और बांग्लादेश के खिलाफ पहला मैच 20 फरवरी को खेला जायेगा। भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में खेलने से इनकार किया है। सफेद गेंद के प्रारूप में जडेजा का फॉर्म उतना अच्छा नहीं रहा है और सूत्रों का मानना है कि चयन समिति को वनडे में अक्षर पटेल बेहतर विकल्प लगते हैं। वॉशिंगटन सुंदर का चयन तय लग रहा है लेकिन कुलदीप यादव की फिटनेस पर चयनकर्ता नजर रखे हुए हैं। वह पूरी तरह फिट लग रहे हैं लेकिन विजय हजारे ट्रॉफी में एक भी मैच नहीं खेला। उनके नहीं खेलने पर रवि बिश्नोई या वरूण चक्रवर्ती को मौका मिल सकता है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर चयन समिति के सामने तस्वीर स्पष्ट नहीं है। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में पिछले दो मैचों में आठ आठ ओवर फेंके। अगर जसप्रीत बुमराह कमर की तकलीफ के कारण नहीं खेल पाते हैं तो शमी का अनुभव काफी उपयोगी साबित हो सकता है। रिजर्व बल्लेबाजों में रिंकू सिंह और तिलक वर्मा में से एक विकल्प हो सकता है। चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में चयन के दावेदार : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वरूण चक्रवर्ती या रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, आवेश खान या मोहम्मद शमी, रिंकू सिंह या तिलक वर्मा।

## बीजीटी : सिडनी की पिच संतोषजनक, बाकी पिचों को आईसीसी ने बेहतरीन रेटिंग दी

**सिडनी :** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की पांच में से चार पिचों को आईसीसी ने 'बेहतरीन' करार दिया है जबकि सिडनी में पांचवें और आखिरी टेस्ट की पिच को 'संतोषजनक' रेटिंग मिली है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पांच मैचों की श्रृंखला आस्ट्रेलिया ने 3-1 से जीती और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिये भी क्वालीफाई किया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'पर्थ स्टेडियम, एडीलेड ओवल, गाबा और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिचें बहुत अच्छी थी।' इसमें आगे कहा गया, 'आखिरी टेस्ट के लिये सिडनी की पिच संतोषजनक थी जो आईसीसी के पैमाने पर दूसरी सर्वोच्च रेटिंग है।' सिडनी की पिच इस बार गेंदबाजों की मददगार थी और दोनों पारियों में बल्लेबाज जूझते नजर आये।

## न्यूज अपडेट

### बुमराह गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार



**दुबई :** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपनी बादशाहत जारी रखते हुए करियर की सर्वश्रेष्ठ 908 रेटिंग से गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान कायम रखा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले 907 अंक से किसी भी भारतीय गेंदबाज की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रैंकिंग रेटिंग का रिकॉर्ड बनाने वाले बुमराह ने एससीजी में पहली पारी में दो विकेट लेने के बाद अपनी रेटिंग में एक अंक का सुधार किया। हालांकि पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके जिससे उनकी भूमिका सिर्फ बल्लेबाजी तक सीमित रही। बायें हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा एक पायदान के सुधार के साथ संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गये, वह शीर्ष 10 में बुमराह के साथ दूसरे भारतीय हैं। जडेजा ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के साथ संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर हैं। बोलैंड सिडनी में शानदार प्रदर्शन के बूते 29 पायदान के सुधार के साथ शीर्ष 10 में पहुंच गये हैं। सिडनी में बोलैंड ने 10 विकेट (31 रन देकर चार विकेट और 45 रन देकर छह विकेट) झटके। उनका प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम रहा जिससे टीम एक दशक के इंतजार के बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी हासिल करने में सफल रही।

### न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**ऑकलैंड :** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की लेकिन यह 38 वर्षीय खिलाड़ी दुनिया भर की टी20 लीग में खेलना जारी रखेगा। आखिरी बार 2022 में न्यूजीलैंड के लिए खेलने वाले गुप्टिल वर्तमान में इस सत्र के सुपर स्मैश में ऑकलैंड एसेस का नेतृत्व कर रहे हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी एक बयान में गुप्टिल ने कहा, 'तब मैं बच्चा था तो न्यूजीलैंड के लिए खेलना हमेशा मेरा सपना था। मैं अपने देश के लिए 367 मैच खेलने से भाग्यशाली और गौरवान्वित महसूस करता हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं उन यादों को हमेशा संजो कर रखूंगा जो मैंने शानदार खिलाड़ियों के साथ खेलकर बनाई हैं।' गुप्टिल ने 47 टेस्ट खेले हैं। लेकिन वनडे में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है जिसमें उन्होंने 198 मैच में 18 शतक और 39 अर्द्धशतक के साथ 7346 रन बनाए हैं। दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के लिए 122 टी20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने दो शतक और 20 अर्द्धशतक के साथ 3531 रन बनाए। गुप्टिल वनडे पदार्पण में शतक बनाने वाले न्यूजीलैंड के पहले खिलाड़ी हैं। वह आईसीसी विश्व कप 2015 के दौरान वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले न्यूजीलैंड के पहले खिलाड़ी भी बने जब उन्होंने वेलिंगटन में वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 237 रन की पारी खेली।



# भारत को एआई के लिए बुनियादी मॉडल बनाना चाहिए, पर निवेश है बाधा: नडेला

**नयी दिल्ली :** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने बुधवार को यहां कहा कि भारत को कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करना चाहिए और आधारभूत मॉडल तैयार करना चाहिए। हालांकि, उन्होंने कहा कि निवेश ही इसमें प्रवेश की वास्तविक बाधा है और मात्र एक गणितीय सफलता इसे पूरी तरह बदल सकती है। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया एआई टूर के दूसरे दिन नडेला ने कहा कि भारत भारतीय भाषाओं के क्षेत्र में और एआई का उपयोग करके अपने उद्य-ोगों में बदलाव लाने में बड़ा काम



कर सकता है। ऐसा कोई कारण नहीं है कि भारत इसकी अगुवाई न कर सके। आप इसे बहुत ही अनोखे ढंग से परिभाषित भी कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, मुझे नहीं लगता कि एआई के मोर्चे पर अभी तक आखिरी कोई ज्ञात सफलता सामने आई हो। मैं हमेशा कहता हूं कि हम एक गणितीय सफलता से दूर हैं। उन्होंने कहा कि भारत में शिक्षाविदों, माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च जैसी अनुसंधान इकाइयों की गणित टीम और एल्गोरिदम टीम बहुत शानदार हैं। नडेला ने कहा, आइए, स्पष्ट रूप से, जिसे 'फ्रंटियर' माना जाता है, उससे बंधे न रहें। इसलिए मैं कहूंगा कि भारत को निश्चित रूप से अगुवा के रूप में कार्य करना चाहिए। प्रशिक्षण के बाद इसका उपयोग भारतीय भाषाओं के लिए इसे बेहतर बनाने, भारतीय उद्योग के लिए इसे बेहतर बनाने आदि के लिए भी किया जाना चाहिए। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अभिषेक सिंह ने पूछा कि क्या भारत को अपना स्वयं का एआई का बुनियादी मॉडल बनाना चाहिए, इसके जवाब में नडेला ने कहा कि भारत के पास ऐसा करने का विकल्प हमेशा मौजूद है, लेकिन आधारभूत मॉडल बनाने में वास्तविक प्रवेश बाधा निवेश है। उन्होंने कहा कि निवेश बाधा को देखने का दूसरा तरीका अनुसंधान की मदद से लागत को कम करना है, जो भारत के लिए हमेशा खुला है।

### रुपया 17 पैसे टूटकर 85.91 प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद

**मुंबई :** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार दूसरे कारोबारी सत्र बुधवार को 17 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 85.91 प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर आ गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने के बीच रुपये में यह बड़ी गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में सुस्त धारणा और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी से भी रुपये पर असर पड़ा है। वहीं निवेशक सरकार द्वारा आर्थिक वृद्धि के कमजोर अनुमान को लेकर सतर्क बने रहे।

### ओएनजीसी का शेयर तीन प्रतिशत चढ़ा, बाजार मूल्यांकन 9,749.72 करोड़ रुपये बढ़ा

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के शेयर में बुधवार को तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। ब्रिटेन की बीपी पीएलसी ने ओएनजीसी के विशाल मुंबई हाई तेल और गैस क्षेत्र के लिए बोली जीती है। बीपी ने 10 साल की अवधि में कच्चे तेल के उत्पादन में 44 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में 89 प्रतिशत की वृद्धि की पेशकश की है। बीएसई पर कंपनी का कंपनी का शेयर 2.94 प्रतिशत की तेजी के साथ 271.25 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 3.77 प्रतिशत की तेजी के साथ 273.45 रुपये पर पहुंच गया था। एनएसई पर कंपनी का शेयर तीन प्रतिशत की तेजी के साथ 271.50 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 9,749.72 करोड़ रुपये बढ़कर 3,41,240.07 करोड़ रुपये हो गया।

### शेयर बाजार को जानकारी दिये बिना सोशल मीडिया पर सूचना देने को लेकर ओला इलेक्ट्रिक को चेतावनी

नयी दिल्ली : बाजार नियामक सेबी ने सूचीबद्धता नियमों का उल्लंघन करने के लिए ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को चेतावनी दी है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अनुसार, ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने शेयर बाजारों को सूचित करने से पहले सोशल मीडिया पर स्टोर विस्तार योजनाओं को साझा करके सूचीबद्धता नियमों का उल्लंघन किया है। सेबी ने कंपनी को लिखे एक पत्र में 20 दिसंबर, 2024 तक कंपनी के स्वामित्व वाले स्टोर नेटवर्क के चार गुना विस्तार की योजना के प्रचारित-प्रसारित करने पर आपत्ति जताई है।

### छोटे किसानों की आय बढ़ाने, खाद्य सुरक्षा के लिए हाइब्रिड तकनीक महत्वपूर्ण: पी के मिश्रा

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने बुधवार को कहा कि हाइब्रिड फसल तकनीक, कृषि क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों खासकर छोटे किसानों को सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इससे भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि की हिस्सेदारी वर्ष 1977 के 42 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2023-24 में 18 प्रतिशत रहने के बावजूद, यह क्षेत्र समावेशी वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। इसका कारण देश का 46 प्रतिशत कार्यबल अब भी इस पर निर्भर हैं, जबकि वर्ष 1977 में यह 70 प्रतिशत था।

## वाणिज्य मंत्रालय ने नवंबर के सोने के आयात आंकड़ों को पांच अरब डॉलर घटाया

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य मंत्रालय ने नवंबर महीने के सोने के आयात के आंकड़े संशोधित करते हुए इन्हें पांच अरब डॉलर घटाकर 9.84 अरब डॉलर कर दिया है। ऐसा संभवतः आयात के दोहरे लेखांकन को दुरुस्त करने के लिए किया गया है। वाणिज्य मंत्रालय के तहत संचालित वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएस) ने ये संशोधित आंकड़े जारी किए हैं। नवंबर महीने में सोने के आयात संबंधी आंकड़ों की नए सिरे से गणना के बाद यह संशोधन किया गया है। इसके साथ अप्रैल, 2024 से सोने के आयात आंकड़ों में भी कटौती की गई है जिससे 2024-25 के पहले आठ महीनों में लगभग 11.7 अरब डॉलर का अतिरिक्त आयात सामने आया है। पिछले महीने जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में देश का स्वर्ण आयात 14.86 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया, जो चार गुना वृद्धि दर्शाता है। आयात में तेज उछाल ने व्यापार घाटे को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा दिया था। देश का व्यापार घाटा नवंबर में रिकॉर्ड 37.84 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। सोने के आयात में असामान्य उछाल दर्शाने वाले आंकड़े सामने आने के बाद वाणिज्य मंत्रालय यह जांच कर रहा था कि इन आंकड़ों के संकलन या गणना में कोई गलती तो नहीं हुई थी। कोलकाता स्थित डीजीसीआईएस व्यापार सांख्यिकी और वाणिज्यिक सूचनाओं के संग्रह, संकलन और प्रसार के लिए काम करने वाला संगठन है।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 51 अंक टूटा, निफ्टी में भी मामूली नुकसान

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बुधवार को बीएसई सेंसेक्स मामूली 51 अंक के नुकसान में रहा। एनएसई निफ्टी में भी गिरावट हल्की रही। आर्थिक वृद्धि दर में कमी के अनुमान के बीच कंपनियों के तिमाही नतीजों से पहले निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। कारोबारियों के अनुसार, रुपये की विनिमय दर में गिरावट तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से भी धारणा कमजोर रही। हालांकि, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेज गिरावट पर अंकुश लगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 50.62 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,148.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 712.32 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 18.95 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 23,688.95 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'आर्थिक वृद्धि दर धीमी पड़ने के अनुमान तथा तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों से पहले बाजार में उतार-चढ़ाव आया। हालांकि, निचले स्तर पर प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में सुधार आया। इसके अलावा, नरम पड़ती अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बजट में सुधारों को आगे बढ़ाने की उम्मीद से भी बाजार पर सकारात्मक असर पड़ा।'

## एलआईसी बीमा सखी योजना के तहत एक महीने के भीतर 50,000 से अधिक पंजीकरण

**नयी दिल्ली :** एलआईसी की बीमा सखी योजना में एक महीने के भीतर 50,000 से अधिक पंजीकरण हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला सशक्तीकरण के माध्यम से विकसित भारत की दिशा में एक पहल के रूप में इस योजना की शुरुआत की थी। एलआईसी ने बुधवार को बयान में कहा कि योजना शुरू होने के एक माह पूरे होने के बाद बीमा सखी के लिए कुल पंजीकरण आंकड़ा 52,511 पर पहुंच गया है। इनमें से 27,695 बीमा सखियों को पॉलिसी बेचने के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं और 14,583 बीमा सखियों ने




पॉलिसी बेचना शुरू कर दिया है। एलआईसी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सिद्धार्थ मोहंती ने कहा, ''हमारा उद्देश्य एक वर्ष के भीतर देश की प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक बीमा सखी की भर्ती करना है।'' उन्होंने कहा कि एलआईसी उचित कौशल के साथ महिलाओं को तैयार कर और उन्हें डिजिटल उपकरणों के साथ सशक्त बनाकर बीमा सखी धारा को मजबूत कर रही है। इस योजना में पॉलिसी की बिक्री पर अर्जित कमीशन के अलावा तीन साल के लिए मासिक मानदेय का लाभ भी शामिल है। योजना के अनुसार, प्रत्येक बीमा सखी को पहले वर्ष में 7,000 रुपये, दूसरे वर्ष में 6,000 रुपये प्रति माह और तीसरे वर्ष में 5,000 रुपये प्रति माह का मासिक मानदेय प्रदान किया जाएगा।

### सोना फिर 80,000 रुपये के स्तर पर पहुंचा, चांदी में 500 रुपये की तेजी

**नयी दिल्ली :** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लिवाली से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 80,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गईं। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना 300 रुपये बढ़कर करीब एक महीने के उच्चस्तर 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह मंगलवार के पिछले सत्र में 79,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 300 रुपये बढ़कर 79,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को सोना 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

स्थापित : 1956
हरियाणा नागरिक संघ
119, कॉटन स्ट्रीट, कोलकाता-7, फोन : 2218 7065
गंगासागर मेला सेवा शिविर-2025
उद्घाटन समारोह : शुक्रवार, 10.01.2025 ● सायं 4 बजे
मोहनबगान क्लब के बगल में, आउटराम घाट
दिनांक 9 जनवरी से 16 जनवरी 2025 तक अनवरत सेवारत
शिविर में चाय-बिस्कुट, कच्ची रसोई, दाल, भात, सब्जी, पूड़ी, प्राथमिक चिकित्सा एवं मोबाईल चार्ज की व्यवस्था रहेगी।
समारोह अध्यक्ष : श्री दीनदयाल गुप्ता (सुप्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति)
प्रधान अतिथि : श्री पवन कुमार अग्रवाल (सुप्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति)
उद्घाटनकर्ता : श्री ललित बेरीवाल (सुप्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति)
प्रधान वक्ता : डॉ. सांवर धनानिया (चेयरमैन, रबरबोर्ड इंडिया)
विशिष्ट अतिथि : श्री महेश कुमार अग्रवाल (सुप्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति)
श्री बनवारीलाल सोती (सुप्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति)
श्री बृजमोहन बेरीवाल (सुप्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति)
आपकी उपस्थिति, मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहयोग हेतु प्रतिदिन सेवार्थ आमंत्रण
सुरेश गुप्ता, चेयरमैन, संरक्षक मंडल | सुभाष जैन, चेयरमैन, स्कूल कमेटी | बाबूलाल धनानिया, सभापति
मानद सचिव : गोरधन निगानियां
संयोजक : द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, मोहन गोयल, विजय खोरड़िया
कमलेश (बिक्की) हेतमपुरिया, नवीन कानोड़िया,

स्थापित-१९९० ।। सेवा ही परम धर्म ।। रजि० संख्या- एस/64811
गंगासागर तीर्थ यात्री सेवा शिविर - २०२५
साहू समाज
मध्य कलकत्ता साहू समाज
१०६ / २ए, राजा राम मोहन सरणी, कलकत्ता - ७०० ००९
(पश्चिम बंगाल तैलिक साहू सभा से सम्बद्ध संस्था)
उद्घाटन समारोह : शुक्रवार १० जनवरी २०२५ सायं ३.०० बजे समापन समारोह : गुरुवार १६ जनवरी २०२५ सायं ३.०० बजे
स्थान : आउट राम घाट (मोहन बगान मैदान के पीछे) इडेन गार्डेन गेट नं० १ के सामने में, कैंप नं-२१
महोदय,
मध्य कलकत्ता साहू समाज सेवा कार्यों में एक अग्रणी संस्था है। हम विगत ३५ वर्षों से गंगा सागर तीर्थ यात्रियों को विविध सेवार्थ गंगा सागर सेवा शिविर का आयोजन आप सभीके सहयोग से करते आ रहे है।
आप सभी धर्म प्रेमी सज्जन, मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहयोग हेतु सेवा शिविर उद्घाटन कार्यक्रम मे स्वपरिवार आमंत्रित है।
उदघाटन कर्ता: श्री रूपचन्द्र प्रसाद (अध्यक्ष पं० ब० तैलिक साहू सभा) प्रधान अतिथि: श्री राजेन्द्र प्रसाद साव (महामंत्री साहू समाज ट्रस्ट)
सभापति: श्री शम्भुनाथ गुप्ता (चेयरमैन, मध्य कलकत्ता साहू समाज) प्रधान वक्ता: श्री भगवान दास आर्य (कार्यवाहक अध्यक्ष पं० ब० तैलिक साहू सभा)
: विशिष्ट अतिथिगण:
श्री एम. एल. साव (महामंत्री पं० ब० तैलिक साहू सभा)
श्री अनिल राव (सम्पादक समज्ञा)
श्री रवीन्द्र गोराई (सलाहकार अ. भा. तैलिक साहू महासभा)
श्री तारक नाथ त्रिवेदी (अध्यक्ष संयुक्त समिति)
श्री शिव शंकर गुप्ता (उपाध्यक्ष अ. भा. तैलिक साहू महासभा)
श्री शम्भु साव (अपर महामंत्री प.ब. तैलिक साहू सभा)
श्री विजय साव (युग्म सचिव प.ब. तैलिक साहू सभा)
श्री सुरेश प्रसाद गुप्ता (युग्म सचिव प.ब. तैलिक साहू सभा)
श्री अशोक साव (अध्यक्ष हावड़ा जिला, प.ब. तैलिक साहू सभा)
श्री शंकर गुप्ता (अध्यक्ष भवानीपुर साहू समाज दक्षिण २४ परगना जिला, प.ब. तैलिक साहू सभा)
श्री सरजू प्रसाद साव (अध्यक्ष उत्तर २४ परगना जिला, प.ब. तैलिक साहू सभा)
श्री अशोक कुमार साव (अध्यक्ष कोलकाता जिला, प.ब. तैलिक साहू सभा)
श्री दुर्गाप्रसाद साव (अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ प.ब. तैलिक साहू सभा)
श्री रामचन्द्र साव (जय माता दी सेवा समिति, पाठकपाड़ा)
श्री प्रभुनाथ साव (जय माता दी सेवा समिति, पाठकपाड़ा)
श्री रामजीत साव (गुआ बगान)
श्री जगदीश प्रसाद साव (बंग साहू समाज)
श्री सुखदेव साव (अध्यक्ष, बाकड़ा साहू समाज)
श्री विनोद साव (अध्यक्ष हावड़ा साहू समाज)
श्री रामेश्वर साव (अध्यक्ष हावड़ा भारतीय साहू समाज)
श्रीमती सुनीता गुप्ता (अध्यक्षा महिला प्रकोष्ठ प.ब. तैलिक साहू समाज)
श्री राज कुमार साव (अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ प.ब. तैलिक साहू समाज)
श्री विकाश जयसवाल (प्रसिद्ध व्यवसायी समाजसेवी मानिकतला)
श्री शिशिर गुप्ता (प्रसिद्ध व्यवसायी समाजसेवी)
श्री संदीप कुमार शाह (प्रसिद्ध व्यवसायी समाजसेवी)
श्री अमित जैन (प्रसिद्ध व्यवसायी समाजसेवी)
श्री अनिल साई (प्रसिद्ध व्यवसायी समाजसेवी मानिकतला)
श्री लालता प्रसाद गुप्ता (प्रसिद्ध व्यवसायी समाजसेवी मानिकतला)
श्री जयप्रकाश गुप्ता (प्रसिद्ध व्यवसायी समाजसेवी)
श्री गणेश साव (अध्यक्ष साल्टलेक साहू समाज साल्टलेक)
श्री आनन्द प्रकाश गुप्ता (प्रसिद्ध व्यवसायी सामाजसेवी, हावड़ा)
सहयोगी संस्था : जय माता दी सेवा समिति, (पाठक पाड़ा रोड, बेहाला), साल्टलेक साहू समाज
बंग साहू समाज, बांकड़ॉ साहू समाज, हावड़ा भारतीय साहू समाज, हावड़ा साहू समाज, भवानीपुर साहू समाज एवं सभी साहू समाज के आंचलिक संस्थाए।
आप की उपस्थिति, मार्ग दर्शन एवं आर्थिक सहयोग हेतु सभी कार्यक्रमों में प्रतिदिन सेवार्थ आमंत्रित है।
चेयरमैन श्री शम्भूनाथ गुप्ता | अध्यक्ष श्री गोवर्धन गुप्ता | कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनोद कुमार गुप्ता
महामंत्री श्री महेन्द्र गुप्ता | कोषाध्यक्ष श्री संतोष कुमार गुप्ता | उपकोषाध्यक्ष श्री दिलीप कुमार गुप्ता

वर्ष 9, पूर्णांक 4114 अंक 264, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in